आषाढ़ कृष्ण पक्ष सप्तमी 01:35
उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 18 जून 2025
वर्ष 35, अंक 142, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

हताशा में कांग्रेस कर रही झूठा प्रचार : भाजपा 12

सीतारमण ने लद्दाख में परियोजना स्थल का किया दौरा 14

एक नजर

भाजपा नेता हमला मामले में चार और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र

नई दिल्ली। एनआईए ने पिछले साल पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता प्रियंगु पांडे पर भीड़ द्वारा किए गए हमले के मामले में चार और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया है जिसमें चारों पर हमले की साजिश में संलिप्त होने का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को कोलकाता की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल तीसरे पूरक आरोपपत्र में पवित्र प्रसाद उर्फ सुजल, मोहम्मद टीपू उर्फ टिपुआ, मोहित महतो उर्फ साही और मोहम्मद जावेद पर भारतीय न्याय संहिता, शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

नक्सलियों ने तीन ग्रामीणों की हत्या की

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा तीन ग्रामीणों की गला घोंटकर हत्या करने की घटना सामने आई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली है कि नक्सलियों ने आज शाम पेद्दाकोरमा (नयापारा) निवासी तीन व्यक्तियों की रस्सी से गला घोंटकर कर हत्या कर दी है। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया है। ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बनाने के उद्देश्य से नक्सलियों ने निर्दोष ग्रामीणों की हत्या की है।

ट्रंप का अल्टीमेटम- आत्मसमर्पण करे ईरान

जी-7 सम्मेलन छोड़कर अमेरिका लौटे, तेहरान खाली करने की चेतावनी दी

दुबई, एजेंसी

इजराइल और ईरान के बीच बढ़े सैन्य तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जी 7 सम्मेलन छोड़कर अमेरिका लौट गए। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए साफ किया कि ईरान से आब कोई बात नहीं होगी। ईरान को आत्मसमर्पण करना होगा। ट्रंप ने तेहरान के लोगों को शहर खाली करने की भी चेतावनी दी।

ट्रंप ने कनाडा में जारी जी-7 शिखर सम्मेलन को छोड़कर वाशिंगटन लौटते हुए एक संदेश में लिखा, ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता। उन्होंने अपने संदेश में कहा, सभी को तेहरान तत्काल खाली कर देना चाहिए। बाद में ट्रंप ने इस बात से इनकार किया कि वह संघर्ष विराम पर काम करने के लिए जल्दबाजी में लौटे हैं। वाशिंगटन लौटते समय एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, मैं संघर्ष विराम की तरफ नहीं देख रहा हूं। हम उससे भी बेहतर चीज की तरफ देख रहे हैं।

'एयर फोर्स वन' में सवार पत्रकारों ने ट्रंप से पूछा कि उन्होंने तेहरान को खाली करने का अनुरोध क्यों किया, इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं बस यही चाहता हूं कि लोग सुरक्षित रहें। इससे पहले, इजराइली सैन्य बलों ने तेहरान के एक मध्यवर्ती इलाके के लगभग 3,30,000 निवासियों से इलाके को खाली करने की अपील की थी। इजराइल ने मंगलवार को दावा किया कि उसने ईरान के उच्च पदस्थ जनरल अली शादमानी को मार गिराया है, जिन्हें हाल ही में खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय का प्रमुख नियुक्त किया गया था।

कनाडा में जी-7 छोड़कर जाते राष्ट्रपति ट्रंप।

इजराइल के हमलों के बाद तेहरान के हाईवे पर लगा लंबा जाम।

भारतीयों से तुरंत तेहरान छोड़ने की अपील

तेहरान। ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष तेज होने की पृष्ठभूमि में तेहरान में सभी भारतीय नागरिकों को मंगलवार को शहर से बाहर सुरक्षित स्थानों पर जाने और दूतावास से संपर्क में रहने का परामर्श जारी किया गया है। तेहरान में भारतीय दूतावास ने कहा, सभी भारतीय नागरिक जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान तथा संपर्क नंबर प्रदान करें। भारतीय मिशन ने सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) को यह सलाह भी दी है कि जो अपने स्वयं के संसाधनों से तेहरान से बाहर जा सकते हैं, वे शहर के बाहर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष तेज हो गया है तथा उन्होंने पांचवें दिन भी एक दूसरे पर हमले किए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान और इजराइल में जारी घटनाक्रम के मद्देनजर मंत्रालय में 24 घंटे संचालित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

ट्रंप ने कहा- मैं जानता हूं, कहां छिपे हैं खामेनेई

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका जानता है कि ईरान के शीर्ष (धार्मिक) नेता अयातुल्ला अली खामेनेई कहां छिपे हैं, लेकिन वह फिलहाल उन्हें मारना नहीं चाहता। ट्रंप ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने का आग्रह किया, क्योंकि पांच दिन से जारी संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है।

110 छात्र सीमा पार आर्मेनिया पहुंचे

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि तेहरान में मौजूद भारतीय छात्रों को सुरक्षा कारणों से बाहर निकाल लिया गया है और उनमें से 110 लोग सीमा पार कर आर्मेनिया पहुंच गए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि परिवहन के हिसाब से जो लोग स्वयं इंतजाम कर सकते हैं उन्हें भी हालात को देखते हुए शहर से बाहर चले जाने की सलाह दी गई है।

जी-7 सम्मेलन में पहुंचे मोदी, कई देशों के नेताओं से की मुलाकात

कैलगरी (कनाडा), एजेंसी

कनैनिस्किस में हो रहे जी-7 शिखर सम्मेलन में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मंगलवार को कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने स्वागत किया। मोदी ने सम्मेलन से इतर दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के नेताओं से मुलाकात की।

अधिकारियों ने बताया कि जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनैनिस्किस पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने ली जे-म्यांग के साथ बातचीत की। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने व्यापार और अर्थव्यवस्था, महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों, हरित हाइड्रोजन, जहाज निर्माण, संस्कृति एवं अन्य क्षेत्रों में साझेदारी के माध्यम से सहयोग के नए रास्ते तलाश कर भारत-दक्षिण कोरिया विशेष रणनीतिक साझेदारी को प्रगाढ़ करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। मोदी ने मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम पार्डो से मुलाकात की और 'ग्लोबल साउथ' की प्राथमिकताओं सहित प्रमुख वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर दृष्टिकोण साझा किए। दोनों नेताओं के बीच यह पहली बैठक थी।

प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी।

- **कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने किया स्वागत, मैक्सिको की राष्ट्रपति से ग्लोबल साउथ पर चर्चा**

कनाडा चाहता है संबंधों में सुधार

जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मोदी को कार्नी द्वारा दिया गया आमंत्रण, नई सरकार की भारत के साथ संबंधों को सुधारने की मंशा का संकेत है जो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए थे।

डीआरडीओ और आईआईटी दिल्ली की क्वांटम संचार में बड़ी सफलता

नई दिल्ली, एजेंसी

- **राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा, बैंकिंग और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में डेटा सुरक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली ने क्वांटम संचार के क्षेत्र में एक बड़ी प्रायोगिक सफलता हासिल की है। इससे भारत भविष्य में साइबर सुरक्षा के लिए क्वांटम तकनीक का उपयोग करने की दिशा में अग्रसर हो जाएगा।

रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह उपलब्धि एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक फ्री-स्पेस ऑप्टिकल लिंक के माध्यम से क्वांटम 'एंटैंगलमेंट' पर आधारित सुरक्षित संचार स्थापित कर प्राप्त की गई, जो आईआईटी-दिल्ली परिसर में किया गया।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए डीआरडीओ और आईआईटी-दिल्ली को बधाई देते हुए कहा कि यह भविष्य के युद्ध और संचार सुरक्षा के लिए महत्वपूर्व साबित होगा। यह तकनीक भविष्य में क्वांटम इंटरनेट और क्वांटम नेटवर्क जैसी प्रणालियों के लिए रास्ता तैयार करेगी। इसे प्रो. भास्कर कंसेरी के अनुसंधान समूह ने वरिष्ठ वैज्ञानिकों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया। क्वांटम संचार की यह तकनीक राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा, बैंकिंग और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में डेटा सुरक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम मानी जा रही है।

बारिश, वज्रपात और आंधी की चेतावनी

लखनऊ : मानसून के प्रवेश से पहले प्रदेश में बारिश, वज्रपात व आंधी की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। प्रदेश में 19 से 21 जून के बीच भारी बारिश होने की संभावना भी बताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, 18 जून को उप्र. में मानसून का प्रवेश होगा। इस बीच प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इनमें कानपुर, उन्नाव, मैनपुरी, कासगंज, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, फिरोजाबाद, एटा, बस्ती, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, गोरखपुर, औरैया, आजमगढ़, कन्नौज, इटावा, अमेठी, बहराइच, गोंडा, मऊ, सहारनपुर जिले शामिल हैं।

एअर इंडिया की सात अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द

मुंबई, एजेंसी : एअर इंडिया ने मंगलवार को विभिन्न कारणों और अपने विमान बेड़े की बढ़ी हुई जांच के चलते लंदन-अमृतसर और दिल्ली-दुबई समेत सात अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। विमानन कंपनी के अनुसार, रद्द की गई एअर इंडिया की अन्य उड़ानें बेंगलुरु-लंदन, दिल्ली-वियना, दिल्ली-पेरिस और मुंबई-सैन फ्रांसिस्को हैं। इससे पहले, दिन में अहमदाबाद से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे तक जाने वाली एआई-159 उड़ान रद्द कर दी गई है। विमान को सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से अपराह्न तीन बजे उड़ान भरनी थी।

पेपर लीक का मुख्य आरोपी आयुष गिरफ्तार

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने आरओ/एआरओ भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी व एक लाख के इनामी आयुष पांडेय को गिरफ्तार किया। आरोपी को कौशांबी के मंझनपुर स्थित करवरिया शुगर मिल के पास से मंगलवार दोपहर दबोचा गया। मऊ निवासी आयुष ने बताया कि वह प्रयागराज के एक कोचिंग संस्थान में पढ़ाता था। इसी दौरान आरओ/एआरओ की परीक्षा की तैयारी कराने वाले नवीन सिंह से मुलाकात हुई। परीक्षा के पेपर को पांच-पांच लाख रुपये में अभ्यर्थियों को देने की बात की थी। कई परिचित अभ्यर्थियों को यह पेपर दिया गया था।

बंदूक तानकर फिल्म देखने से नहीं रोक सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

कमल हासन फिल्म विवाद

- **सुप्रीम कोर्ट की कर्नाटक सरकार को फटकार**
- **कहा- ठग लाइफ की रिलीज करें सुनिश्चित**

उच्चतम न्यायालय ने अभिनेता कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ को राज्य के सिनेमाघरों में प्रदर्शित नहीं किए जाने को लेकर कर्नाटक सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर हंगामा करने इजाजत नहीं दी जा सकती। ठग लाइफ को रिलीज करना सुनिश्चित किया जाए।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि कानून का शासन स्थापित किया जाना चाहिए और लोगों को फिल्म देखने से रोकने के लिए उनके सिर पर बंदूक नहीं तानी जा सकती। हम भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर कब्जा करने की इजाजत नहीं दे सकते। अगर किसी ने कोई बयान दिया है, तो उसका जवाब बयान से दीजिए। अगर किसी ने कुछ लिखा है, तो आप उसका जवाब कुछ लिखकर दे सकते हैं। उन्होंने वकील को 18 जून तक मामले पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि भले ही फिल्म प्रदर्शित होने पर लोग इसे न देखें, लेकिन उन्हें इस डर में नहीं रखा जा सकता कि सिनेमाघर जला दिए जाएंगे। कर्नाटक में फिल्म प्रदर्शित न किए जाने को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता एम महेश रेड्डी की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ए वेलम ने कहा कि राज्य ने धमकी देने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं की है। न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि कानून के शासन के मुताबिक, सीबीएफसी से प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुकी कोई भी फिल्म अवश्य रिलीज होनी चाहिए।

अब प्रदेश की 57691 ग्राम पंचायतों में होगा चुनाव

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पंचायती राज निदेशालय ने राज्य निर्वाचन आयोग को भेजी रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **503 ग्राम प्रधान समेत ग्राम पंचायत सदस्य, बीडीसी और जिला पंचायत सदस्यों की संख्या भी घटी**

अमृत विचार: त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पंचायती राज निदेशालय ने मतदान में हिस्सा लेने वाले गांवों की तस्वीर साफ कर दी है। वर्ष 2021 के चुनाव में 58,194 ग्राम पंचायतें थीं, अगले साल होने वाले चुनाव में अब 57,691 ग्राम पंचायतों से ही मतदान होगा।

नगरीय इलाकों के विस्तार से 503 ग्राम प्रधान समेत ग्राम पंचायत सदस्य, बीडीसी व जिला पंचायत सदस्य पदों की संख्या भी घट गई है। हालांकि ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष पदों की संख्या यथावत है। राज्य निर्वाचन आयोग ने अगले वर्ष 2026 में त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव कराने को लेकर पंचायती राज विभाग से ग्राम पंचायतों की परिसीमन रिपोर्ट मांगी थी। पिछले आम चुनाव वर्ष 2021 में 58,194 ग्राम पंचायतों से प्रधान, 7,31,813 ग्राम पंचायत सदस्य, 75,808 क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) और 3,051 जिला पंचायत सदस्य (महा प्रधान) चुने गए थे। बाद में संबंधित ब्लाकों के बीडीसी ने 826 ब्लाक प्रमुख और महा प्रधानों ने अपने-अपने जिले के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव किया था। हांलाकि इन दोनों पदों पर राज्य के सत्ताधारी दल ने विपक्ष को करारी मात दी थी। तब धन और बाहुबल से चुनाव प्रभावित करने को लेकर खूब आरोप-प्रत्यारोप भी सुर्खियां बने थे। इसबार भी भाजपा से सपा की सीधी लड़ाई के आसार हैं। इसबार 57,691 ग्राम प्रधान, 826 ब्लॉक प्रमुख, 3200 जिला पंचायत सदस्य और 75 जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए चुनाव होने हैं।

पुनरीक्षण की तैयारी

राज्य निर्वाचन आयोग ने जिलाधिकारियों को त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव-2026 के मद्देनजर निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के निर्देश दिए हैं। 78 पेज की पुस्तिका में राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह ने अधिकारियों के दायित्व, से लेकर अंतिम प्रकाशन और बीएलओ एप संचालित करने के दिशा-निर्देश दिए हैं।

अप्रैल-मई में मतदान

पंचायत चुनाव में मतदान व गणना वर्ष 2021 में अप्रैल-मई में पूरे किए थे। इसबार भी अगले वर्ष इन्ही तिथियों के आस-पास समय से चुनाव पूरा करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। पंचायती राज विभाग ने निर्देश दिए हैं कि वे तैयारियों को समयबद्ध पूरा करें, ताकि अप्रैल 2026 में मतदान प्रक्रिया संपन्न हो सके।

एक नजर

ग्रेटर नोएडा में होगी मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग

अमृत विचार, लखनऊ : योगी सरकार ग्रेटर नोएडा में मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना लेकर आई है। यीडा ने सेक्टर-28 में 21 प्लॉट्स के आवंटन करके मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरर्स को आमंत्रित किया है। निर्माणाधीन मेडिकल डिवाइस पार्क को देश के सबसे बड़े मेडिकल डिवाइस पार्क के तौर पर विकसित किया जा रहा है। योजना के जरिए 1000 स्क्वेयर मीटर के 16 तथा 2100 स्क्वेयर मीटर के 5 प्लॉट्स आवंटन के लिए उपलब्ध हैं तथा इनके प्रीमियम अमाउंट समेत विभिन्न पहलुओं का निर्धारण किया जा चुका है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 7 जुलाई निर्धारित की गई है।

मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश के 403 विधानसभा क्षेत्रों में शुरू होगा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान
- निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिया जा रहा एकदिवसीय प्रशिक्षण

अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए राज्य की 403 विधानसभाओं के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) का 17, 19, व 25 जून को उप्र. प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम), अलीगंज लखनऊ में तीन चरणों में एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को पहले चरण के सत्र की शुरुआत मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने की। उन्होंने इसमें प्रतिभाग करने वाले 124 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को संबोधित किया।

नवदीप रिणवा ने मतदाता सूची से जुड़े हुए मुख्य पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूची में हर पात्र नागरिक का नाम दर्ज हो, ये हम सब की जिम्मेदारी है। प्रदेश की मतदाता सूची में त्रुटियां न रहें, इसके लिए आज निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कि आज आप यहां से अच्छे ढंग से प्रशिक्षण लेकर जायेंगे तो आप अपने नीचे स्तर पर बीएलओ और सुपरवाइजरों को छोटे-छोटे समूहों में अच्छी तरह से प्रशिक्षित कर पायेंगे।

लखनऊ में प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम हों शामिल

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा, जिन बूथों में जेंडर रेशियो कम है, उनका चिन्हांकन करते हुए एक कार्ययोजना के अन्तर्गत छोटे-छोटे समूहों में संबंधित बीएलओ को उस पर कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया जाए तथा उसका निरन्तर अनुश्रवण किया जाए। 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम शामिल किए जाने के बारे में संभावित मतदाताओं का चिन्हांकन बीएलओ के माध्यम से करा लिया जाए तथा उनके नाम शामिल किए जाने का काम नियमानुसार किया जाए।

बीएलओ सुपरवाइजर्स हो चुके हैं प्रशिक्षित

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मई व जून में पांच चरणों में राज्य के एक जिला से एक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से एक बीएलओ सुपरवाइजर को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आयोग द्वारा अंतिम प्रशिक्षण सत्र 23 व 25 जून को प्रस्तावित है। इसी क्रम में कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र. द्वारा प्रदेश के समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं आयोग में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके बीएलओ सुपरवाइजर्स को 12 जून को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

यमुना किनारे वृंदावन से गोकुल तक बनेगा नेचर वॉक पाथ-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : यमुना किनारे 17 किमी वृंदावन से गोकुल तक एक अनूठा नेचर वॉक पाथ-वे विकसित किया जा रहा है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इसे ब्रज तीर्थ विकास प्राधिकरण द्वारा वन एवं वन्य जीव विभाग के सहयोग से बनाया जाएगा।

मथुरा-वृंदावन परिक्षेत्र का निर्माण और सौंदर्यीकरण मुख्यमंत्री योगी के मथुरा विजन-2030 के तहत किया जा रहा है। वृंदावन-गोकुल नेचर वॉक पाथ वे के निर्माण का मुख्य उद्देश्य ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देना है। भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और लीलास्थली के रूप में विश्व प्रसिद्ध मथुरा-वृंदावन परिक्षेत्र के विकास के लिए लगभग 30,080 करोड़ रुपये की लागत से 195 परियोजनाओं पर काम होना है। इसमें से 2,300 करोड़ रुपये की लागत से 23 परियोजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि ये नेचर वॉक पाथ वे यमुना नदी के किनारे 2 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। जिसके तहत वन विभाग वृंदावन से गोकुल के बीच प्राकृतिक सौंदर्य को और निखारेगा।

लापरवाह फर्मों पर करें कार्रवाई : मुख्यमंत्री

योगी ने आयुष विवि का निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूरा करने की दी हिदायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 30 को आयुष विवि का लोकार्पण करेंगी राष्ट्रपति तैयारी के निर्देश

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण से जुड़े सभी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो जाने चाहिए। समय से काम पूरा न होने की अब तक की स्थिति पर गहरी नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें निर्माण से जुड़ी ऐसी फर्मों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी मंगलवार शाम गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों, कानून व्यवस्था और हाल के दिनों में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण को प्रस्तावित महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की तैयारियों की गहन समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने 30 जून को आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित आगमन को लेकर हो रही तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सबसे जरूरी है कि आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो। इसके लिए उन्होंने अफसरों को सतत पर्यवेक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रम की तैयारी के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम भव्य होना चाहिए।

सड़क किनारे न बसने पाएं नई झुग्गी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों पर जाम की स्थिति न होने पाए। सड़क किनारे लगने वाले ठेले-खोमचे वालों का भी सत्यापन कराया जाए। बहुत से नए लोग आते रहते हैं। सड़कों के किनारे नई झुग्गी बस्ती न बसने पाएं, इस पर लगातार नजर रखें।

बाढ़ से बचाव की तैयारी की ली जानकारी

मुख्यमंत्री ने बाढ़ बचाव की तैयारी के बारे में भी जानकारी मांगी। उन्होंने तटबंधों पर हो रहे कार्यों के बारे में पूछा। बताया गया कि 38 कार्यों में से 24 पूरे कर लिए गए हैं और शेष भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में जलभराव नहीं होना चाहिए।

चिड़ियाघर खोलने पर करें विचार

मुख्यमंत्री योगी ने वन विभाग के अधिकारियों से चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू के बारे में जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि जानवरों की रिपोर्ट अब निगेटिव आ रही है। जल्द ही चिड़ियाघर को खोलने पर विचार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने परखी बैठक की तैयारी, दिए निर्देश

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान मंगलवार सुबह होटल ताज पहुंचे, यहां 24 जून को मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह यूपी समेत चार प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मेजबान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी रहेंगे। योगी ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की तैयारियों का जायजा लिया और आयोजन की तैयारियों से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर रफ्तार के साथ सुरक्षा के भी होंगे इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यात्री सुरक्षा को 5 इनोवा, 5 कैम्पर, 4 एम्बुलेंस, 2 क्रेन व 1 हाइड्रा होगी तैनात
- 20 जून को आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों छोर से लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में प्रमुखता से शुमार गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे रफ्तार के साथ सुरक्षा भी देगा। 20 जून को आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों छोर से लोकार्पण के दिन मुख्यमंत्री सुरक्षा फ्लीट को भी हरी झंडी दिखाएंगे। आने वाले दिनों में यहां लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे की तर्ज पर एटीएमएस (एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) भी लागू किया जाएगा।

उप्र एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा बनाए गए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर यात्री सुरक्षा के लिए 5 इनोवा, 5 कैम्पर, 4 एम्बुलेंस, 2 क्रेन और 1 हाइड्रा वाहन शामिल हैं। यूपीडा के नोडल सिक्योरिटी ऑफिसर राजेश पांडेय बताते हैं कि यूपीडा के इनोवा वाहन की पैट्रोलिंग 8-8 घंटे के शिफ्ट में लगातार होती रहेगी। हर वाहन में चार सेवानिवृत्त सैनिकों की ड्यूटी रहेगी। कैम्पर वाहन पीछे से खुले रहते हैं और इसमें ट्रैफिक कोन, रस्सी, रेडियम स्ट्रिप आदि की उपलब्धता रहती है। किसी स्थान पर किसी वाहन के खराब होने पर या दुर्घटना होने पर ये वाहन तुरंत जाकर ट्रैफिक कोन, रस्सी और रेडियम स्ट्रिप से कवर कर देंगे ताकि अन्य वाहनों को कोई दिक्कत न हो। हर 45 किमी पर मार्ग के दोनों तरफ एक-एक एम्बुलेंस, क्रेन व एक हाइड्रा वाहन को तैनात किया जाएगा।

बड़े निवेशक लगाएंगे औद्योगिक इकाई

20 जून को लोकार्पित होने जा रहा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे दक्षिणांचल के धुरियापार में नए इंडस्ट्रियल टाउनशिप की परिकल्पना को साकार कर रही है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और देश की नामी कंपनियों को यहां उद्योग के लिए जमीन भी पसंद आने लगी है। अडानी सहित कई औद्योगिक घराने यहां निवेश के लिए तैयार हैं।

विमान हादसे के पीछे निजीकरण तो नहीं

अखिलेश बोले- अयोग्य लोगों को दी जा रही जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर सवाल उठाते हुए सरकार के जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा मांगा है। मंगलवार को सपा मुख्यालय पर पत्रकारों से मुखातिब अखिलेश यादव ने कहा कि हमने पुलवामा और पहलगाम हमले में किसी का इस्तीफा नहीं मांगा, लेकिन विमान दुर्घटना में लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना में सरकार के जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा होना चाहिए।

सपा प्रमुख के मुताबिक, जब से विभागों का निजीकरण हुआ है, लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसा लगता है अपने लोगों को नौकरी देने के लिए सरकार ने अयोग्य लोगों को पदों पर बैठा दिया है। नौकरियां दे दी हैं। आज तमाम तरह की दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों में यात्राओं को लेकर डर पैदा हो गया है।

सपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में पसमांदा मुस्लिम समाज की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए कोई फार्मूला नहीं, बल्कि एक भावनात्मक गठबंधन है। इसमें भाजपा सरकार से सभी पीड़ित, दुखी और अपमानित लोग शामिल हैं। पसमांदा समाज पीडीए का हिस्सा है।

लखनऊ में पसमांदा मुस्लिम समाज के साथ बैठक के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

मूंग और मूंगफली की सरकारी खरीद शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : योगी सरकार ने जायद सीजन में सभी 75 जिलों में मूंग और 15 जिलों में मूंगफली की खरीद शुरू की है। इससे लाखों किसानों का फायदा होगा। मूंग की खरीद 2 सितंबर तक और मूंगफली की खरीद 29 अगस्त तक होगी। मूंग के लिए 8,682 रुपये प्रति क्विंटल और मूंगफली के लिए 6,783 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी तय किया गया है।

सरकार ने 34,720 मीट्रिक टन मूंग और 50,750 मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत किसानों को क्रय केंद्रों पर अपनी उपज लाकर समर्थन मूल्य का लाभ मिलेगा। नैफेड और एनसीसीएफ को खरीद की जिम्मेदारी दी गई है।

जेवर एयरपोर्ट का शेष निर्माण समय से करें पूरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल जेवर एयरपोर्ट के निर्माण को लेकर सक्रियता तेज कर दी गई है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिये कि एयरपोर्ट के शेष निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार एवं व्यापार के नए अवसर भी सृजित करेगा।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि एयरपोर्ट परियोजना की नियमित समीक्षा की जाए और निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो। इससे पहले मुख्य सचिव ने मंगलवार को जेवर स्थित निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न एजेंसियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर निर्माण कार्यों की स्थिति की विस्तृत जानकारी हासिल की।

बैठक के बाद मुख्य सचिव ने एटीसी बिल्डिंग, टर्मिनल भवन, सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, पथवाया नाला एवं अन्य निर्माणाधीन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अवशेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निर्माणाधीन जेवर एयरपोर्ट के स्थलीय निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह।

- मुख्य सचिव ने स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को दी हिदायत

आरोपी को भगोड़ा घोषित करें महाराष्ट्र के डीजीपी

आदेश के बावजूद बच्चे को पेश न करने पर हाईकोर्ट सख्त, कहा- संपत्ति करें कुर्क

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया है कि वह बीएएनएसएस के प्रावधानों के तहत बच्चे के पिता को भगोड़ा घोषित कर उसकी संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई शुरू करें। कोर्ट के आदेश के बावजूद पिता अपने दो वर्ष आठ माह के बेटे को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर रहा है। कोर्ट ने यह आदेश बच्चे की मां द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के संदर्भ में पारित किया है। कोर्ट ने पुणे के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को भी आदेश दिया है कि वह आदेश के अनुपालन के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही वरिष्ठ रजिस्ट्रार को आदेश की प्रति डीजीपी, महाराष्ट्र और सीजेएम, पुणे को भेजने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 1 अगस्त को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की अवकाशकालीन एकल पीठ ने बच्चे की मां की याचिका पर पारित किया। याचिका में मां ने कहा कि बच्चा अभी शैशव अवस्था में है। उसकी देखभाल मां ही कर सकती है, लेकिन पिता ने बच्चे को उसकी वैध अभिरक्षा से छीन लिया है। मां ने यह भी आरोप लगाया कि उसे अपने बच्चे से मिलने तक नहीं दिया जा रहा है। मामले पर पिछली सुनवाइयों के दौरान कोर्ट ने पिता को नोटिस जारी किया। जिसके बाद वह कोर्ट में उपस्थित भी हुआ, लेकिन बाद में अदालत से बचता रहा। कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद वह बच्चे को प्रस्तुत नहीं कर रहा है। इस पर कोर्ट ने महाराष्ट्र डीजीपी और सीजेएम पुणे को निर्देश जारी करते हुए कहा कि पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र प्रतिवादी संख्या 4 (पिता) के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 और 83 तथा बीएनएसएस की धारा 84 और 85 के अंतर्गत कार्यवाही प्रारंभ करें। सुनिश्चित करें कि अगली तिथि पर वह इस कोर्ट के समक्ष उपस्थित हो। पिछली सुनवाई पर भी कोर्ट ने पिता के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया था। पिता मूलतः अयोध्या का निवासी है। हालांकि वर्तमान में पुणे में रह रहा है। वहीं पुणे पुलिस की एक रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। जिसमें बताया गया कि पिता लापता है, जिससे वारंट तामील नहीं हो सका।

इजराइल गए 5952 कामगारों को लेकर प्रदेश सरकार चिंतित

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. से इजराइल गए 5952 कामगारों को लेकर राज्य सरकार लगातार समन्वय एजेंसी के संपर्क में है। इजराइल गए कामगार वहां 112 कंपनियों में काम कर रहे हैं। मिसाइल हमलों के बीच उन्हें बंकरों और कार्यस्थलों में ही रहने के निर्देश हैं। दरअसल, इजराइल में मौजूद उप्र. के कामगारों की सुरक्षा को लेकर सरकार चिंतित है। इस बाबत सरकार के साथ समन्वय करने वाली एजेंसी एनएसडीसी इंटरनेशनल से निरंतर बात हो रही है। श्रम विभाग के मुताबिक सुरक्षा उपायों का हर हाल में पालन करने की सलाह दी गई है।

हर जिले में बनेंगे योग पार्क

जिलाधिकारियों से उपयुक्त स्थलों की पहचान कर प्रस्ताव मांगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योग को आमजन की दिनचर्या का हिस्सा बनाने और सामूहिक योगाभ्यास के उद्देश्य से तैयार की गई है योजना

अमृत विचार : योग को आमजन की दिनचर्या का हिस्सा बनाने और सामूहिक योगाभ्यास के उद्देश्य से राज्य सरकार प्रदेशभर में योग पार्क स्थापित करने जा रही है। इस योजना के तहत स्थानीय निकायों जैसे नगर पालिकाओं और ग्राम पंचायतों की भागीदारी से प्रदेशभर में योगा पार्क विकसित किए जाएंगे। योजना के तहत मंडलीय मुख्यालय वाले जिलों में तीन-तीन और अन्य जिलों में दो-दो योग पार्कों को चिन्हित कर उन्हें विशेष रूप से योग-अनुकूल स्थानों में परिवर्तित किया जाएगा।

राज्य सरकार की ओर से जिलाधिकारियों को इस आशय के निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में उपयुक्त स्थलों की पहचान कर आवश्यक प्रस्ताव नगर विकास विभाग को भेजें। इन पार्कों को स्वच्छ, हरे-भरे और शांत वातावरण में विकसित किया जाएगा, जहां लोग नित्य योगाभ्यास कर सकें। ऐसे स्थानों का चयन किया जाएगा, जो सार्वजनिक पहुंच में हों और जहां आसपास के नागरिक, बुजुर्ग, महिलाएं व युवा आसानी से एकत्र होकर सामूहिक रूप से योग कर सकें। इन योग पार्कों में योग प्रशिक्षकों की व्यवस्था, ओपन जिम, विश्राम स्थल, शुद्ध जल और प्रकाश की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। दरअसल, राज्य सरकार 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को पूरे सप्ताह सामाजिक और प्राकृतिक चेतना पर्व के रूप में मनाएगी। इस अभियान में युवाओं की भागीदारी और पर्यावरण की सुरक्षा को लक्ष्य बनाये गये हैं।

विरोध बिजली की नई दर में अभी इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी नहीं जुड़ी, जोड़ दी गई तो 13 रु. प्रति यूनिट की दर से करना होगा भुगतान

निजीकरण से पहले बिजली कंपनियों के टैरिफ प्रस्ताव पर हंगामा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : निजीकरण से पहले बिजली कंपनियों के टैरिफ प्रस्ताव को लेकर हंगामा खड़ा हो गया है। दरअसल, बिजली की नई दरें तय करने के लिए पावर कॉरपोरेशन के प्रस्तावित टैरिफ में अभी इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी नहीं जुड़ी है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद का तर्क है कि अगर इसमें इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी जोड़ दी जाएगी तो शहरी इलाकों में घरेलू उपभोक्ताओं को 13 रुपये प्रति यूनिट की दर से भुगतान करना होगा। फिलहाल बिल पर 5 प्रतिशत इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी लगाई जाती है।

इस बीच पावर कॉरपोरेशन की तरफ से नियामक आयोग में दाखिल प्रस्तावित दरों पर भले ही अब तक नियामक आयोग ने सुनवाई के लिए मंजूरी न दी हो, लेकिन पावर कॉरपोरेशन ने उसे अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने मंगलवार को आयोग में इसके खिलाफ लोक महत्व प्रस्ताव दाखिल करते हुए आपत्ति दर्ज करायी है।

अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि उपभोक्ताओं के लिए बिजली की नई दरें महत्वपूर्ण हैं, जिन पर वह आपत्ति दाखिल करेगा। बिजली कंपनियां जनता के सामने नई दरें प्रकाशित नहीं करना चाहती हैं, इसीलिए केवल वेबसाइट पर अपलोड कर रही हैं। उपभोक्ता परिषद ने नई दरें प्रकाशित किए जाने की मांग की है, ताकि जनता को पता चल सके कि उसके नए टैरिफ से उसकी जेब पर कितना बोझ पावर कॉरपोरेशन डालना चाहता है।

अवधेश वर्मा ने मंगलवार को आयोग के सामने प्रस्तावित दरों के कारण से बेतहाशा बढ़ोतरी का पूरा आंकड़ा रखा। उन्होंने कहा कि यह प्रस्तावित दरें टैरिफ शॉक की श्रेणी में आती हैं। उन्होंने अपनी याचिका के साथ शहरी घरेलू उपभोक्ताओं का एक किलोवॉट से पांच किलोवाट तक के कनेक्शन पर बिल भुगतान का ब्योरा रखते हुए कहा कि अगर इसमें इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी भी जोड़ ली जाएगी तो दरें 13 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंचेंगी। उन्होंने एक बार फिर बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के बकाये 33,122 करोड़ रुपये का विवरण देते हुए प्रस्तावित दरें खारिज करने की मांग उठाई है।

फिक्स चार्ज, एनर्जी चार्ज में बढ़ोतरी पर मांगा जवाब

अमृत विचार, लखनऊ : विद्युत नियामक आयोग ने पावर कारपोरेशन से कहा है कि घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं के 101 से 150, 151 से 300 यूनिट तक के ग्रामीण व शहरी कैटेगरी को मर्ज किया गया है। इस प्रकार कमर्शियल में भी कार्रवाई की गई है। बिजली कंपनियों ने जो फिक्स चार्ज में एनर्जी चार्ज में बढ़ोतरी की है, उसका भी जवाब दाखिल करना होगा और साथ ही सभी बिजली कंपनियों को कैटिगरी वाइज रेवेन्यू का भी पूरा खाता देना पड़ेगा।

बिजली दर बढ़ाने के प्रस्ताव का भी विरोध करेगी समिति

अमृत विचार, लखनऊ : विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति निजीकरण के साथ बिजली दर बढ़ाने के प्रस्ताव का भी विरोध करेगी। समिति पदाधिकारियों ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रबंधन उपभोक्ताओं की जेब काटने पर आमादा है। यह भी आरोप लगाया कि भीषण गर्मी में हजारों कार्मिकों का स्थानांतरण करके बिजली व्यवस्था बेपटरी करना चाहता है। विभिन्न स्थानों पर हुई सभा में 22 जून को होने वाली बिजली महापंचायत की तैयारी पर भी चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि पॉवर कारपोरेशन प्रबंधन ने बिजली दरों में बेतहाशा बढोतरी का प्रस्ताव देकर संघर्ष समिति के इन आरोपों की पुष्टि कर दी है कि निजीकरण के बाद बिजली दरें में दोगुनी-तीन गुनी तक बढ़ जाएंगी।

सेफ सिटी योजना बनी सुरक्षा कवच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीसीटीवी, पिंक बूथ से हर मोर्चे पर बढ़ी सुरक्षा : डीजीपी

अमृत विचार : योगी सरकार की सेफ सिटी परियोजना महिलाओं, बेटियों, बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगों की ढाल बनकर उभरी है। डीजीपी का कहना है कि 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में 54 हजार से अधिक सुरक्षा पहरी सीसीटीवी से लेकर पिंक बूथ और स्कूटी तक हर मोर्चे पर सुरक्षा कवच बने हुए हैं।

डीजीपी राजीव कृष्णा ने बताया कि पिंक पुलिस बूथ से लेकर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, डिजिटल प्रचार से लेकर महिला जागरूकता कार्यक्रमों को मजबूती से लागू किया जा रहा है। परियोजना के तहत 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में 100 पिंक पुलिस बूथ बनाए गए हैं, जहां महिला पुलिस बल तैनात रहती हैं। इसके साथ ही 100 जीपीएस युक्त पिंक स्कूटी और 10 पिंक एसयूवी सुरक्षा के लिए लगाए गए हैं। इसके अलावा 1090 और यूपी-112 को इंटरऑपरेटिव बनाया गया है, ताकि त्वरित प्रतिक्रिया हो सके। वहीं 1090 कॉल सेंटर में 80 नए टर्मिनल की स्थापना की गई है, जिससे डेटा एनालिटिक्स सेंटर और साइबर सेल मजबूत हो सके। डीजीपी ने बताया कि सर्वेक्षण कर 4,150 डार्क स्पॉट चिह्नित किए गए हैं, जहां उचित प्रकाश की व्यवस्था की गई है।

卐 पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है। ...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के.
बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

लोहिया संस्थान से मरीज की बायोप्सी जांच के नमूने गायब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, 12 कंटेनरों में लिए गए थे नमूने

अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की पैथोलॉजी से बायोप्सी जांच के लिए गए नमूने गायब हो गए हैं। जांच रिपोर्ट न आने पर परिजनों की शिकायत पर इसका खुलासा हुआ। कर्मचारियों ने नमूना के कंटेनर खाली मिलने की बात कही है। परिजनों की शिकायत पर संस्थान प्रशासन जांच कराने का आश्वासन दिया है।

रामसेवक (77) को पेशाब संबंधी परेशानी पर परिवारीजन ने लोहिया संस्थान के यूरोलॉजी विभाग दिखाया था। परिजन के मुताबिक डॉ. ईश्वर राम दयाल ने ओपीडी में मरीज को देखा था। कैंसर होने की आशंका जाहिर कर बायोप्सी जांच कराने की सलाह दी। जांच के लिए बायोप्सी का नमूना लेकर परिवारीजन को दिया गया। 30 मई को नमूना पैथोलॉजी में जमा किया गया। 12 जून को रिपोर्ट मिलनी थी। परिवारीजन रिपोर्ट लेने पहुंचे तो कर्मचारियों ने बताया कि बायोप्सी का नमूना लैब तक नहीं पहुंचा है। लैब में खाली कंटेनर पहुंचे, किसी भी कंटेनर में कोई नमूना नहीं था। अब परिवारीजन परेशान भटक रहे हैं, उनकी सुनवाई नही हो रही है। मंगलवार को परिवारीजन ने संस्थान प्रशासन से लिखित शिकायत की। उनका कहना है कि बायोप्सी कोई सामान्य प्रक्रिया नहीं है। यह एक तकलीफदेह और संवेदनशील जांच होती है। जिसमें मरीज के शरीर से ऊतक (टिश्यू) के सैंपल लिए जाते हैं। मरीज की बायोप्सी के लिए कुल 12 कंटेनरों में सैंपल भरे गए थे, जिसे अस्पताल की लैब में जांच के लिए भेजा गया था। रिपोर्ट में साफ लिखा था लैब में कुल 12 कंटेनर प्राप्त हुए, किंतु किसी भी कंटेनर में कोई भी ऊतक या जैविक नमूना नहीं था।

दोबारा करानी पड़ेगी जांच

परिवारीजनों का कहना है कि बयोप्सी जांच के लिए दोबारा नमूना देने की प्रक्रिया होगी। इसका खामियाजा मरीज को भुगतना पड़ेगा। परिवारीजनों का कहना है कि बायोप्सी के लिए सात से आठ हजार रुपये का मेडिकल सामान भी खरीदना पड़ेगा। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. भुवन चन्द्र तिवारी ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। मरीज की हर संभव मदद भी की जाएगी।

बंदी फरार होने के मामले में सिपाहियों पर रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ: पीलीभीत से इलाज के लिए केजीएमयू से फरार बंदी की अभिरक्षा में लगे सिपाहियों के खिलाफ चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि पीलीभीत जेल में बॉबी हत्या के आरोप में बंद था। सांस लेने में दिक्कत होने की शिकायत पर उसे केजीएमयू में भर्ती कराया गया था। सोमवार सुबह 8 बजे बंदी बाथरूम जाने के बहाने भाग निकला था।

जल निगम की तकनीकी रिपोर्ट में उलझी सीवर लाइनों की मरम्मत

तकनीकी रिपोर्ट मिलने में लग जाते हैं तीन से चार महीने

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ चौक काली जी वार्ड में कई जगह बैठ गए हैं सीवर

▸▸ सही नहीं हुए तो बारिश में सड़क पर बहेगा सीवर का पानी

अमृत विचार : नियम के फेर में शहर के क्षतिग्रस्त सीवर का सुधार कार्य नहीं हो पा रहा है। पुराने लखनऊ में कहीं सीवर के ढक्कन टूटे हैं तो कहीं सीवर बैठ गया है। शिकायत के बाद भी जलकल विभाग और सुएज इंडिया कंपनी समस्या का निस्तारण नहीं करा पा रहे हैं। सीवर की मरम्मत के लिए जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर जलकल विभाग सुएज इंडिया को प्रस्ताव देता है। सुएज इंडिया मरम्मत के लिए जो प्रस्ताव तैयार करता है उसकी जल निगम से तकनीकी रिपोर्ट मिलने के बाद ही काम शुरू हो पाता है। इसमें तीन से चार महीने तक लग जाते हैं। मानसून नजदीक है। चौक की संकरी गलियों में क्षतिग्रस्त सीवर सही नहीं हो पा रहे हैं। इससे बारिश में सीवर ओवरफ्लो की समस्या बढ़ जाएगी, जिससे जनता को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

अधिशासी अभियंता जलकल विभाग जोन-6 अनिल कुमार का कहना है कि सीवर की छोटी से बड़ी लाइन की मरम्मत के लिए सुएज इंडिया को जल निगम से स्वीकृति लेने के बाद ही मरम्मत कार्य कराया जाता है। चौक में जिस भी क्षेत्र में सीवर की समस्या है उसे सही करा दिया जाएगा।

चार महीने में एक भी शिकायत का नहीं हो पाया समाधान : चौक कालीजी वार्ड के पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू ने बताया कि वार्ड के कई क्षेत्रों में सीवर कई जगह बैठ गए हैं। इनकी मरम्मत के लिए प्रस्ताव जलकल विभाग को दिया गया है। चार महीने में लगभग 13 शिकायतें की गई हैं लेकिन एक का भी समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि पुल मोतीलाल, बान वाली गली, बागवान नारायन, माली खां सराय, हाता भीखम खां, चोकदारी मोहल्ला, अकबरी गेट, नाई बाड़ा इन मोहल्लों में सीवर डैमेज हैं। जबकि इनकी दूरी 5 मीटर, 7 मीटर है। अधिकारी नियम का हवाला दे रहे हैं। समस्याओं का निस्तारण न होने पर अब सड़क पर उतरना पड़ेगा।

मछली मोहाल की लतीफ वाली गली में ओवरफ्लो सीवर। अमृत विचार

अमीनाबाद के घंटाघर पार्क में ध्वस्त किए अवैध निर्माण

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम ने मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर सड़क, फुटपाथ और सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमण हटाए। जोन- 1 के अमीनाबाद स्थित हनुमान मंदिर से जोनल अधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में घंटाघर पार्क के भीतर बने अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए। इसके अलावा स्वास्थ्य भवन, कचहरी से जिलाधिकारी कार्यालय तक सिटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में अस्थाई अतिक्रमण हटाकर एक ट्रक सामान जब्त किया गया। जोन- 3 में जोनल अधिकारी अमरजीत यादव के नेतृत्व में पार्षद पृथ्वी गुप्ता व सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संचिता मिश्र के साथ पुरनिया चौराहा से आंचलिक विज्ञान केंद्र तक अभियान चलाकर नाले के ऊपर अवैध कब्जे हटाकर 9000 रुपये जुर्माना वसूला।

पुलिसकर्मी सहित तीन कोरोना पॉजिटिव

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में 24 घंटे में पुलिसकर्मी सहित तीन लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। लक्षण दिखने पर सभी की जांच कराई गई थी। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया गोमतीनगर के रश्मिखंड के रहने वाले पुलिसकर्मी (21) प्रयागराज में तैनात हैं। वह छुट्टी लेकर अपने घर आए थे। बुखार के साथ सांस लेने में तकलीफ होने पर कोरोना की जांच कराई। रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। गोमतीनगर विरामखंड की महिला (47) व विकासनगर के पुरुष (35) की भी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिले में अब तक 38 रोगी मिले हैं। इसमें एक्टिव केसों की संख्या 23 है।

समस्या

नरही की रामशंकर वाजपेयी लेन में गंदे, बदबूदार पानी की आपूर्ति की समस्या का दो सप्ताह बाद भी निराकरण नहीं हो पाया है। लोगों को इधर-उधर से बाल्टियों में ढोकर पानी लाना पड़ रहा है।

मौसम

कई इलाकों में बारिश होने की संभावना है।

37.6° अधिकतम तापमान | 27.2° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- माल ब्लॉक की ग्राम पंचायत नारायणपुर और नईबस्ती भिटौरा के पंचायत भवन में योजनाओं के शिविर- 10:00 बजे।
- गोराही से थाना इटौंजा तक भाकपा माले का मार्च- 1:00 बजे।
- केजीएमयू के ब्राउन हॉल में अंगदान जागरूकता एवं योग सत्र का आयोजन- 2:00 बजे।
- डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में योग पर सेमिनार को लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग कोआर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव संबोधित करेंगे- 3:00 बजे।
- विकास खंड गोमतीनगर स्थित सीएमए भवन में सीएमए की ओर से वित्त पोषण के लिए सरकारी पहल विषय पर सेमिनार- 4:00 बजे।
- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, गोमतीनगर में इन्नोवेशन फॉर चेंज की ओर से झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के रंगों का मंच- सपनों की ताल कार्यक्रम- 4:30 बजे।
- आशियाना के वृंदावन योजना स्थित एक होटल में उमराव जान पर आधारित कार्यक्रम- 6:30 बजे।

छेड़छाड़ के विरोध में मां-बेटे को दौड़ाकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ केजीएमयू से इलाज करा बेटे संग लौट रही थी महिला

▸▸ चारबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे की घटना, दो आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार: केजीएमयू से इलाज करा लौट रही महिला के साथ चारबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे युवकों ने छेड़छाड़ की। बेटे ने विरोध किया तो पांच युवकों ने मां और बेटे को सड़क पर दौड़ा कर पीटा। हमले में महिला का सिर फट गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची नाका पुलिस ने दो हमलावरों को दबोच लिया, जबकि तीन भाग निकले। पुलिस ने बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

हरदोई जिले के कछौना निवासी महिला सोमवार को इलाज कराने बेटे के साथ केजीएमयू आई थी। करीब 9:30 बजे अस्पताल से लौट कर मां-बेटे हरदोई जाने के लिए चारबाग रेलवे स्टेशन जा रहे थे। दोनों चारबाग मेट्रो स्टेशन के पास गन्ने के जूस का स्टॉल खड़े हो गए। वहां मौजूद दो युवकों ने महिला पर अश्लील फब्तियां कसी। पीड़ितों ने विरोध किया तो गाली-गलौज करने लगे। बेटे ने गाली देने से मना किया तीन और साथियों के साथ मिलकर मारपीट शुरु कर दी। मां-बेटे को सड़क पर दौड़ा कर पीटा। आसपास अफरा-तफरी मच गई। कुछ राहगीरों ने हमलावरों को रोकने का प्रयास किया। एक राहगीर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घेरकर दो हमलावरों को पकड़ लिया, लेकिन तीन भाग निकले। मारपीट में महिला बुरी तरह घायल हो गई।

पुलिस ने मां-बेटे का बलरामपुर अस्पताल में मेडिकल कराया। इंस्पेक्टर वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि महिला के बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। बस्ती निवासी हीरालाल और मंगल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

डॉक्टर समेत तीन बहनों से सरेराह छेड़छाड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आरोपी ने एक युवती को अगवा करने का किया प्रयास

▸▸ ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की गई जांच

अमृत विचार: ठाकुरगंज इलाके में गाड़ी भिड़ने के विरोध पर दबंगों ने डॉक्टर समेत तीन बहनों से छेड़छाड़ की। विरोध करते हुए कार सवार युवक ने डॉयल 112 पर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने के पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

पीड़ित ने बताया कि 13 जून की देर रात बहनों के साथ बालागंज इलाके में जा रहा था। ठाकुरगंज के शांतिनगर इलाके में पहुंचे तो कुछ लोग गैंग बनाकर बीच सड़क पर वाहन लगाकर खड़े थे। वह समझ पाते उनकी बाइक से एक गाड़ी की टक्कर हो गई। विरोध पर पीछे बैठी बहनों से वहां मौजूद युवक छेड़खानी करने लगी। आरोप है कि उनमें से एक युवक नशे की हालत में कार लेकर आया और एक बहन को खींचने लगा। यही नहीं आरोपी ने कार में बैठाकर छेड़छाड़ व अश्लीलता शुरू कर दी।

किसी तरह पीड़ित ने कंट्रोल रूम पर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

एक नजर

अंजनी ने संभाला समाज कल्याण अधिकारी का चार्ज

अमृत विचार, लखनऊ : अंजनी कुमार सिंह को जिला समाज कल्याण अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने मंगलवार को विकास भवन स्थित कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। वह इससे पहले मुख्यालय पर तैनात थे। बताया कि जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिलाना प्राथमिकता है।

दुबग्गा में एक अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को दुबग्गा में एक अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दी। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि विनोद व अन्य द्वारा दुबग्गा के हलुआपुर कटौली में लगभग 4 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना निर्माण करने पर बुलडोजर से टीम ने ध्वस्त कर दिया।

कई इलाकों में हुई बारिश से मौसम खुशनुमा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ में सुबह से बादल छाए रहे। पूर्वी ठंडी हवा से राजधानी वासियों को गर्मी से राहत मिली। दोपहर बाद बीकेटी, पीजीआई समेत कई इलाकों में बारिश हुई और तेज हवाएं चली। वहीं अन्य क्षेत्रों में भी दिन भर छाए बादलों ने मौसम को खुशनुमा कर दिया। बुधवार को भी कई इलाकों में बारिश होने की संभावना है। सोमवार को अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 0.4 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री रहा है। यह सामान्य से 0.2 डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बने मौसम तंत्रों के कारण मानसून सक्रिय होगा। अगले 4-5 दिनों में मेघगर्जन, वज्रपात और भारी बारिश के साथ तापमान में और कमी आने की संभावना है, जो सामान्य या उससे कम स्तर पर पहुंच सकता है। मानसून की उत्तरी सीमा वेरावल, भावनगर, खरगौन, अमरावती, दुर्ग, बरगढ़, चांदवली, सैंडहेड द्वीप, बात्तुरचाट तक फैली हुई है। अगले 2-3 दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल दिख रही हैं।

लखनऊ से चलने वाली कई ट्रेनें रद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ से चलने वाली कई ट्रेनों का संचालन रेलवे ने रद कर दिया है। इन ट्रेनों के अचानक रद होने से पहले से ही आरक्षण करा चुके यात्रियों के लिए समस्या खड़ी हो गई।

यात्रियों को अब यात्रा के लिए दूसरे संसाधनों का सहारा लेना पड़ सकता है। उत्तर रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय के अनुसार लखनऊ से होकर भटिंडा से बनारस के बीच चलने वाली ट्रेन 18 जून से नौ जुलाई तक इस रूट पर नहीं चलेगी। लखनऊ से होकर बनारस से भटिंडा जाने वाली गाड़ी का 19 जून से 10 जुलाई तक संचालन नहीं होगा। लखनऊ से गुजरने वाली आनंद विहार-अयोध्या एक्सप्रेस 17 जून से 10 जुलाई तक बंद रहेगी। अयोध्या-आनंद विहार एक्सप्रेस के बीच चलने वाली ट्रेन भी 18 जून से 11 जुलाई तक नहीं चलेगी। लखनऊ से बन कर चलने वाली लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस का संचालन 18 से नौ जुलाई और चंडीगढ़ से लखनऊ आने वाली ट्रेन का संचालन 19 जून से 10 जुलाई तक नहीं होगा। इन ट्रेनों के रद होने से उन यात्रियों के सामने समस्या खड़ी हो गई है, जिन्होंने महीने पहले रिजर्वेशन करा रखा था। अब इन्हें यात्रा के विकल्प के तौर पर किसी अन्य साधन का प्रयोग करना होगा। कारण है कि इन रूटों पर चलने वाली रूटीन ट्रेनों में पहले से ही रिजर्वेशन फुल चल रहा है।

मातृ शिशु रेफरल हॉस्पिटल में कुपोषित बच्चों का होगा इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के शहीद पथ स्थित मातृ शिशु रेफरल हॉस्पिटल में मंगलवार को अत्याधुनिक पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) शुरू हुआ। यहां कुपोषित बच्चों की पहचान कर इन्हें जरूरी उपचार और पोषण मुहैया कराया जाएगा। यह केंद्र सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में काम करेगा। एनएचएम की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल और लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने केन्द्र की शुरुआत की। निदेशक ने कहा कि केंद्र बच्चों में कुपोषण से निपटने और सेहतमंद बनाने में मदद करेगा। यहां नवजात बच्चों के कुपोषण प्रबंधन के लिये अनुसंधान व प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मातृ शिशु रेफरल हॉस्पिटल में माताओं से जानकारी लेतीं डॉ. पिंकी जोवेल।

एनआरसी की प्रभारी डॉ. शीतांशु श्रीवास्तव ने बताया कि यह केंद्र केवल उपचार तक सीमित नहीं है बल्कि कुपोषित बच्चों के जीवन की दिशा बदलने का काम करेगा। बच्चों की देखभाल के साथ अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्र में क्लीनिकल वार्ड, उपचारात्मक रसोईघर, परामर्श कक्ष, एवं खेलकूद की सुविधाएं उपलब्ध हैं। डॉ. दीप्ति अग्रवाल, यूनिसेफ के प्रोग्राम मैनेजर डॉ. अमित मेहरोत्रा, परिवार कल्याण निदेशालय की महानिदेशक डॉ. सुषमा सिंह, अपर निदेशक डॉ. शारदा चौधरी, डॉ. गौरव, डॉ. रबी पार्ही और हॉस्पिटल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. श्रीकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

साक्षात्कार से चुने गए चिकित्सकों को मिली तैनाती

अमृत विचार, लखनऊ : सीएमओ कार्यालय में साक्षात्कार से चुने गए चिकित्सकों को मंगलवार सरकारी संस्थान-अस्पताल में तैनाती दे दी गई है। सबसे अधिक चिकित्सक केजीएमयू में भेजे गए हैं। सरकारी अस्पताल, हेल्थ एंड सेंटर व पीएचसी मिलाकर संविदा के कई चिकित्सकों के पद खाली थे। अप्रैल माह में सीएमओ आफिस में साक्षात्कार हुआ था। इसमें 200 से अधिक चिकित्सक शामिल हुए थे। एक माह बाद रिजल्ट जारी हुआ था। इसमें 62 चिकित्सकों का चयन हुआ था। मंगलवार को सभी चयनित चिकित्सकों को उनके कार्य क्षेत्र का आवंटन कर दिया गया है। इसमें आठ चिकित्सक केजीएमयू भेजे गए हैं। लोहिया में तीन व पीजीआई ब्लड बैंक में एक चिकित्सक को भेजा गया है। इसी तरह लोकबंधु में चार, रानी लक्ष्मीबाई व सिविल अस्पताल में तीन-तीन चिकित्सक तैनात किए गए हैं। बीआरडी महानगर में एक व रामसागर मिश्रा संयुक्त चिकित्सालय में तीन चिकित्सक भेजे गए हैं। वहीं, बचे हुए चिकित्सकों की तैनाती सीएचसी व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में की गई है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है सभी चिकित्सकों को ड्यूटी पर जाने के निर्देश दिए गए हैं।

शोध | बीबीएयू के जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने सूक्ष्म पौधों की चिकित्सीय संभावनाओं और पोषण शक्ति को किया उजागर

अन्न से भरी पौष्टिक थाली की जगह पौधे बनेंगे सुपरफूड

मार्कण्डेय पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार: आने वाले दिनों में भोजन से भरी थाली की जगह घर में लगे पौधे सुपरफूड बन जाएं तो आश्चर्य नहीं करना। यानि डाईनिंग टेबल पर ट्रे में सजावटी पौधे रखे दिखेंगे। दरअसल, बीजों से उगने वाले नन्हे हरे पौधे सिर्फ सजावटी पौधे नहीं हैं, इनमें सेहत का खजाना छिपा है। ये कई खतरनाक बीमारियों से बचा सकते हैं। इस खजाने को माइक्रोग्रीन्स कहते हैं, जो निकट भविष्य में सुपरफूड के तौर पर इस्तेमाल किए जाएंगे।

बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) लखनऊ के जैव प्रौद्योगिकी विभाग में हुए शोध ने इन सूक्ष्म पौधों की चिकित्सीय संभावनाओं और पोषण शक्ति को उजागर किया गया है। बीबीएयू बायोटेक विभाग की शिक्षक डॉ. संगीता सक्सेना, छात्रा अनाम्ता रिज़वी और शैलेंद्र कुमार का यह शोध न्यूट्रिशन, विटामिन्स और बीमारियों के इलाज में क्रांतिकारी साबित हो सकता है। सबसे खास बात है कि ऐसे पौधों को घर में ट्रे में उगाया जा सकता है। वैज्ञानिक शोध में माइक्रोग्रीन्स को सुपरफूड के रूप में पाया गया है, जिसमें परिपक्व पौधों की तुलना में कई गुना अधिक पौष्टिकता का खजाना छिपा है।

जड़ी-बूटियों, सब्ज़ियों, अनाज या फूलों से प्राप्त होने वाले नन्हें अंकुरित पौधे होते हैं जो दो कोटिलेडन (बीज पत्र) पत्तियां करीब 2 से 7 सेंटीमीटर लंबी एक नाजुक तना के तौर पर विकसित होते हैं तभी इनको काट लिया जाता है। इन्हें सब्ज़ियों की रंग-बिरंगी बौछार या वेजिटेबल कंफेटी कहा जाता है, इनमें मौजूद उच्च पोषण मूल्य और संभावित स्वास्थ्य लाभों के कारण भी इनकी मांग दुनिया भर में तेजी से बढ़ने वाली है।

बीबीएयू में माइक्रोग्रीन्स प्रयोगशाला में शोधछात्रा। अमृत विचार

अंकुरित अनाज से सौ गुना फायदेमंद

शोध में माइक्रोग्रीन्स को अंकुरित अनाज की तुलना में उनके बायोएक्टिव फाइटोकेमिकल्स जैसे कैरोटेनॉयड्स और पॉलीफेनॉल्स की उच्च सांद्रता के कारण अधिक श्रेष्ठ पाया गया है। ल्यूटिन, कैरोटीन, बीटाकैरोटीन और वायोलैक्सैन्थिन जैसे यौगिक माइक्रोग्रीन्स में कहीं अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसके अलावा ब्रैसिका माइक्रोग्रीन्स (जैसे ब्रोकली, सरसों, आदि) में परिपक्व ब्रैसिका सब्ज़ियों की तुलना में कहीं अधिक समृद्ध पॉलीफेनोलिक प्रोफ़ाइल देखी गई है, जिससे ये एंटीऑक्सिडेंट्स के बेहतरीन स्रोत बनते हैं।

माइक्रोग्रीन्स स्वास्थ्य का टॉनिक

माइक्रोग्रीन्स में एंटीडिप्रेशेंट (उदासी कम करने वाला), एंटीकैंसर (कैंसररोधी), एंटीमाइक्रोबियल (सूक्ष्मजीव-रोधी), एंटीइंफ्लेमेटरी (सूजनरोधी), एंटीऑक्सीडेंट, मोटापारोधी और मधुमेहरोधी (एंटीडायबेटिक) गुण मौजूद होते हैं। तुलसी और अमरनाथ (राजगिरा) के माइक्रोग्रीन्स में अधिक फाइलोक्विनोन (विटामिन के) की मात्रा देखी गई है। ब्रैसिकेसी में उल्लेखनीय कैंसररोधी क्षमताएं देखी गई हैं, जिनमें कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि को रोकने और अपोप्टोसिस (कोशिका मृत्यु) को प्रोत्साहित करने की क्षमता शामिल है। स्तन कैंसर, यकृत (हेपाटोसेलुलर) कैंसर, और बृहदान्त्र (कोलन) कैंसर से लड़ने की उल्लेखनीय क्षमता दर्शाई है। ब्रोकोली माइक्रोग्रीन्स शरीर के वजन और चर्बी के जमाव को घटाने में सक्षम पाया गया है, जबकि मेथी (फेनुग्रीक) माइक्रोग्रीन्स में आयरन की कमी (एनीमिया) के लिए एक संभावित प्राकृतिक उपचार है।

गांवों में मियावाकी पद्धति से लगाए जाएंगे पौधे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ हर विकास खंड के पांच स्थलों पर मनरेगा से लगेंगे पौधे

▸▸ मनरेगा श्रमिक करेंगे पौधरोपण और देखभाल

अमृत विचार : जिले में ग्राम्य विकास विभाग मियावाकी पद्धति से पौधरोपण कराया जाएगा। मनरेगा के तहत सभी विकास खंड में पांच-पांच स्थलों पर इस विधि से पौधे रोपे जाएंगे। पौधरोपण श्रमिकों द्वारा कराया जाएगा। पौधों की सिंचाई के साथ नियमित देखभाल भी करेंगे। इससे श्रमिकों को इस अभियान से रोजगार मिलेगा। विभाग ने स्थलों का चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इस वर्ष मनरेगा को 12.40 लाख पौध लगाने का लक्ष्य मिला है। शासन से घोषणा होते ही रोपण शुरू हो जाएगा। इससे पहले अभियान की तैयारी जोरों पर है। गड्ढे खोदने के साथ पौधरोपण श्रमिकों द्वारा किया जाएगा। इस अभियान से श्रमिकों को काम मिलेगा और मनरेगा के मानव दिवस सृजित होंगे।

इस लक्ष्य में प्रत्येक विकास खंड पर पांच-पांच स्थल चयनित किए जा रहे हैं, जहां जापान की मियावाकी पद्धति से एक-एक हजार पौधे लगाए जाएंगे। मियावकी पद्धति छोटे क्षेत्रों में तेजी से घने, आत्मनिर्भर और जंगल को विकसित करता है। इस विधि में हर वर्ग मीटर में दो-से चार अलग-अलग प्रकार के पौधे लगाए जाते हैं। इन पौधों की सुरक्षा के लिए तीन सुरक्षा घेरा में की जाएगी। पहले खाई, उसके बाद कांटेदार पौधे व आगे तार से फेंसिंग करके की जाएगी।

गायब खून को नहीं तलाश पा रहा केजीएमयू प्रशासन, डाल रहा पर्दा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ट्रॉमा सेंटर के ब्लड स्टोरेज यूनिट में मरीज को चढ़ाने के लिए रखा खून गायब होने का मामला

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) ट्रॉमा सेंटर के सेटेलाइट ब्लड स्टोरेज यूनिट से मरीज को चढ़ाने के लिए रखा खून गायब होने के मामले में संस्थान प्रशासन पर्दा डालने की कोशिश में लगा है। घटना के एक सप्ताह बाद भी यह पता नहीं लगाया जा सका कि आखिर खून किसे दिया गया है। वहीं, परिजनों ने कर्मचारियों द्वारा खून बेचने की आशंका जताई है।

ट्रॉमा सेंटर में पूरे प्रदेश से गंभीर मरीज इलाज के लिए लाए जाते हैं। जान बचाने के लिए बहुत से मरीजों को खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। मरीजों की सुविधा के लिए ट्रॉमा सेंटर में ही सेटेलाइट ब्लड स्टोरेज यूनिट स्थापित की गई है। तीमारदार डॉक्टर की सलाह पर ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग से खून लाकर यहां जमा कर देते हैं। जरूरत पड़ने पर तीमारदार सेटेलाइट यूनिट से खून लेकर डॉक्टर को दे देते हैं। इससे खून लाने-ले जाने में समय बेकार नहीं जाता है।

हाल ही में ट्रॉमा में भर्ती मरीज मोहित पांडेय को रक्त चढ़ाने की सलाह दी गई। परिवारीजनों ने ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में जाकर रक्तदान किया। परिजनों के मुताबिक उसके बाद उन्हें 'ए' पॉजिटिव एक यूनिट खून जारी किया गया। जिसका नम्बर 23913 है। खून को सेटेलाइट ब्लड यूनिट रखवा दिया गया था। जिसके बाद चिकित्सकों ने बताया कि अब मरीज को खून चढ़ाने की जरूरत नहीं है। इसका फायदा कर्मचारियों ने उठाया। उसे गायब कर दिया। दलाल खून लेकर ट्रॉमा से फरार हो गए। अब खून की तलाश हुई तो उसका पता नहीं चल रहा है। अधिकारियों ने जल्द ही खून की यूनिट का पता लगाने का दावा किया था। अभी तक गायब खून की यूनिट का पता नहीं चल पा रहा है। प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है। सच्चाई जल्द ही सामने आ जाएगी।

सोपान इन्क्लेव अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए को हैंडओवर

अब आरडब्ल्यूए करेगा अपार्टमेंट का अनुरक्षण कार्य, वर्ष 2018 में हुआ था तैयार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने प्रियदर्शिनी योजना स्थित सोपान इन्क्लेव अपार्टमेंट फेज-1 नव गठित रेजीडेंट वेलफयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) को हैंडओवर कर दिया। मंगलवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार की उपस्थिति में आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर किए। अब अपार्टमेंट का अनुरक्षण कार्य आरडब्ल्यूए करेगा।

उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि सीतापुर रोड स्थित प्रियदर्शिनी योजना में सोपान इन्क्लेव फेज-1 का निर्माण वर्ष 2018 में पूरा हुआ था। लगभग 12,627 वर्गमीटर क्षेत्रफल में निर्मित इस अपार्टमेंट में 2 बीएचके एवं 3 बीएचके के कुल 244 फ्लैट हैं। निर्माण पूर्ण होने से लेकर अब तक अपार्टमेंट में अनुरक्षण का कार्य प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा था। इसे हैंडओवर करने के लिए आवंटियों के मध्य चुनाव कराकर सोपान इन्क्लेव रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का गठन कराया गया। इसके मंगलवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार व अपर सचिव सीपी त्रिपाठी की उपस्थिति में आरडब्ल्यूए की अध्यक्ष रोहिणी जयसवाल व सचिव स्वस्ति अग्रवाल को अपार्टमेंट हैंडओवर कर दिया।

सोपान इन्क्लेव को आरडब्ल्यू को हैंडओवर करते एलडीए के अधिकारी। अमृत विचार

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना सं0–
याँ/301/इज्ज/25–26/ओटी–12

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदंडो के अनुसार ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं,

क्रम सं0 1:–कार्य का संक्षिप्त विवरणः यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में 3788 बायो–डाइजेस्टर टैंकों की अनलोडिंग, डिस्मेंटलिंग, सफाई, ओवरहालिंग, बफिंग और डीपीटी कार्य 02 वर्ष की अवधि के लिए (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार। अनुमानित मूल्य (रू0 में): ₹ 5638934.88 (छप्पन लाख अडतीस हजार नौ सौ चौतीस रूपये एवं अट्ठासी पैसा मात्र), जमानत राशि(रू0मे): ₹ 112800.00 (रू एक लाख बारह हजार आठ सौ रूपये मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, कार्य अवधिः 02 वर्ष, निविदा खुलने की तिथि व समयः दिनांक 08.07.2025 को 15.30 बजे।

नोटः–1. उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 16.06.2025 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर टेंडर खुलने की तिथि 08.07.2025 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। 2.उपरोक्त निविदा में ई–बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वे अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत C.C.A. द्वारा जारी क्लास–III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS वेबसाइट पर पंजीकृत कराएं। 3.निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म लैटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा। 4. ई–निविदा हेतु धरोहर राशि ई–भुगतान नेट बैंकिग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी।

उपमुयाँइ/प्लाण्ट, यांत्रिक कारखाना
मुजाधि/यांत्रिक–34 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

एक नजर

कारगिल पार्क में सफाई के बाद सैनिकों के पुतलों में लगाई गईं बंदूकें

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम ने रेजीडेंसी के सामने स्थित कारगिल पार्क में सैनिकों के पुतलों में लगी बंदूकें सफाई के बाद फिर लगा दी हैं। कुछ लोग सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैला रहे थे कि पुतलों से बंदूकें गायब हो गई हैं। अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव ने बताया कि पार्क में बीते दिनों सौंदर्यीकरण एवं मरम्मत का कार्य कराया जा रहा था। इसके चलते पार्क के केयर टेकर ने पुतलों से बंदूकें हटाकर उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया था। उन्होंने बताया कि यह कदम सुरक्षा की दृष्टि से उठाया गया था, जिससे मरम्मत के दौरान क्षति न हो।

लेफ्टिनेंट जनरल वी. हरिहरन ने संभाली कमान

अमृत विचार, लखनऊ : लेफ्टिनेंट जनरल वी हरिहरन, अति विशिष्ट सेवा मेडल, सेना मेडल ने मंगलवार को लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा, अति विशिष्ट सेवा मेडल से मथुरा में 1 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग का पदभार ग्रहण किया। ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी, चेन्नई के पूर्व छात्र रहे लेफ्टिनेंट जनरल वी. हरिहरन ने 25 अगस्त 1990 को गढ़वाल राइफल्स की 10 बटालियन में कमीशन प्राप्त किया है। जनरल ऑफिसर डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन, हायर डिफेंस मैनेजमेंट कोर्स, सिकंदराबाद और नेशनल डिफेंस कॉलेज, नई दिल्ली के पूर्व छात्र हैं।

चालक-परिचालकों का बस अड्डे पर प्रदर्शन

कैसरबाग बस अड्डा इंचार्ज पर लगाया मारपीट का आरोप

कैसरबाग बस अड्डे पर मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बस चालक व परिचालक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चालक-परिचालकों ने मंगलवार को कैसरबाग बस अड्डे पर प्रदर्शन किया। उन्होंने बस अड्डा परिसर में जमकर नारेबाजी की और सख्त कार्रवाई की मांग की। परिचालकों ने रुपईडीहा बस अड्डे पर परिचालक को इंचार्ज द्वारा पीटे जाने का आरोप लगाया।

धरना-प्रदर्शन की वजह से 3 घंटे से अधिक कार्य प्रभावित रहा। चालकों के आक्रोश को देखते हुए मौके पर पुलिस फोर्स तैनात की गई। चालक जावेद ने बताया कि रुपईडीहा में परिचालक अश्वनी कुमार को बस अड्डा इंचार्ज शानू खान द्वारा पीटा गया। उन्होंने बताया कि चालक संजय कुमार गाड़ी लेकर निकल रहा था कि शानू खान सामने आ गए। इतनी सी बात पर उन्हें गुस्सा आ गया और परिचालक को पीट दिया।

जावेद ने बताया कि जब से रुपईडीहा डिपो बना है, तबसे अक्सर विवाद होता रहता है। कभी चालक परिचालक से अभद्रता और मारपीट तो कभी टाइमिंग को लेकर विवाद खड़ा हो जाता है। कैसरबाग डिपो की गाड़ियों को रुपईडीहा में एआरएम के द्वारा नहीं लगाने दिया जाता है। कैसरबाग डिपो की गाड़ियों को रुपईडीहा में टारगेट किया जा रहा है। ऐसे में नेपाल रुपईडीहा के यात्रियों को सेवा देना मुश्किल हो गया है। प्रदर्शन में रोडवेज कर्मचारी संघ के मीडिया प्रभारी मनीष द्विवेदी, अध्यक्ष आमिर जावेद, अनिल अवस्थी, विरेन्द्र मिश्रा, दिनेश पाण्डेय, राना प्रताप सिंह, राजीव सिंह, आलोक कुमार और सुरेन्द्र कुमार यादव उपस्थित रहे।

15 जुलाई को प्रदेशभर में धरना देंगे पेंशनर्स

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त कार्मिकों के प्रतिनिधि संगठन सेवानिवृत्त कर्मचारी और पेंशनर्स एसोसिएशन उप्र के आह्वान पर 15 जुलाई को पेंशनर्स सभी जिलों में धरना–प्रदर्शन करेंगे। इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष के निवास पर बैठक में बैठक हुई। इसमें बताया गया कि धरना के बाद 8वें केन्द्रीय वेतन के गठन का गजट नोटिफिकेशन जारी करने, अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति करने और उसका टर्म आफ रेफरेन्स सामने लाने आदि के संबंध में जिलाधिकारियों व पुलिस कमिश्नर के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजे जाएंगे। आंदोलन का नोटिस अध्यक्ष अमरनाथ यादव की ओर से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दिया गया है। सूचना अखिल भारतीय स्टेट गवर्नमेन्ट पेंशनर फेडरेशन मुख्यालय को भी दे दी गई है। बैठक में अध्यक्ष के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीएल कुशवाहा, उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय सचिव एसके मिश्रा, नरेन्द्र कुमार और महामंत्री ओपी त्रिपाठी शामिल रहे।

वामपंथी दलों का डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन करते वामपंथी दलों के सदस्य।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : फिलीस्तीन एकजुटता दिवस के आह्वान के तहत वामपंथी दलों ने मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान इजराइल की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ विरोध दर्ज करते हुए जिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि पिछले 20 महीनों से इजरायल की ओर से फिलीस्तीन के खिलाफ चलाए जा रहे नरसंहारक युद्ध में अब तक 54,000 से ज्यादा फिलीस्तीनियों की हत्या हुई है, जिसमें 60 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं व बच्चे हैं। इजराइल ने युद्ध विराम की शर्तों को तोड़ते हुए आज भी सैन्य कार्यवाहियों को जारी रखा है तथा रफा बार्डर से जाने वाली राहत सामग्री के रास्ते पर नाकाबंदी कर दी है। आज के प्रदर्शन द्वारा वामपंथी दलों ने भारत को उसकी ऐतिहासिक भूमिका याद दिलाते हुए उसे फिलीस्तीन के पक्ष में खड़ा होने की अपील की। ज्ञापन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार संस्थाओं से अपील की गई कि इजराइल पर अविलंब युद्ध विराम का दबाव बनाया जाये तथा फिलीस्तीन को उसकी जमीन वापस दी जाय, जिसकी सीमाएं 1967 से पहले वाली हों। प्रदर्शन का नेतृत्व सीपीआई के जिला सचिव परमानंद व सीपीएम जिला सचिव मधु गर्ग व सीपीआई माले के नेता मगन ने किया। प्रदर्शन में डॉ. बालमुकुंद, प्रवीन सिंह, सुमन सिंह, डॉ. वीके सिंह, मोहम्मद खालिद, कांति मिश्रा, माया देवी, कैमुन्निसा, राजीव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

20 को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता देंगे ज्ञापन

अमृत विचार, लखनऊ : विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 20 जून को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगी। यह जानकारी मंगलवार को महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ उप्र. के अध्यक्ष गिरीश कुमार पांडेय ने दी। उन्होंने बताया, हॉट कुक्ड मील बनाने के लिए गैस सिलेंडर भराने का पैसा भी विभाग नहीं दे रहा है।

उत्तर रेलवे

ई ऑक्शन सूचना दिनांकः 16.06.2025

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई–ऑक्शन** से सम्बन्धित सूचना

एडमिन यूनिट/जोन	**लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे.**
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	**ATM-LKO-BSB-Gen-39-25-1 (ATM-General)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	13.06.2025
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	30.06.2025 at 12:00 hrs
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	30.06.2025 at 12:30 hrs
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	**ATM-LKO-LKO-Gen-43-25-1 (ATM-General)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	13.06.2025
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	30.06.2025 at 12:00 hrs
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	30.06.2025 at 12:40 hrs
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	**ATM-LKO-LKO-Gen-42-25-1 (ATM-General)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	13.06.2025
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	30.06.2025 at 10:00 hrs
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	30.06.2025 at 12:50 hrs
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	**ATM-LKO-LKO-Gen-36-25-1 (ATM-General)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	11.06.2025
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	26.06.2025 at 10:00 hrs
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	26.06.2025 at 10:30 hrs
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	**ATM-LKO-AMG-Gen-22-24-2 (ATM-General)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	11.06.2025
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	26.06.2025 at 10:00 hrs
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	26.06.2025 at 10:40 hrs
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	**ATM-LKO-LKO-Gen-35-25-1 (ATM-General)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	11.06.2025
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	26.06.2025 at 10:00 hrs
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	26.06.2025 at 10:50 hrs
नीलामी का प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	**E-Auction Module of www.ireps.gov.in**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1787/2025

दवा काउंटर के पंखे में आग लगने से मची अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सिविल अस्पताल में घटना के दौरान फायर अलार्म सिस्टम भी नहीं चले
- कर्मचारी ने पावर कट कर आग पर पाया काबू

अमृत विचार : हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के दवा काउंटर के पंखे में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान फायर अलार्म सिस्टम भी नहीं चले। कर्मचारी ने पावर कट कर आग पर काबू पाया।

सिविल अस्पताल में मंगलवार को दवा काउंटर पर भीड़ थी। तभी छत के पंखे में धुएं के साथ आग की लपटें निकलने लगीं। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। दवा बांट रहे लोग जान बचाकर भागते नजर आए। इस दौरान फायर अलार्म सिस्टम भी नहीं चले। घटना की सूचना तत्काल अस्पताल के बिजली कर्मियों को दी गई। इस दौरान अस्पताल कर्मचारियों ने दवा के लिए आए लोगों को वहां से हटाया और खिड़की बंद करके अंदर रखे दवाओं के गत्ते हटाने में लग गए। बिजली कर्मियों ने बिजली आपूर्ति रोककर आग बुझाई। अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि सिर्फ पंखे से धुआं निकला था। जिसे फौरन दुरुस्त करा लिया गया। अचानक से धुआं निकलने कारणों का पता लगाया जा रहा है।

हड़ताल में शामिल होंगे ग्रामीण मजदूर

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन राज्य कमेटी बैठक मंगलवार को 10 विधानसभा मार्ग स्थित कार्यालय पर हुई। इसमें प्रस्ताव पास कर 9 जुलाई को मजदूर संगठनों से आम हड़ताल में शामिल होने की अपील की गई। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव बी. बैंकट ने बताया कि मनरेगा का बजट दो लाख करोड़ रुपये करने, वर्ष में 200 दिन रोजगार, मजदूरी की दर 600 रुपये करने, वृद्धावस्था, विधवा, विकलांग पेंशन 5000 रुपये मासिक करने, गरीबों के लिए बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य व प्रति यूनिट 10 किग्रा मुफ्त राशन, भूमिहीन खेत मजदूरों को दो एकड़ भूमि देने और बढ़ती महंगाई पर अंकुश जैसी मांगें उठाई जाएंगी।

बाल श्रम समाप्त करने को सामूहिक भागीदारी पर जोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित उप श्रमायुक्त व अन्य। अमृत विचार

- मंडलीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

अमृत विचार : उप्र. सरकार की ओर से अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर 12-17 जून तक बाल श्रम निषेध सप्ताह मनाने और इस अवसर पर बालश्रम के विरुद्ध आम जनमानस को जागरूक करने के लिए निर्देश दिये गये हैं। इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के क्रम में मंगलवार को लखनऊ पब्लिक स्कूल की सेक्टर-सी सुशांत गोल्फ सिटी शाखा में मंडलीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी, यूनीसेफ के पदाधिकारियों, आईआईए औद्योगिक प्रतिष्ठानों के पदाधिकारी, व्यापार मंडल, ईंट भट्ठा एसोसिएशन, गैर-सरकारी संगठनों के पदाधिकारियों, भारतीय मजदूर संघ, राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस, हिंद मजदूर सभा, श्रम सलाहकार संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में पदाधिकारियों ने इस कुप्रथा को समाज से समाप्त करने के लिए सामूहिक भागीदारी पर बल दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं ARPIT SINGH पुत्र RANA PARTAP SINGJ ग्राम भडुआ सोमबाणसी पोस्ट बिशुनपुर बैरिया गोण्डा का रहने वाला हुँ अब मेने अपना नाम बदल ARPIT KUMAR राख लिया हे अब भविष्य मे मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना वा पहचाना जाय।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम ARCHANA DWIVEDI था। जिसे मैंने बदलकर ARCHANA कर लिया है भविष्य मैं मुझे इसी ARCHANA नाम से जाना व पहचाना जाए

सूचना

पहले मेरा नाम सईद (SAEED) था, अब मैं अपना नाम बदलकर सईद अहमद (SAEED AHMAD) रख रहा है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O SHAKIR R/O KUMASI RASHARA, POST- NANDRAI P.S.- BALDIRAI, DIST- SULTANPUR- 227814

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम मोहम्मद आजाद लियाकत खान (MOHAMED AZAD LIYAKAT KHAN) था। अब मैं अपना नाम बदलकर मो0 आजाद खान (MOHD AZAD KHAN) रख रहा हूँ, मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O LIYAKAT KHAN, R/O PURE MADDE KHAN SARKAURA, P.S.- KURWAR DIST- SULTANUR- 228155

सूचना

सूचित हो कि मै **कुसुमा चौरसिया पत्नी राम औतार निवासिनी– बरौरा हुसैनबाड़ी राजा विहार बाला गंज थाना –ठाकुरगंज जिला लखनऊ।** मैने अपने छोटे पुत्र नीरज चौरसिया को उसके व्यवहार से नाराज होकर समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। अब मेरे पुत्र नीरज के व्यवहार में बदलाव आ गया है, उसके व्यवहार से मेरी नाराजगी दूर हो गयी है इसलिए वह अपने पूर्व में लिये गये बेदखली के निर्णय को वापस लेती है। अब मेरा छोटे पुत्र नीरज चौरसिया मेरी समस्त चल–अचल सम्पत्ति के अपने हिस्से के उत्तराधिकारी रहेगें उन्हें मेरी सम्पत्ति में सभी विधिक अधिकार वैसे ही मिलेंगें जैसे एक पुत्र को मिलेंगे।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बेटे अंश उम्र 12वर्ष का नाम आधारकार्ड में गलती से धर्मेंद्र लिख गया है जबकि स्कूल परिवार रजिस्टर व जन्मप्रमाण पत्र में अंश ही दर्ज हैं यही सही हैं। अतः बेटे का नाम आधारकार्ड में भी अंश दर्ज होना आवश्यक है व उसे इसी नाम से जाना जाय। **रामविलास निवासी ग्राम अमदही पूरे तारा तरबगंज गोण्डा।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **बागीश मिश्रा पुत्र शिव कुमार मिश्रा निवासी म्योढ़ा, साण्डी, हरदोई।** मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नं0–B/817/HDI/05 दिनांक 11.01.2005 में मेरा नाम बागीश मिश्रा अंकित है परन्तु रिकार्ड में योगेश मिश्रा अंकित है जो कि अशुद्ध है। अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा शुद्ध नाम बागीश मिश्रा अंकित कर संशोधित ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाये।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष 2003 अनुक्रमाक 7411398 का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **विश्वनाथ शुक्ला पुत्र गणेश प्रसाद शुक्ला निवासी काशीपुर थाना कोतवाली करनैलगंज जिला गोंडा, उ. प्र**

सूचना

मैं **अनूप कुमार पुत्र शैलेंद्र कुमार ग्राम रमुवापुर दुबई पोस्ट देवगांव थाना खीरों रायबरेली** का निवासी हूं। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में पिता का नाम शैलेंद्र शुक्ला अंकित है जो गलत है। मेरे डीएल में पिता का नाम शैलेंद्र कुमार होना चाहिए। शैलेंद्र कुमार ही मेरे पिताजी का सही नाम है।

सूचना

मेरा पुत्र जफर खान मेरे कहने सुनने में नही है। उसका चाल–चलन ठीक नहीं है। मैं उसके असमाजिक गतिविधियों से तंग आ गया हूं। आज से मैं उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता हूँ। आज की तारीख से उसका मुझसे मेरी तमाम जायजात से कोई वास्ता सरोकार नही रहेगा। **प्रार्थी मो0 रफीक खान सुत मन्सब खान साकिन पूरे अहबल मजरा पूरब रवनिया डाकखाना अलीगंज थाना कुड़वार तहसील सदर, जनपद सुलतानपुर (ऊप्र)।**

भिक्षावृत्ति के खिलाफ जल्द शुरू होगा दूसरा चरण

विशेषज्ञों का पैनल लोगों को भिक्षावृत्ति को हतोत्साहित करने के लिए करेगा जागरूक

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार : जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराने व उनके परिवारों को चिन्हित करके उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए बैठक हुई। इसमें टास्क फोर्स के कार्यों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि रेस्क्यू किये गए बच्चों को तुरंत स्कूल चलो अभियान के तहत दाखिला दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के दूसरे चरण में आम जनता को भिक्षावृत्ति को प्रोत्साहित न करने के लिए जागरूक किया जाएगा। इस अभियान के लिए 9 विशेषज्ञों का पैनल भी तैयार किया गया है। जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को बाहरी जनपद के भिक्षावृत्ति में संलिप्त लोगों को चिन्हित करते हुए संबंधित जनपद के जिलाधिकारियों को उनके पुनर्वासन के लिए पत्र भेजने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, एसीपी, अपर नगर मजिस्ट्रेट, प्रथम, द्वितीय, पंचम, सप्तम, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, प्रभारी एन्टी ह्यूमन टैफिकिंग यूनिट, सेन्टर मैनेजर, वन स्टाप सेन्टर, प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर, चाइल्ड हेल्पलाइन, स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

एनसीसी कैडेट्स ने किया रक्तदान

कमांड हॉस्पिटल में रक्तदान करते एनसीसी कैडेट्स।

अमृत विचार, लखनऊ : एनसीसी ग्रुप लखनऊ के तत्वावधान में मंगलवार को ब्लड बैंक कमांड हॉस्पिटल और 19 यूपी गर्ल्स बटालियन द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। छावनी स्थित कमांड हॉस्पिटल, सेंट्रल कमांड में एनसीसी कैडेट्स ने रक्तदान करके सामुदायिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का उदाहरण पेश किया। अंतरराष्ट्रीय रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में शिविर का आयोजन हुआ। एनसीसी कैडेट्स ने सक्रिय रूप से रक्तदान किया और इसके महत्व बताते हुए जागरूकता फैलाई। ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव, कमांडर एनसीसी ग्रुप लखनऊ ने कैडेट्स के निस्वार्थ योगदान की सराहना की।

इस बार बदले मार्ग से निकाली जाएगी जगन्नाथ रथ यात्रा

24 को होगी कार्यक्रम की शुरुआत, 27 को रथ पर निकलेंगे भगवान

जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव को लेकर आयोजित बैठक में चर्चा करते पदाधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: डालीगंज स्थित माधव मंदिर के 64वें वार्षिकोत्सव और जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव कार्यक्रम की तैयारी को लेकर मंगलवार को बैठक हुई।

इसमें पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस बार वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का पांच दिवसीय किया जाएगा। भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा इस बार बदले मार्ग से 27 जून को निकाली जाएगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि 24 जून को संगीतमय सुंदरकांड से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। 25 को सामाजिक, चिकित्सक एवं वरिष्ठजन का सम्मान किया जाएगा। 26 को सामूहिक हवन यज्ञ और 27 को जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। 28 को जगन्नाथ दर्शन के साथ कृष्ण लीला और भंडारे का आयोजन लइया मंडी में होगा। इसमें जगन्नाथ जी का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि इस बार रथ यात्रा मार्ग में बदलाव किया गया है। डालीगंज स्थित माधव मंदिर से शुरू होकर यात्रा, हसनगंज कोतवाली, डॉ. पन्ना लाल बाजार, डालीगंज मानस मंदिर, राम लीला मैदान, डालीगंज पुल, डालीगंज बाजार होते हुए मंदिर पर सम्पन्न होगी। बैठक में इस अवसर पर अध्यक्ष बिहारी लाल साहू, ओमकार जायसवाल, घनश्याम दास अग्रवाल, गोविंद साहू, दिनेश अग्रवाल, राकेश साहू, श्याम जी साहू, दीपक मल्होत्रा और आरुष अग्रवाल मौजूद रहे।

बदमाशों ने चालक को बंधक बनाकर पीटा, लूटी कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चालक ने बाराबंकी सिटी कोतवाली में की शिकायत

अमृत विचार: अवध बस अड्डे के पास से अर्टिगा कार बुक करके बदमाशों ने बाराबंकी में कार लूट ली। विरोध करने पर बदमाशों ने चालक को पीटा। फिर धक्का देकर सड़क किनारे फेंक कर बदमाश फरार हो गए। पीड़ित रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए बाराबंकी की सिटी कोतवाली पहुंचा तो वहां पुलिस ने घटना लखनऊ बताकर टरका दिया। गोंडा के लाहौरगंज निवासी इकबाल कॉमर्शियल अर्टिगा चलवाते हैं। उनकी अर्टिगा कलीम चलाता है। चालक कलीम ने बताया कि 15 जून की रात 11:15 बजे अवध बस अड्डे से दो लोगों ने अर्टिगा गाड़ी बुक की। वह दोनों को लेकर बाराबंकी की तरफ जा रहे थे। रास्ते में आलापुर मोड़ के पास कार में बैठे दो बदमाशों ने चालक कलीम को बंधक बना लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने मारपीट करते हुए मोबाइल लूट लिया। इसके बाद अर्टिगा लूट ली। चालक को सड़क किनारे फेंक कर कार लेकर फरार हो गए। पीड़ित रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए बाराबंकी स्थित सिटी कोतवाली पहुंचा।

योग दिवस पर 380 पार्कों में कार्यक्रम करेगा नगर निगम

मुख्य कार्यक्रम झंडी पार्क में, महापौर सुषमा खर्कवाल होंगी शामिल, लाइव दिखाया जाएगा दिल्ली का कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को नगर निगम शहर के 380 पार्कों में सुबह 6 बजे से योग कार्यक्रम कराएगा। मुख्य कार्यक्रम नगर निगम मुख्यालय के सामने झंडी पार्क में महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में होगा। यहां दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सहभागिता वाले योग कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया जाएगा। इसके लिए एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी। सभी आठ जोन के मुख्य 8 पार्कों में जोनल अधिकारी योग कार्यक्रम में तैनात रहेंगे। इसके अलावा अन्य पार्कों में नगर निगम के राजस्व निरीक्षक, सुपरवाइजर आदि की ड्यूटी लगाई जाएगी। अपर नगर आयुक्त ललित कुमार ने बताया कि आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। पार्षदों को आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग और बैनर आदि लगाए जाएंगे। कई पार्कों में योग कराने के लिए प्रशिक्षक भी मौजूद रहेंगे।

चौक संवाददाता के अनुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में "योग निद्रा : विश्राम से परे आत्म खोज का मार्ग विषय पर खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में वेबीनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. शिवेश शुक्ला , प्रियंका सच्चा रहीं। प्रथम वक्ता शिवेश शुक्ला ने योग निद्रा से जुड़ीं विभिन्न जानकारियां दीं। वेबिनार में देश-विदेश से 250 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। लुआक्टा अध्यक्ष डॉ मनोज पांडेय ने शहरीकरण के दौर में योग और प्राणयाम को महत्वपूर्ण बताया। डॉ. नरेंद्र पाठक, प्राचार्या डॉ. अंशु केडिया ने भी विचार रखे।

पौधरोपण करते संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और निदेशक।

संगीत नाटक अकादमी में हुई योग पर परिचर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत 17 से 21 जून तक होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को अकादमी परिसर में पौधारोपण किया गया।

अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह, निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर, अकादमी और कर्मचारियों ने चन्दन, पारिजात, पपीता, आंवला, कल्पवृक्ष तथा शमी के पौधे लगाए। इसके बाद योग विज्ञान विषय पर परिचर्चा हुई। इसमें वाराणसी से डॉ. गौरव मिश्रा ने ऑनलाइन सहभागिता की। योगाचार्य कृष्णदत्त मिश्रा एवं डॉ. अरुण कुमार बरारी ने स्वस्थ जीवन में योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. बरारी ने बताया कि शुद्ध वायु हमारे जीवन के लिए कितनी आवश्यक है। शुद्ध वायु के लिए वृक्षों का लगाना कितना आवश्यक है। शुद्ध वायु के विषय में डॉ. बरारी ने बताया, वहीं योगाचार्य कृष्णदत्त मिश्र ने वायु के प्रयोग पर प्रकाश डाला। उपाध्यक्ष विभा सिंह ने जीवन में योग के महत्व के बारे में चर्चा की। अकादमी अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत ने कलाकारों के लिए योग की आवश्यकता एवं उसकी महत्ता के बारे में विस्तृत चर्चा की। निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर ने सभी का आभार व्यक्त किया। 19 जून को जनेश्वर मिश्र पार्क में प्रातः 6 बजे से प्रकृति के सानिध्य में योग विषय के अन्तर्गत योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

भातखंडे संस्कृतिक विश्वविद्यालय के जयशंकर प्रसाद सभाकक्ष में वेबिनार में बोलतीं कुलपति प्रोफेसर मांडवी सिंह व अन्य।

कला के जरिए आनंद हासिल करना ही योग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में मंगलवार को ज्ञान और अनुभव का संगम योग शीर्षक पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वेबिनार की शुरुआत हुई। पद्मविभूषण डॉ. सोनल मानसिंह ने वेबिनार का वर्चुअल उद्घाटन किया। 17 एवं 18 जून को चार सत्रों में देश-विदेश के ख्याति प्राप्त योग साधक कलाकार और धर्मगुरु योग पर व्याख्यान देंगे।

पहले दिन मुख्य वक्ता के रूप मेंडॉ. सोनल ने नृत्य और योग के प्रगाढ़ संबंधों का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि गीता में कृष्ण कहते हैं योग कर्मसु कौशलम, इसका अर्थ है कर्म में कुशलता ही योग है। उन्होंने कहा योग के लिए गुरु का होना आवश्यक है। योग की अनेक मुद्राओं के वर्णन के साथ बताया कि योग ऐसा साधन है जो आपको उत्कृष्टम शिखर पर ले जाता है। ये जब सेवा के लिए हो तो सेवा योग कहलाता है। कला के द्वारा आनंद की उपलब्धि ही योग है। उन्होंने अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के मानव चेतना एवं योग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. कामता प्रसाद साहू ने पाचन प्रक्रिया की वृहद व्याख्या योग के माध्यम से की। दिल्ली की ओडिसी नृत्यांगना पद्मश्री रंजना गौहर ने लॉर्ड शिव के रूप में योग की व्याख्या की। गोरखपुर विश्वविद्यालय के ललित कला एवं संगीत विभाग के पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. राजेश्वर आचार्य ने आहत से अनहत नाद तक के विराट स्वरूप की व्याख्या की। राजस्थान विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर डॉ. प्रेम दवे ने गायन एवं नृत्य में स्वांस के नियंत्रण की बात की। इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट मारीशस के इंडो लाजकल स्टडीज के विभागाध्यक्षा डॉ. केवल नायक ने बताया कि हम लोग योग दिवस पर बड़ा आयोजन कर रहे हैं। कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने आभार जताया। कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन ने बताया वेबिनार से विवि के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जोड़ा जाएगा।

स्लोगन लिखकर बताया योग का महत्व

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : टूड़ियागंज के राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर वन अर्थ वन हेल्थ विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों में योग की भूमिका विषयक सेमिनार व स्लोगन प्रतियोगिता हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. माखनलाल ने कहा कि बीमारियों से बचने के लिए योग बहुत जरूरी है। बिना दवा के लोग योग करके स्वस्थ रह सकते हैं। आयोजन समिति में डॉ. अर्पणा जायसवाल, डॉ. जया श्रीवास्तव, डॉ. रेखा रानी, डॉ. यशवंत जुनेजा और निर्णायक मंडल में डॉ. सुधा सिंह, डॉ. अरविंद उपाध्याय, डॉ. शिरीष मिश्र, डॉ. शैलेंद्र कुमार रहे। प्रभारी अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक रोजाना कार्यक्रम होंगे। जीवनशैली वाली बीमारियों में योग की भूमिका प्रतियोगिता में पीजी में डॉ. जूही शाह, डॉ. कर्तिया ए. कोल्हे व डॉ. मंजू बाला विजेता रहे।

यूजी वर्ग में अंकुश यादव, आनंद पांडेय व अभिषेक मौर्य जीते। वन अर्थ वन हेल्थ स्लोगन लेखन पीजी वर्ग में डॉ. ज्योत्सना, डॉ. संगीता, डॉ. ऐश्वर्या व डॉ. शिवानी और यूजी वर्ग में आनंद पांडेय, तान्या साहू, समीर गुप्ता व अभिषेक कटियार विजयी रहे।

प्रतियोगिता के दौरान लिखा गया स्लोगन दिखातीं डॉक्टर। अमृत विचार

कपड़ा व्यापारी के जर्जर मकान की दीवार गिरी, तीन घायल

अमृत विचार, लखनऊ : नाका के गणेशगंज में मंगलवार शाम कपड़ा व्यापारी के जर्जर मकान तोड़ते वक्त एक दीवार भरभराकर गिर गई। जिससे वहां काम कर रहे तीन मजदूर मलबे के नीचे दब गए। सूचना पर पहुंची नाका थाना पुलिस ने घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि गणेशगंज पीपलवाली गली में रमेश गुलाटी के जर्जर मकान की मरम्मत का काम चल रहा था। शाम करीब साढ़े सात बजे मकान की एक दीवार भरभराकर गिर गई। जिससे यहां काम कर रहे मजदूर लखीमपुर ईशानगर निवासी कासिम, अयूब और मोहम्मद मलबे के नीचे दब गए। हादसे के बाद वहां चीखपुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने नाका पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से तीनों मजदूरों को मलबे से निकाला। उसके बाद आनन-फानन सभी घायलों को एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल ले जाया गया। इंस्पेक्टर नाका वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मोहम्मद और अयूब को मामूली चोट आने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी, जबकि गंभीर घायल कासिम को भर्ती कर लिया गया है।

वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर ऐंठे 2 लाख

अमृत विचार: साइबर ठग ने इंस्टा पर मैसेज भेजकर किशोरी को फंसाया। उसके बाद वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर 2 लाख ट्रांसफर करा लिए। जानकारी होने पर मां ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है। दरोगा खेड़ा स्थित कांशीराम कॉलोनी निवासी मीरा कुमारी की बेटी अंशिका का इंस्टाग्राम पर अकाउंट है। कुछ वक्त पहले अंशिका को राइटिंग वर्क फ्राम होम नाम के ग्रुप से मैसेज आया। संपर्क करने पर आरोपियों ने काम पर रुपये देने का झांसा दिया। इसके बाद मुनाफा देने के नाम पर पीड़िता से करीब 2 लाख रुपये टुकड़ों में जमा कराए। मां मीरा कुमारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीलीभीत के गांवों में 2002 से चल रहा धर्मांतरण : जग्गी

आल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल ने विधायक व सांसद से विकास कार्य कराने की मांग की

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेल्फेयर काउंसिल और लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने प्रदेश में अंधविश्वास में लिप्त लोगों का प्रलोभन केजरिये धर्मांतरण रोकने के मामले में सरकार से कड़े कदम उठाने की मांग की है।

मंगलवार को यूपी प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी और गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा ने बताया कि नेपाल बार्डर पर पीलीभीत में 2002 से धर्मांतरण कराया जा रहा है। पीलीभीत के गांवों में हजारों राय सिखों का धर्म परिवर्तन कराया गया है। इसे रोकने के लिए जल्द ही प्रदेश में सभाएं, जनसंवाद और धार्मिक जागरूकता अभियान चलाएंगे। जग्गी और बग्गा ने कहा कि सरकार इस बात की जांच कराए की धर्मांतरण कराने वाले जो पैसा बांटते हैं, वह कहां से लाते हैं। क्या इनकी कोई बी-टीम भी है। सरकार रोजगार, मेडिकल और शिक्षा की व्यवस्था का लोगों को जागरूक करे।

जग्गी ने पीलीभीत के सांसद और विधायक से अपनी निधि से विकास कार्य करवाने की मांग की। जग्गी ने बताया कि योगी सरकार ने पीलीभीत में धर्मांतरण के रैकेट को लगभग बंद कर दिया है। योगी सरकार से शिक्षा लेकर पंजाब सरकार को भी धर्मांतरण को रोकना चाहिये। विदेशी एजेंसियों के हाथ होने के साक्ष्य के रूप में कोरियन कलेंडर और प्रोटेस्टेट प्रचार सामग्री प्राप्त हुई है। अब तक पीलीभीत पुलिस 15 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। रैकेट को चलाने वालों को नारकोटिक्स की धाराओं में जेल भेजा जा चुका है। मुख्यमंत्री, पीलीभीत के जिलाधिकारी जितेन्द्रर सिंह, एसपी अभिषेक यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि अधिकारियों ने कठोर कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुद्वारा कमेटी बल्हा पीलीभीत के अध्यक्ष गुरुदयाल सिंह, सचिव परमजीत सिंह एवं जरनैल सिंह ने समाज सेवी संस्थाओं से अपील है कि वह अपने क्षेत्र में जाकर करें कि कहीं धर्मांतरण तो नहीं हो रहा। ऐसा है तो जानकारी दें। सरदार देवेन्दर सिंह बग्गा और तेजपाल सिंह रोमी अध्यक्ष गुरुद्वारा सदर ने भी धर्मांतरण पर चिंता जताई। डॉ. हरमीत कौर (कानपुर) ने कहा कि हमें इस समस्या की जड़ तक जाना होगा।

प्रेसवार्ता में जानकारी देते हरपाल सिंह जग्गी , राजेन्द्र सिंह बग्गा और अन्य।

सार-संक्षेप

भंडारे के मौके पर उपस्थित आयोजनकर्ता। अमृत विचार

कांशीराम सांस्कृतिक स्थल पर भंडारे का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : बंग्ला बाजार स्थित काशीराम सांस्कृतिक स्थल पर भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे भंडारा शुरू हुआ। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान जी की पूजा-अर्चना और भोग अर्पण से हुई। आयोजक पार्क प्रबंधक अभिनव सिंह ने कहा कि बालाजी में उनकी गहरी आस्था है। यह आयोजन धार्मिक होने के साथ जनसेवा और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। श्रद्धालुओं के लिए पूड़ी, सब्जी,शरबत,छोला चावल की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में नेहा सिंह, मनीष, धर्मेन्द्र यादव, महेश यादव, डॉ. नीति टंडन समेत अन्य लोगों ने भी सहयोग किया।

भंडारे में प्रसाद वितरित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

सदर कैंट में हुआ भंडारे का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : मंगलवार को सदर बाजार कैन्ट में विशाल भंडारे का आयोजन शिव कुमार साहू, आशीष गुप्ता, अंकुर साहू व पुनीत अग्रवाल द्वारा किया गया। भंडारे में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, छावनी परिषद लखनऊ के मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर ने प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर पूर्व सह-मडिया प्रभारी अवध क्षेत्र भाजपा सतबीर सिंह राजू, रूपा देवी, मण्डल अध्यक्ष-4 संजय दयाल, पूर्व सभासद अमित शुक्ला, पूर्व सभासद छावनी परिषद मौजूद रहे।

स्वास्थ्य सेवाओं को तकनीक से जोड़ने की जरूरत

अमृत विचार, लखनऊ : स्वास्थ्य सेवाओं को तकनीक से जोड़ने की जरूरत है। इस दिशा में काफी काम भी चल रहा है। इससे सरकार की योजनाओं को जरूरतमंदों तक आसानी से पहुंचाया जा सकता है। बीमारियों पर सीधे हमला भी बोला जा सकता है। यह बातें चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट ने दी। वह मंगलवार को कैंसर संस्थान में स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांक कार्यालय को संबोधित कर रहे थे। निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट ने कहा कि स्वास्थ्य योजना में वैज्ञानिक निर्णय बेहद अहम होते हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी ग्रामीण स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी काम किया जाना है।

फैसला मुतवल्लियों को वक्फ और स्वयं के बारे में देनी होगी विस्तृत जानकारी

उम्मीद पोर्टल पर अपलोड होगा वक्फ संपत्तियों का ब्यौरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ वक्फ संपत्ति से होने वाली आय और मुतवल्ली का सालाना भत्ता भी भरना होगा

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड के इंदिरा भवन स्थित कार्यालय में मंगलवार को बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ज़ीशान रिज़वी ने प्रशासनिक अधिकारी हसन रज़ा एवं स्टाफ के साथ बैठक की। इस महत्वपूर्ण बैठक में चेयरमैन अली ज़ैदी ने कमेटियों और मुतवल्लियों के नवीनीकरण के कार्यों पर आदेश जारी कर स्थाई तौर पर रोक लगा दी। यह फ़ैसला उम्मीद एक्ट 1995 सेंट्रल पोर्टल पर वक़्फ़ सम्पतियों और उनसे संबंधित डेटा अपलोडिंग के अति महत्वपूर्ण कार्य को समय सीमा के अंदर कराने की दृष्टि से लिया गया है।

बोर्ड कार्यालय में केवल न्यायालयों के आदेशों के अनुपालन में और वक़्फ़ सुरक्षा एवं संग्रक्षण से संबंधित अति महत्वपूर्ण कार्य ही संपादित होंगे। बोर्ड के अधीन समस्त मुतवल्लियों, प्रबंध कमेटियों और प्रशासकों को सचिव अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में भारत सरकार द्वारा निर्मित उम्मीद एक्ट 1995 के केन्द्रीय वक्फ पोर्टल में मुतवल्ली का नाम, उसका पता, वक्फ की विस्तृत जानकारी, वक्फ भूमि का राजस्व रिकार्ड, अतिक्रमण की स्थिति, संपत्ति से आय आदि की जानकारी अपलोड करनी होगी।



पोर्टल पर अपलोड किए जाने वाले नियमों में स्पष्ट किया गया है मुतवल्ली की उम्र 21 वर्ष से कम न हो।

मुतवल्ली का ई-मेल एड्रेस, उसका पता प्रमाण, उसकी तस्वीर, वक्फ पंजीकरण डाटा, सरकार द्वारा जारी पट्टा नम्बर, खाटा नंबर , संपत्ति की नापजोख, वक्फ संपत्ति का पता, मुतवल्ली का सालाना भत्ता, मुतवल्ली का आधार कार्ड, उसकी वोटर आईडी इत्यादि भी पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। इस संबंध में बोर्ड प्रदेश के सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकरियों को आदेश भेज रहा है कि इन कार्यों को जल्द से जल्द सम्पन्न कराएं।

ईरान-इराक में फंसे जायरीनों को सुरक्षित लाए सरकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मौलाना डॉ. यासूब अब्बास ने की मांग

अमृत विचार: ईरान और इराक में फंसे भारतीय जायरीनों की वापसी के लिए आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना डॉ. यासूब अब्बास ने प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है।

प्रधानमन्त्री को लिखे पत्र में यासूब अब्बास ने कहा है कि ईरान और इजराइल के बीच जारी युद्ध के हालात को देखते हुए सरकार भारतीय शिया श्रद्धालुओं (ज़ायरीनों) की सुरक्षित वापसी की व्यवस्था कराए।

मौलाना ने अपने पत्र में लिखा है कि ईरान और इराक में शिया समुदाय के सर्वोच्च धार्मिक स्थल हैं, जहां हर साल भारत से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए जाते हैं। वर्तमान युद्ध की स्थिति के कारण इन ज़ायरीनों को भारी कठिनाइयों और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि भारत सरकार अपने प्रभाव और संसाधनों का उपयोग कर ईरान और इराक़ में फंसे ज़ायरीनों की शीघ्र और सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करे।

एक नजर

झांसा देकर यौन शोषण करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार , लखनऊ : शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण करने वाले आरोपी को गुडंबा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी एक निजी कंपनी में कार्यरत है।इंस्पेक्टर गुडंबा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी अमित सिंह यादव को मिश्रपुर पुलिया से गिरफ्तार किया गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि इलाके की एक युवती ने गांव के ही अमित सिंह यादव (25) के खिलाफ 21 मई को दुष्कर्म, मारपीट व धमकी समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पीड़िता ने बताया था कि 13 वर्ष से गांव के ही युवक से प्रेम संबंध हैं। आरोपी शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता के शादी का दबाव बनाने पर आरोपी और उसके परिजन ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। इंस्पेक्टर का कहना है कि अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

स्मैक कारोबार का विरोध करने पर महिलाओं को पीटा

अमृत विचार , पीजीआई : थाना क्षेत्र के आश्रय कॉलोनी में सालों से चल रहे स्मैक के काले कारोबार के विरोध कर रही महिलाओं पर सोमवार को कुछ महिलाओं ने हमला कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने मारपीट करने वाली चार महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। एल्डिको उद्यान 2 की रहने वाली प्रीति विश्वकर्मा का आरोप है कि कॉलोनी के दर्जनों मकानों में कई वर्षों से नशे का कारोबार चल रहा है। शाम होते ही बाहरी अराजक तत्वों का कॉलोनी में आना जाना लगा रहता है। वह दरवाजा खटखटाते हैं और अंदर से पुड़िया लेकर चले जाते हैं। कई बार बाहरी अराजक तत्वों का विरोध करने पर कॉलोनी वालों के साथ मारपीट व गाली गलौज भी किया गया। पुलिस से भी कई बार शिकायत की गयी लेकिन ये कारोबार बंद नहीं हो सका।

कॉल सेंटर की आड़ में चला रहे थे साइबर ठगों का गिरोह

दक्षिणी जोन की सर्विलांस टीम, बंथरा और सरोजनीनगर पुलिस ने नौ को दबोचा , चचेरे भाई मिलकर चला रहे थे गिरोह, एक गिरफ्तार

संवाददाता, सरोजनीनगर

- एयरलाइंस में नौकरी दिलाने का झांसा देकर कर रहे थे ठगी

अमृत विचार: बंथरा और सरोजनीनगर में कॉल सेंटर खोलकर साइबर ठगी का गिरोह संचालित किया जा रहा था। मंगलवार को दक्षिणी जोन की सर्विलांस टीम, बंथरा और सरोजनीनगर की पुलिस ने छापेमारी कर नौ जालसाजों को गिरफ्तार किया। इस गिरोह का संचालन दो चचेरे भाई कर रहे थे। एक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। दूसरे मसूरी भाग गया है। उसकी तलाश में पुलिस टीम रवाना कर दी गई है। आरोपी एयरलाइंस में नौकरी दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी कर चुके है। गिरफ्तार

आरोपियों में पांच महिलाएं और चार पुरुष शामिल हें।

डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल के मुताबिक सरोजनीनगर पुलिस ने सर्विलांस की मदद से दारोगा खेड़ा निवासी कुलदीप और प्रियंका, शालू और आंचल शर्मा को गिरफ्तार किया। वहीं, बंथरा पुलिस ने बिहार के वैशाली निवासी संतोष कुमार, रायबरेली के सरैनी निवासी अजय प्रताप सिंह, बंथरा निवासी अमित सिंह, सरोजनीनगर निवासी ब्रशाली और आरती सिंह को पकड़ा है। डीसीपी दक्षिणी के मुताबिक यह गिरोह दो वर्षों से संचालित हो रहा था। यह गिरोह ऑन लाइन कूटरचित व फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कर सैकड़ों बेरोजगारों से ठगी कर चुका है। पुलिस टीम गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

आरोपियों के पास से मिला जाली नियुक्ति पत्र

एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि उनके गिरोह ने एयर इंडिया, विस्तारा एयरलाइन्स, टाटा मोटर्स और टीसीएस में नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगारों से ठगी की है। आरोपियों के पास से जाली नियुक्ति पत्र भी बरामद हुए हैं। आरोपियों ने बताया कि कोई पीड़ित अगर ज्यादा पूछताछ करता है तो उसका नंबर तत्काल ब्लॉक कर देते हैं। ताकि कोई पकड़ न सकके।

18 मोबाइल, छह लैपटॉप, एक कार व अन्य सामान बरामद

डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल के मुताबिक कॉल सेंटर खोलकर ऑन लाइन बेरोजगारों से ठगी का गिरोह दो चचेरे भाई संचालित कर रहे थे। दोनों बिहार के वैशाली स्थित सहदई सरायधनेश के रहने वाले हैं। एक सरगना संतोष कुमार सिंह है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं चचेरा भाई संदीप सिंह है। जो मसूरी में है। उसकी तलाश में पुलिस टीम दबिश देने के लिए रवाना हो गई है। पुलिस टीम ने दोनों कॉल सेंटर से 18 मोबाइल, छह लैपटॉप, एक कार व अन्य सामान बरामद किया गया है।

वेतन के अलावा मिलता था कमीशन

एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय ने बताया कि पकड़े गए कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें सरगना आठ हजार रुपये प्रतिमाह सैलरी देता था। साथ ही बेरोजागरों को आइडी बनाने, दस्तावेज सत्यापन, पुलिस सत्यापन समेत अन्य प्रक्रिया के नाम पर 30 से 35 हजार रुपये वसूलते हैं। इसी आधार पर आठ से दस प्रतिशत कमिशन मिलता है। अगर आइडी बनाने के बाद वह आगे कुछ नहीं करता है, तो कमिशन नहीं दिया जाता है।

पूर्व महिला के इनपुट पर मारा छापा

इंस्पेक्टर बंथरा राणा राजेश सिंह व सरोजनीनगर राजदेव राम प्रजापति के मुताबिक कुछ नंबरों से साइबर ठगी की शिकायत मिली थी। उसी में एक पूर्व महिला कर्मचारी का नंबर मिला। उसको ट्रेस किया गया, तो उसने काल सेंटर के बारे में जानकारी दी। तब जाकर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापे मारी की तो पता चला कि बंथरा में घर और सरोजनीनगर में दुकान में काल सेंटर चल रहा था।

टक्कर से खुला कार का एयरबैग, बची जान

अमृत विचार, आलमबाग: थाना क्षेत्र के फतेह अली पुलिस चौकी के पास बेकाबू कार ने सामने से अधिवक्ता की कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का एयरबैग खुल गया। निगोहां के मीरकनगर निवासी अधिवक्ता विनीत तिवारी सोमवार रात परिवार के साथ कार से घर जा रहे थे। उस दौरान फतेहअली पुलिस चौकी निकट सामने से आ रही कार के चालक ने नशे की हालत में उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि विनीत की कार का एयरबैग खुल गया। वहीं, पीड़ित का कहना था कि दुर्घटना से उनकी कार में बैठे परिजन को गंभीर चोटें आईं हैं। उनका कहना है कि दुर्घटना के बाद पुलिस ने जब उक्त वाहन चालक की जांच की, तो वह शराब के नशे में धुत था।

बिरयानी गर्म करते सिलेंडर में लगी आग, दो बाइकें जली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: सरोजनीनगर में मंगलवार दोपहर दुकान में बिरयानी गर्म करते समय कामर्शियल गैस सिलेंडर में आग लग गई। यह देख कर्मचारियों ने आनन-फानन में सिलेंडर दुकान के बाहर फेंक दिया। जिससे वहां खड़ी दो बाइकें भी जल गईं। किसी तरह से लोगों ने आग पर काबू पा लिया।

कानपुर रोड स्थित एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे के पास दिलशाद की मुरादाबादी चिकन बिरयानी नाम से दुकान है। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे दुकान के कर्मचारी बिरयानी गर्म कर रहे थे। इसी दौरान सिलेंडर में अचानक आग लग गई। यह देख कर्मचारी घबरा गए। कर्मियों ने सिलेंडर को बाहर फेंक दिया। सिलेंडर दुकान के बाहर दो बाइकों के पास गिरा, जिससे गाड़ियों में आग लग गयी। यह देख वहां मौजूद भाजपा नेता विनोद सिंह ने सिलेंडर का रेगुलेटर बंद कर दिया। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

बताया जा रहा है कि आग की चपेट में आने से आजाद नगर के रहने वाले पवन तिवारी और चिल्लावां में रहने वाले अभिषेक कश्यप की बाइक जली थी। लोगों ने कुछ देर में आग पर भी काबू पा लिया। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि घटना की जानकारी मिली थी।

पिता-पुत्र ने की थी टैक्सी चालक की हत्या

संवाददाता, मलिहाबाद

- दोनों आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त छुरी, गड़ासा और बाइक बरामद

अमृत विचार: रहीमाबाद के हामिदखेड़ा मवई कला में टैक्सी चालक संजय (40) की हत्या विवाहेत्तर संबंधों के विरोध में हुई थी। रहीमाबाद पुलिस ने लिवइन में रहने वाली प्रेमिका के पहले पति सुनील और बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। सुनील ने दो साल पहले पत्नी को छोड़ दिया था। इसके बाद वह संजय के साथ रहने लगी थी। इसी खुन्नस में सुनील ने अपने 19 वर्षीय बेटे के साथ मिलकर संजय को बांके से काट डाला था। पुलिस ने आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त गड़ासा, छुरी व बाइक बरामद कर ली है।

एडीसीपी उत्तरी जितेंद्र कुमार

दुबे ने बताया कि आरोपी सुनील और उसका बेटा दिव्यांश दोनों मड़ियांव के ताड़ीखाना नायक नगर के रहने वाले हैं। दोनों को मंगलवार दोपहर हरदोई-लखनऊ रोड के जालामऊ मोड़ के पास से पकड़ा गया। हत्याकांड में संजय की मां रामदुलारी ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। उन्होंने बताया था कि रविवार रात वह संजय और दोनों पौत्र घर में सो रहे थे। इस बीच देर रात किसी ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोला तो सुनील और एक अन्य था।

दोनों घर के अंदर घुसने लगे। विरोध पर उन्होंने पीटा और गला दबाया। शोर सुनकर संजय बचाव में दौड़ा तो उसपर छुरी और गड़ासे से हमला बोल दिया। धक्का देकर संजय भागा तो गांव से नहर तक दोनों उसे दौड़ाते हुए ले गए। बचने के लिए संजय नहर में कूद गया। इसके बाद दोनों आरोपी भी नहर में कूदे और संजय को खींचकर बाहर लाए। फिर ताबड़तोड़ धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी।

तत्काल कोटे के कंफर्म टिकट बरामद , दो लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: रेलवे सुरक्षा बल उत्तर व पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ की क्राइम ब्रांच ने ऑपरेशन उपलब्ध चलाकर लखनऊ एयरपोर्ट से टिकट लेकर उसकी डिलीवरी करने जा रहे दो कैरियर को लखनऊ जंक्शन के पार्सल कार्यालय के पास से गिरफ्तार किया है। उनके पास 1.35 लाख रुपये की कीमत के 20 तत्काल कोटे के कंफर्म टिकट बरामद हुए हैं।

आरपीएफ क्राइम ब्रांच के उपनिरीक्षक प्रशांत सिंह यादव ने बताया कि बाजारखाला थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद कैफ और गौरव उर्फ प्रिंस को संदिग्ध दिखने पर

पूछताछ की। उनके पास से 16 जून की यात्रा का एक मूल और 19 टिकटों की छायाप्रति बरामद की गई। यह टिकट दक्षिण मध्य रेलवे के अलग-अलग स्टेशनों के काउंटरों से दलालों के आर्डर पर बनाए गए हैं। इस मामले में मुंबई की ट्रैवल एजेंट मनीष कामदार मयूरू गणेण और सीसीएस एयर पोर्ट कार्गो सर्विस के कुछ कर्मचारियों के नाम भी सामने आए है। जांच की जा रही है जल्द इनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

प्लाईवुड कारोबारी व डॉक्टर समेत पांच के बंद मकान में लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीसी कैमरे में कैद हुए चोर पड़ताल शुरु
- चिनहट, इंदिरानगर, गुडंबा व कृष्णानगर की घटना

अमृत विचार: चिनहट में चोर ने प्लाईवुड कारोबारी के बंद मकान को निशाना बनाया। बाउंड्री वॉल फांदकर घर में घुसे चोर ने खिड़की तोड़कर नकदी व जेवर समेत करीब 23 लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। सीसी कैमरे में एक चोर कैद हुआ है। वहीं, इंदिरानगर, गुडंबा और कृष्णानगर में चोरों ने हज पर गए डॉक्टर समेत चार अन्य के बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों का माल चोरी कर लिया। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

शिवपुरी निवासी प्लाईवुड कारोबारी अभिनव आनंद 12 जून को पैतृक निवास जौनपुर गए थे। सोमवार को घर लौटे तो खिड़की टूटी मिली। अंदर जाकर देखा तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियां टूटी थी। उनका कहना है कि चोर अलमारी में रखे करीब 20 लाख के जेवर और 3 लाख नकद पर हाथ साफ कर गए। पुलिस ने छानबीन कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वहीं, इंदिरानगर के जरहरा निवासी कमलेश देवी उपाध्याय ने बताया कि शनिवार को वह अपने दूसरे घर पर थी। इसी दौरान देर रात चोरों ने मुख्य द्वार का ताला तोड़कर 20 हजार और जेवर समेत लाखों रुपये का माल चोरी कर लिया। इसी थाना क्षेत्र के सुग्गामऊ रोड स्थित काशी विहार निवासी सोमा मिश्रा 12 जून को परिवार संग वाराणसी दर्शन करने गई थी। रविवार को घर पहुंचने पर परिवार को चोरी की जानकारी हुई। उधर, मूल रूप से आजमगढ़ निवासी डॉ. मोहम्मद अशरफ आलम गुडंबा स्थित ईडन इंक्लेव में रहते हैं। 15 मई को अशरफ हज पर गए थे। सोमवार को वापस लौटे तो घर खुला और अलमारी का सामान बिखरा मिला। चोरों ने 80 हजार रुपये और लाखों की गहने चोरी किए हैं। साथ ही चोर कैमरे का डीवीआर भी ले गए। गुडंबा पुलिस ने घटनास्थल पर छानबीन कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसके अलावा कृष्णानगर के इंद्रलोक कॉलोनी निवासी अभिषेक गोयल 26 अप्रैल को नौकरी के सिलसिले में परिवार संग बंगलुरु गए थे। 12 जून को वापस लौटे तो चोरी का पता चला। उनका कहना है कि चोर जेवर, कीमती सामान, नकदी और इलेक्ट्रॉनिक सामान ले गए।

लेफ्टिनेंट कर्नल की नौकरानी इयररिंग चुराकर फरार

अमृत विचार, लखनऊ : मूल रूप से तमिलनाडु निवासी लेफ्टिनेंट कर्नल भुवनेश्वरी कैंट स्थित गौर इंक्लेव में रहती हैं। रिटायर्ड सूबेदार महेश कुमार के माध्यम से उन्होंने कुछ दिन पहले ही नौकरानी ममता निवासी फिरोजाबाद को काम पर रखा था। उन्होंने बताया कि 18 मई को हीरे की इयररिंग सास के बैग में डालकर नहाने गई थी। इस दौरान नौकरानी वहां थी। कुछ देर बाद सास भी नहाने चली गई। सास के आते ही नौकरानी ममता बच्चे की बीमारी की बात कहकर चली गई। सास ने बैग देखा तो इयररिंग गायब थी। पीड़िता ने कैंट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ट्रैफिक नियमों को लेकर किया जागरूक, बांटे हेलमेट

संवाददाता, गोसाईंगंज

अमृत विचार: ट्रैफिक पुलिस विभाग ने एसके फाइनेंस कंपनी के साथ मिलकर सुशांत गोल्फ सिटी अहिमामऊ चौराहे पर मंगलवार को ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट के चलने वाले दो पहिया वाहन चालकों को हेल्मेट दिए। साथ ही अपने व परिवार की सुरक्षा के लेकर जागरुक किया।

जागरुकता अभियान का शुभारंभ एसीपी ट्रैफिक इंद्रपाल सिंह ने किया। एसीपी ने कहा कि मार्ग दुर्घटना के दौरान बाइक चालक के साथ-साथ पीछे बैठने वाला शख्स भी घायल होता है।

लखनऊ डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित के निर्देशन में राजधानी में बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों के प्रति चलाये गये जागरुकता अभियान के तहत बांटे गए निशुल्क हेलमेट। अमृत विचार

उन्होंने बाइक चालक समेत पीछे बैठने वाले शख्स को सुरक्षा के लिए हेल्मेट पहनना अनिवार्य बताया। इस दौरान बिना हेल्मेट पहने दो पहिया वाहनों से गुजर रहे लोगों को रोका गया।

हेल्मेट देकर सुरक्षा को लेकर जागरुक किया गया ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। अभियान में यातायात निरीक्षक लाइन शैलेष पांडेय, एसआई विकास सिंह व अन्य मौजूद रहे।

प्रॉपर्टी डीलर गोलीकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: सर्वोदयनगर में प्रॉपर्टी डीलर व होटल संचालक मुर्सलीन पर ताबड़तोड़ फायरिंग मामले में गाजीपुर पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस वारदात में शामिल सात आरोपियों को अभी तक जेल भेज चुकी है। छह आरोपी अभी भागे हुए हैं। पुलिस उनकी तलाश में छापेमारी कर रही है।

इंस्पेक्टर विकास राय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अतुल यादव इंदिरानगर के अमराई गांव का रहने वाला है। सोमवार रात पुलिस ने सर्विलांस की मदद से अतुल यादव को गिरफ्तार किया। आरोपी अतुल पर इंदिरानगर थाने में चार और मामले दर्ज हैं। 25 मई की शाम को प्रॉपर्टी डीलर मुर्सलीन पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने पहले ही सात आरोपियों अनिमेष, अनिकेत, कौशल उर्फ अमन, फरमान अली, समृद्ध सिंह, अरशल गाजी व फैज रिजवी को जेल भेज चुकी है। इंस्पेक्टर विकास राय का कहना है कि हमले के मामले में भागे हुए छह आरोपियों पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस सभी भागे हुए आरोपियों की तलाश में लगी है।

सेल्स मैनेजर की पत्नी की हत्या में एक और आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार , लखनऊ : सैरपुर की बृजधाम कालोनी में 22 मार्च को नायक हॉस्टल में मारपीट के बाद फार्मा कम्पनी के एरिया सेल्स मैनेजर की पत्नी सारिका श्रीवास्तव (43) की हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में छह आरोपी पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। सातवें और अंतिम आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।

एसओ मनोज कुमार कोरी ने बताया कि बृजधाम कालोनी में हॉस्टल में रहने वाले युवकों से कुछ लोगों ने मारपीट की थी। हॉस्टल के सामने रहने वाले सेल्स मैनेजर श्याम जी श्रीवास्तव की पत्नी सारिका श्रीवास्तव ने अपने घर के सामने मारपीट और गाली गलौज करने से मना किया तो हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी थी। गंभीर रूप से घायल सारिका ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया था।

एसओ ने बताया कि पति श्यामजी श्रीवास्तव की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पूर्व में कार्तिकेय गुप्ता, अमन गुप्ता, मोहित मिश्र, संदीप सिंह चौहान, पुनीत मिश्रा और रवि को जेल भेजा था। मंगलवार को सीतापुर रोड पर बीज निगम कार्यालय के पास से विकास नगर के विष्णुपुरी निवासी आरोपी चंद्रसेन वर्मा को भी गिरफ्तार किया है। चंद्रसेन भी हॉस्टल में मारपीट और घटना की पूरी साजिश में शामिल था। आरोपी एक डेंटल हॉस्पिटल में काम करता है।

सीए ने प्लॉट का झांसा देकर महिला से ठगे 20 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिकायत पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर धमकाया
- कोर्ट के निर्देश पर निगोहां थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई

अमृत विचार: ऐशबाग की रहने वाली महिला ने निगोहां थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि आरोपी सीए ने प्लॉट बिकवाकर भरोसा जीता। उसके बाद निगोहां स्थित प्लॉट पर कब्जा दिलाने का झांसा देकर करीब 20 लाख रुपये ऐंठ लिए। रुपये देने के बाद भी काम न होने पर पीड़िता ने संपर्क किया तो आरोपी ने गाली-गलौज कर धमकाया। एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर सीए समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी गयी है।

ऐशबाग स्थित वॉटर वर्क्स रोड निवासी सुनीता जायसवाल की मोहनलालगंज के ग्राम मीनापुर में एक जमीन थी। उन्होंने बताया कि वह अपनी जमीन बेचना चाहती थी। सीए तबरेज आलम उनकी फर्म से जुड़ा काम संभालता था। तबरेज के माध्यम से जमीन का सौदा 70 लाख रुपये में मनोज त्यागी से हुआ था। रजिस्ट्री होने के बाद पीड़िता रकम लेकर निगोहां के मस्तीपुर स्थित जमीन देखने पहुंची।

पीड़िता ने बताया कि उक्त जमीन पर पति स्व. रामजी जायसवाल और मनोज त्यागी से कुछ लेनदेन बाकी था। इसी के चलते मनोज उन्हें जमीन पर कब्जा नहीं दे रहे थे। इसपर तबरेज आलम व नरेंद्र सिंह तोमर ने मामले को खत्म कराने का आश्वासन दिया। आरोप है कि आरोपियों ने 20 लाख नकद मनोज को देने के नाम पर लिए। ठगी से अंजान पीड़िता ने रुपये दे दिए। काफी समय बाद पीड़िता सुनीता ने मामले की जानकारी के लिए मनोज से संपर्क किया तो पता चला कि उन्हें कोई भी रकम नहीं मिली है।

पीड़िता ने तबरेज व नरेंद्र से बात की तो वे टालमटोल करने लगे। पीड़िता ने रुपये वापस मांगे तो पहले कुछ समय की मोहलत मांगी। उसके बाद गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। सुनीता ने थाने और अधिकारियों के पास शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। निर्देश पर निगोहां पुलिस ने तबरेज आलम निवासी गढ़ी कनौरा प्रेमवतीनगर मानकनगर और नरेंद्र सिंह तोमर निवासी बी-ब्लॉक राजाजीपुरम के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जालसाजी सैन्यकर्मियों को सस्ते भूखंड देने के नाम पर करोड़ों रुपये ठगे

सैन्यकर्मियों को ठग कई शहरों में खड़ा किया साम्राज्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जालसाज इंफ्रा विजन के एमडी को रिमांड पर लेगी पुलिस, भाई की तलाश तेज

अमृत विचार: सैन्यकर्मियों से सैकड़ों करोड़ रुपये ठगने वाले जालसाज बिल्डर ने कई शहरों में अपना साम्राज्य खड़ा किया है। आरोपी बिल्डर व इंफ्रा विजन के एमडी प्रमोद कुमार उपाध्याय के मोहनलालगंज पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। वहीं, उसे पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। पुलिस की जांच में सामने आया कि प्रमोद ने संतकबीरनगर, प्रतापगढ़, बिहार के रक्सौल समेत करीब आधा दर्जन जनपदों में व्यावसायिक और आवासीय भवन खड़े किये हें।

जिनसे वह करोड़ों रुपये की कमाई कर रहा है। इनमें कुछ संपत्तियां भाई विनोद उपाध्याय के नाम से है।

एसटीएफ के एएसपी लाल प्रताप सिंह के मुताबिक पुलिस टीम बिल्डर प्रमोद और उसके भाई विनोद की संपत्तियों की डिटेल जुटा रही है। एसटीएफ और मोहनलालगंज की संयुक्त टीम ने प्रमोद को रविवार देर शाम को गिरफ्तार किया था। वहीं उसके भाई की तलाश में दो टीमें दबिश दे रही है। उसकी गिरफ्तारी के बाद गिरोह से जुड़े कई अन्य लोगों के भी नाम सामने आएंगे। प्रमोद ने इंफ्रा विजय प्राइवेट लिमिटेड के नाम से रियल एस्टेट कंपनी 2017 में खोली। जिसका कार्यालय आशियाना में बना रखा था।

सौ से अधिक सैन्यकर्मियों को ठगा

इंस्पेक्टर मोहनलालगंज दिलेश सिंह के मुताबिक प्रमोद व भाई विनोद ने सैन्यकर्मियों को सस्ता भूखंड देने का झांसा दिया। उसके झांसे में आये 100 से अधिक सैन्यकर्मियों से ठगी की। इसके अलावा भी कई अन्य लोगों से रुपये ठगे। मोहनलालगंज, सरोजनीनगर, आशियाना और पीजीआई थाने में 30 मामले दर्ज हैं। जल्द ही आरोपी पर कार्रवाई की जाएगी।

गैंगस्टर की तैयारी शुरू

पुलिस इस मामले में आरोपी प्रमोद और उसके भाई विनोद के खिलाफ आगे गैंगस्टर की कार्रवाई करेगी। अपराध से बनी संपत्तियों की कुर्की की कार्रवाई होगी। प्रमोद के पिता ने भी कई शहरों में अपनी संपत्तियां बनाई थी। पुलिस उनका भी जानकारी जुटा रही है। इसके अलावा आरोपित प्रमोद की गिरफ्तारी से खुश होकर 15-20 पीड़ित थाने पहुंचे। उन्होंने एसीपी और गिरफ्तारी की टीम में शामिल पुलिस कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

पीड़ितों ने पुलिस से किया संपर्क

प्रमोद की ठगी से पीड़ित कई अन्य लोग भी पुलिस के संपर्क में हैं। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि कई पीड़ितों ने पुलिस से संपर्क किया है। जानकारी दी है कि प्रमोद और उसके भाई ने उनको भी प्लाट देने के नाम पर ठगा था। पीड़ित जो भी तहरीर देंगे साक्ष्यों के आधार पर आरोपी प्रमोद और उसके भाई के खिलाफ और मुकदमे दर्ज किए जाएंगे।

भाजपा नेता से रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 1 जून को भाजपा महानगर अध्यक्ष के करीबी ने हजरतगंज कोतवाली में दर्ज कराई थी रिपोर्ट
- धमकी के दौरान आरोपी ने खुद को बताया था सपा कार्यकर्ता मोबाइल बरामद

अमृत विचार: भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी को कॉल कर जान से मारने की धमकी देते हुए पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले आरोपी को हजरतगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने धमकी के दौरान खुद को सपा कार्यकर्ता बताया था। पुलिस ने आरोपी के पास से धमकी में प्रयुक्त मोबाइल बरामद कर लिया गया है।

इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बलिया के भीमपुरा स्थित इब्राहिमपट्टी निवासी दीपमणि यादव है। आरोपी को लालबाग से गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आलमबाग बड़ा बरहा निवासी यशवेंद्र सिंह भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के करीबी है। यशवेंद्र के बताया था कि 28 मई को महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के साथ बर्लिंग्टन से दारूलशफा की तरफ जा रहे थे। इसी बीच एक नंबर से काल आई। महानगर अध्यक्ष ने कॉल रिसीव किया। कॉल करने वाले ने खुद का परिचय सपा नेता दीपमणि यादव के रुप में दिया था। इसके बाद सपा नेता ने दूसरी तरफ से अचानक से गालियां देनी शुरू कर दी। यही नहीं आरोपी दीपमणि ने उनसे पांच लाख रुपये लेकर आर्यन रेस्टोरेंट के पास पहुंचने को कहा। बात नहीं मानने पर नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। इसके साथ ही दीपमणि ने इलेक्ट्रानिक चैनल पर महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी के खिलाफ दुष्प्रचार करने की धमकी दी। जिसके बाद यशवेंद्र सिंह ने 1 जून को हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। आरोपी कंप्यूटर सप्लाई करने की ठेकेदारी करता है। आरोपी सपा से जुड़ा है कि नहीं। इस बात की तस्दीक की जा रही है।

एक नजर

लविवि के बीटेक छात्रों का इंटर्नशिप के लिए चयन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बीटेक पाठ्यक्रम (बैच 2026) के 10 छात्र-छात्राओं का चयन देश की प्रतिष्ठित टेक्नोलॉजी कंपनी स्टुफिट में इंटर्नशिप के लिए हुआ है। कुलपति प्रो. राय ने कहा कि यह सफलता छात्रों की प्रतिबद्धता, तकनीकी दक्षता एवं विश्वविद्यालय द्वारा दिए जा रहे उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण का परिणाम है। प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि चयन प्रक्रिया में असेसमेंट टेस्ट, टेक्निकल इंटरव्यू और मैनेजरियल इंटरव्यू शामिल थे। इन चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 10 विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया।

देश का पहला फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय सांकेतिक भाषा के क्षेत्र में गुणवत्ता, समावेशिता और सामर्थ्य की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारत का पहला संकाय संवर्धन कार्यक्रम आज लखनऊ में प्रारंभ हुआ।कार्यक्रम का आयोजन भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र द्वारा कॉम्पोजिट रीजनल सेंटर के सहयोग से किया गया। डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रिटेशन और डिप्लोमा इन टीचिंग इंडियन साइन लैंग्वेज के 38 संकाय सदस्यों की भागीदारी वाले इस पांच दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने किया।

साहिबा को मुख्यमंत्री योजना के तहत मिला सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ: एक साधारण दर्ज़ी पिता की बेटी साहिबा आरिफ ने अपनी मेहनत और लगन से वह कर दिखाया जो लाखों के लिए प्रेरणा बन गया है। डॉ. एलपी लाल स्कूल, सीतापुर रोड की इंटरमीडिएट की छात्रा साहिबा ने लखनऊ जिले में छठा स्थान प्राप्त किया। मुख्यमंत्री योजना द्वारा साहिबा को 21,000 की धनराशि और टैबलेट देकर सम्मानित किया गया है। कमलाबाद बडौली गांव की निवासी साहिबा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने विद्यालय के शिक्षकों और माता पिता को दिया है।

भाषा विश्वविद्यालय में बीएड की सौ सीटों पर होंगे दाखिले

ऑनलाइन आवेदन 17 जुलाई तक, अनुसंधान के लिए चयन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में बीएड की 100 सीट पर दाखिले होंगे। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के सफल अभ्यर्थी दाखिले के लिए पात्र होंगे। दाखिले के लिए अभ्यर्थियों को संयुक्त प्रवेश काउंसिलिंग में शामिल होना होगा। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु अनुसंधान प्रवेश परीक्षा की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 17 जुलाई 2025 तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://kmclu.ac.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

शिक्षाशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष और सामाजिक विज्ञान संकाय की डीन प्रो. चंदना

डे ने बताया कि विश्वविद्यालय को नेशनल काउंसिल फार टीचर्स एजूकेशन (एनसीटीई) से मान्यता मिली हुई है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से यहां की 100 सीटों पर दाखिले होंगे। विश्वविद्यालय में बीएड प्रथम वर्ष की फीस 27,575 रुपये और दूसरे वर्ष की 25,575 रुपये निर्धारित है। इस तरह विश्वविद्यालय में बीएड पाठ्यक्रम की कुल फीस 53,150 रुपये है। जो अन्य संस्थानों से काफी कम है।

इस प्रकार मिलेगी अंकों में छूट : एससी, एसटी, ओबीसी (गैर-क्रीमी लेयर), दिव्यांग और ईडब्लूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा में पांच प्रतिशत अंकों की छूट प्रदान की जाएगी। लिखित परीक्षा 90 मिनट की होगी जिसमें कुल 70 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। जिनमें 35 प्रश्न शोध पद्धति पर और 35 प्रश्न विषय-विशिष्ट होंगे। अंतिम मेरिट सूची लिखित परीक्षा (70 अंक) और साक्षात्कार (30 अंक) में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी। परीक्षा में सफल होने के साथ-साथ साक्षात्कार में उपस्थित होना भी अनिवार्य है।

शोध में प्रवेश के लिए तीन श्रेणियां

पीएचडी में प्रवेश के लिए तीन श्रेणियां निर्धारित की गई हैं पूर्णकालिक, अंशकालिक और अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए प्रवेश की पूर्णकालिक पीएचडी कार्यक्रम में न्यूनतम अवधि तीन वर्ष और अधिकतम छह वर्ष तय की गई है। महिला अभ्यर्थियों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले शोधार्थियों को दो वर्ष तक की अतिरिक्त अवधि की छूट मिलेगी। इसके अतिरिक्त, मातृत्व अथवा शिशु देखभाल के लिए 240 दिन तक का अवकाश एक बार दिया जा सकता है। कोर्स वर्क और शोध कार्य के दौरान शोधार्थियों की उपस्थिति का लेखा-जोखा विभागीय कार्यालय में संधारित किया जाएगा। अंशकालिक पीएचडी कार्यक्रम केवल उन्हीं अभ्यर्थियों के लिए मान्य है जो किसी संस्था, संगठन में कार्यरत हैं और एनओसी प्रस्तुत करते हैं। प्रत्येक सेमेस्टर में शोधार्थी को न्यूनतम 10 दिन की भौतिक उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। इस श्रेणी के अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की फेलोशिप या छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं होगी। प्रवेश की समस्त प्रक्रिया यूजीसी के नियमन-2022 और विश्वविद्यालय के पीएचडी अध्यादेश-2023 (प्रथम संशोधन-2024) के अनुसार संचालित होगी। अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए भी पीएचडी में प्रवेश की व्यवस्था की गई है।

विषय	सीटें
इंग्लिश एंड मॉडर्न यूरोपीय एशियाई लैंग्वेज	3
अप्लाइड साइंस एंड ह्यूमैनिटीज मैथमेटिक्स	9
अप्लाइड साइंस एंड ह्यूमैनिटीज केमिस्ट्री	4
अरबी	8
अर्थशास्त्र	7
इतिहास	4
उर्दू	12
कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग	8
कंप्यूटर साइंस एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी	3
होम साइंस	3
जर्नलिज्म एंड मैस कम्युनिकेशन	5
फारसी	3
मैकेनिकल इंजीनियरिंग	3
कॉमर्स	3
बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन	14
फिजिकल एजुकेशन	5
एजुकेशन	4
हिंदी	3

मुख्यमंत्री से मिलने की आस लगाए बैठे शिक्षामित्र

अमृत विचार, लखनऊ : टेट पास शिक्षामित्र अपनी मांगों को लेकर पिछले 22 दिनों से इको गार्डन में धरना दे रहे है। शिक्षामित्रों का कहना है कि जब तक मांगे पूरी नहीं हो जायेगी तब तक धरना जारी रहेगा। शिक्षामित्र गुड्डू ने बताया कि मुख्यमंत्री से मिलने के लिए 3 लोगों की कमेटी गठित की गई है जो कि लगातार मुख्यमंत्री के अधिकारियों के संपर्क में है। मंगलवार को मिलने के लिए प्रयास किया गया लेकिन समय के अभाव के कारण मुख्यमंत्री से अभी तक मुलाकात नहीं हो सकीं है। प्रयास है कि जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर समस्या का हल निकाला जायेगा। ज्ञात हो कि टेट पास शिक्षामित्र स्थायी नियुक्ति की मांग को लेकर डटे हुए है। प्रदेश भर से आये शिक्षामित्र इको गार्डन में इकट्ठा होकर धरना दे रहे है। शिक्षामित्रों ने भोजन का त्याग करके भी सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया लेकिन अभी तक शिक्षामित्रों की सुनवाई नहीं हो सकी है। शिक्षामित्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जायेगी तब तक धरना अनवरत चलता रहेगा।

योग की भूमिका पर विधि विवि में परिचर्चा का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज विरासत से विकास योग की भूमिका विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का सफल संयोजन प्रो. अश्वनी कुमार दुबे, विभागाध्यक्ष, राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विभाग तथा डॉ. ममता यादव के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. वी. के. सिंह ने की, जबकि विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रो.

अवनीश चन्द्र मिश्र और मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. नरेन्द्र सिंह ने विचार प्रस्तुत किए। मंच पर प्रो. पी. राजीव नयन, निदेशक, क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ भी उपस्थित रहे। प्रो. अश्वनी कुमार दुबे ने उद्बोधन में योग को केवल शारीरिक अभ्यास न मानकर समेकित विकास का साधन बताया। प्रो. अवनीश चन्द्र मिश्र ने योग को भारत की सांस्कृतिक विरासत मानते हुए इसे वैश्विक समस्याओं के समाधान का माध्यम बताया। मुख्य वक्ता डॉ. नरेन्द्र सिंह ने योग के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव को रेखांकित करते हुए आत्महत्या जैसे सामाजिक संकटों से निपटने में योग की भूमिका को रेखांकित किया। प्रो. वी. के. सिंह ने योग को 'जोड़ने' का माध्यम बताया और इसे मानवता को एक सूत्र में पिरोने वाला सशक्त साधन कहा। उन्होंने योग को मनोविकारों के उपचार में उपयोगी बताया। कार्यक्रम में प्रो. पी. राजीवनयन ने विश्वविद्यालय में योग दिवस के अंतर्गत हो रहे अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी। संचालन डॉ. विजेता दुआ द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विजय शंकर शर्मा ने प्रस्तुत किया।

टीचर्स ओलम्पियाड में शिक्षिकाओं ने लहराया परचम

अमृत विचार,लखनऊ: सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस की तीन शिक्षिकाओं अंजू सिंह, पूजा श्रीवास्तव एवं स्वाति शर्मा ने इण्टरनेशनल साइन्स टीचर्स ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।ओलम्पियाड का आयोजन शैक्षिक संस्था यूपीएजूकेटर्स के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में सीएमएस शिक्षिकाओं ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर टॉप 200 टीचर्स में अपना स्थान सुनिश्चित किया है एवं छात्रों में विज्ञान के प्रति रूचि विकसित करने व विज्ञान की उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की अपनी दक्षता एवं नवोन्मेषी शिक्षण प्रतिभा का परचम लहराया है।

बीबीएयू में प्लेसमेंट के लिए छात्रों को मिले खूब मौके

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने कैंपस प्लेसमेंट के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। बीते कुछ शैक्षणिक वर्षों में बीबीएयू ने न केवल प्लेसमेंट के आंकड़ों में वृद्धि दर्ज की है, बल्कि नौकरी के प्रस्तावों की गुणवत्ता में भी सुधार देखा गया है। शैक्षणिक सत्र 2022-23 से औसत पैकेज 4.23 लाख प्रति वर्ष से बढ़कर 5.30 लाख प्रति वर्ष हो गया है। इनमें से कुछ कंपनियों ने विद्यार्थियों को 12 लाख रुपए तक के वार्षिक पैकेज भी दिए हैं। इसके अतिरिक्त कई अन्य प्रतिष्ठित संगठनों ने भी बीबीएयू के विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान किया है।

कई प्रतिष्ठित कंपनियां विद्यार्थियों को रोजगार देने के लिए आगे आई हैं, जिससे कॉर्पोरेट क्षेत्र में विश्वविद्यालय की उपस्थिति और

▸▸ **12 लाख रुपए तक के पैकेज पर छात्रों का हुआ है चयन**

अधिक सुदृढ़ हुई है। नियोजकों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी (पुणे), अपग्रेड, पीएसआईटी कानपुर, भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आकाश बायजूस, प्लेनेटस्पार्क, जेनपैक्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, इंटेलीपाट, इंटरनसएलीट एजुटेक प्रा. लि. और टीचनूक शामिल हैं।

इन वर्गों से हुआ चयन : शैक्षणिक सत्र 2022-23 में कुल विद्यार्थियों में से 45 प्रतिशत सामान्य वर्ग से, 28 प्रतिशत अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग से और 19 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग से थे। इसके अगले वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा बढ़ा, जिसमें सामान्य वर्ग के प्लेसमेंट 49प्रतिशत, एससी व एसटी 33 प्रतिशत और ओबीसी 20 प्रतिशत रहे। हाल ही के सत्र 2024-25 में सामान्य वर्ग से 46 प्रतिशत, एससी व एसटी से 31 प्रतिशत और ओबीसी से 23 प्रतिशत विद्यार्थियों ने नौकरी प्राप्त की।

विश्वविद्यालय ने जारी की रिपोर्ट

सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल, बीबीएयू की रिपोर्ट के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2022-23 में प्लेस्ड किए गए विद्यार्थियों में से 36.57 प्रतिशत विद्यार्थियों को 7.0 लाख से अधिक का वार्षिक वेतन पैकेज मिला, 5.22 प्रतिशत विद्यार्थियों को 05-07 लाख के बीच, 28.36 प्रतिशत को 03-05 लाख के बीच और 29.85 प्रतिशत विद्यार्थियों को 03 लाख से कम का पैकेज प्राप्त हुआ। वहीं सत्र 2023-24 में 15.71 प्रतिशत विद्यार्थियों को 7.0 लाख से अधिक का पैकेज, 6.28 प्रतिशत को 05-07 लाख, उतने ही प्रतिशत को 03-05 लाख और 71.73 प्रतिशत विद्यार्थियों को 03 लाख से कम का पैकेज प्राप्त हुआ।

पोर्टल के खेल में फेल हो रहे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: डिजिटल इंडिया ने शिक्षकों पर पोर्टलों की बरसात कर दी है। करीब आधा दर्जन पोर्टल और उसमें अपडेट की जाने वाली सैकड़ों जानकारियों ने शिक्षकों का पसीना निकाल दिया है। प्रत्येक सप्ताह कोई नया अपडेट और शिक्षक सरकारी पोर्टलों के खेल में फुटबॉल बन गए हैं। कभी प्रेरणा, कभी मानव सम्पदा, कभी समर्थ हर महीने कोई नया पोर्टल, हर सप्ताह कोई नया अपडेट शिक्षकों को करते रहना है।

पठन-पाठन की जगह अब पोर्टल के कारण शिक्षकों को अपलोडिंग, लॉगिन, ओटीपी और फॉर्मेट सही करने तक सीमित रह गया है। ग्रीष्मावकाश जो शिक्षकों के लिए आत्मचिंतन, विश्राम और अध्ययन

▸▸ **शिक्षक कहते हैं कि यह ग्रीष्मकालीन डिजिटल तमाशा बन गया है**

का समय होता था, अब किसी सरकारी प्रोजेक्ट की डेडलाइन की तरह लगने लगा है। जून की गर्म दोपहर, जब छांव में भी पसीना टपकता है, तब एक शिक्षक कॉलेज के बाबू के पास हाथ जोड़कर खड़ा होता है जिससे उसका प्रमाणपत्र बन सके। प्राचार्य के हस्ताक्षर के लिए शिक्षकों की कतारें लगती हैं, शिक्षक अधूरे डॉक्युमेंट्स की चिंता से भरा हुआ है। शिक्षक संगठन और उनके प्रतिनिधि इस मानसिक पीड़ा से परिचित हैं, लेकिन उनके कदम सरकार के सामने मौन मुद्रा में ठहर जाते हैं।

समर्थ पोर्टल के बिना अवकाश मान्य नहीं

सरकार ने प्रशासनिक अधिकारियों को मिशन मोड में सेट कर दिया है। अधिकारी आदेश जारी करते हैं कि यदि समर्थ पोर्टल पर प्रमाणपत्र अपलोड नहीं हुआ, तो अवकाश मान्य नहीं होगा। तीन मुख्य पोर्टल शिक्षकों के लिए त्रिशूल बन चुके हैं। प्रेरणा पोर्टल से उम्मीद होती है कि यह उत्साह देगा, लेकिन इसके फॉर्मेट देखकर ही शिक्षक का उत्साह समाप्त हो जाता है। मानव सम्पदा में शिक्षक की पहचान 'मानव' की नहीं, बल्कि यूजर आईडी की होती है।

प्रो. मनीष सिंह बने विधि विभाग के नए विभागाध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ: डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में प्रोफेसर (डॉ.) मनीष सिंह ने विधि विभाग के विभागाध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया। यह नियुक्ति विश्वविद्यालय विनियमों के अनुसार की गई है, जिसमें विभागाध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्षों का होता है। प्रो. मनीष सिंह विश्वविद्यालय के वरिष्ठतम संकाय सदस्यों में शामिल हैं। वर्तमान में वे परीक्षा नियंत्रक एवं खेल समिति के अध्यक्ष के रूप में भी सेवाएं दे रहे हैं। उनके शिक्षण, अनुसंधान और प्रशासनिक योगदान को व्यापक रूप से सराहा गया है। उनसे पूर्व प्रो. ए. पी. सिंह ने 17 जून 2022 से 16 जून 2025 तक विभागाध्यक्ष का दायित्व सफलतापूर्वक निभाया। विश्वविद्यालय परिवार ने प्रो. मनीष सिंह को इस नये दायित्व हेतु शुभकामनाएं दीं।

विद्यार्थी परिषद ने लविवि प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने लखनऊ विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर रविकांत चंदन के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर विवादित बयान को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। कार्यकर्ताओं ने कहा है कि कार्रवाई नहीं होगी तो बड़ा आंदोलन किया जएगा। विगत दिनों लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के शिक्षक रविकांत चंदन ने अपने फेसबुक पोस्ट पर लिखा कि मुस्कान और सोनम रघुवंशी जैसी महिलाएं संघी विचार की उपज हैं। आज महिलाएं अगर अपने पतियों की हत्या

▸▸ **रविकांत चंदन पर कार्रवाई की मांग**

करवा रही हैं तो इसके लिए सिर्फ और सिर्फ आरएसएस की मानसिकता जिम्मेदार है।

एबीवीपी लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई ने लखनऊ विश्वविद्यालय को ज्ञापन देकर कार्रवाईकी मांग किया है। महानगर सहमंत्री जतिन शुक्ला ने कहा कि लगातार लखनऊ विश्वविद्यालय के कई प्रोफेसर ऐसी नफरत भरी बाते अपने सोशल मीडियो पर पोस्ट कर रहे हैं जिसपर एबीवीपी ने पूर्व में भी कार्यवाही की मांग की थी। रविकांत चंदन को माफी मांगनी चाहिए और विश्वविद्यालय प्रशासन को इनपर तत्काल कार्यवाही करनी चाहिए।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा **हरिद्वार–दिल्ली जं.–हरिद्वार** और **हरिद्वार–लखनऊ–हरिद्वार** के बीच अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ निम्न समय–सारणी के अनुसार चलाई जाएंगीः–

04328/04327 हरिद्वार-दिल्ली जं.-हरिद्वार ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 06 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04328 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04328 प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04327 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04327 प्रस्थान
---	**15:45**	हरिद्वार	**04:50**	----
16:25	16:27	रूड़की	03:35	03:37
17:13	17:15	टपरी जं.	02:50	02:52
17:55	17:57	मुजफ्फरनगर	02:00	02:02
18:35	18:37	मेरठ सिटी जं.	01:15	01:17
18:52	18:54	मोदीनगर	00:30	00:32
19:50	19:52	गाजियाबाद	00:02	00:04
20:14	20:16	दिल्ली शाहदरा	23:15	23:17
20:45	---	दिल्ली जं.	---	**23:00**

चलने के दिनः 04328 हरिद्वार से और **04327 दिल्ली जं. से** दिनांक 18.06.2025 से 20.06.2025 तक।
स्थानः 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

04330/04329 हरिद्वार-लखनऊ-हरिद्वार ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04330 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04330 प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04329 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04329 प्रस्थान
---	**22:45**	हरिद्वार	**20:20**	---
23:18	23:20	लक्सर जं.	19:18	19:20
00:05	00:07	नजीबाबाद जं.	18:30	18:32
00:35	00:37	नगीना	18:05	18:07
01:05	01:07	धामपुर	17:43	17:45
01:28	01:30	स्योहारा	17:26	17:28
02:30	02:32	काँठ	17:10	17:12
03:32	03:40	मुरादाबाद	16:30	16:40
04:06	04:08	रामपुर	15:00	15:02
05:03	05:05	बरेली	14:00	14:02
06:14	06:16	शाहजहाँपुर	13:00	13:02
07:14	07:16	हरदोई	12:55	12:57
07:46	07:48	बालामऊ जं.	12:25	12:27
08:08	08:10	सण्डीला	12:00	12:02
09:25	---	लखनऊ	---	**11:30**

चलने के दिनः 04330 हरिद्वार से दिनांक 18.06.2025 एवं 20.06.2025 को और **04329 लखनऊ से** दिनांक 19.06.2025 एवं 21.06.2025 को।
स्थानः शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

खेलों को बढ़ावा देने के लिए मिलेगी स्पोर्ट्स ग्रांट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : खेलो इंडिया और फिट इंडिया अभियान की तरह परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारा जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने खेल के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया है। जुलाई माह में खेलों को बढ़ावा देने के लिए विद्यालयों को स्पोर्ट्स ग्रांट जारी किया जाएगा।

विद्यालयों में मिलने वाले स्पोर्ट्स ग्रांट से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तर तक प्रतियोगिताओं में बच्चों को प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विद्यालयों में मिलने वाले स्पोर्ट्स ग्रांट से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तर तक प्रतियोगिताओं में बच्चों को प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, शतरंज

▸▸ **परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारा जाएगा**

और कैरम जैसे खेलों में बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। स्पोर्ट्स ग्रांट की धनराशि निश्चित नहीं होती है। बच्चों की संख्या के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। अमूमन 100 बच्चों वाले विद्यालयों को 25 हजार रुपये की वित्तीय सहायता शासन से मिलती है।

सहायक शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल श्याम किशोर तिवारी ने बताया कि स्पोर्ट्स ग्रांट से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा जिससे बच्चे खेलों में बेहतर होंगे।

सुनीत बने उप प्रधानाचार्य

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश शासन व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता अनुभाग, लखनऊ के आदेशानुसार सुनीत कुमार सिंह को उप-प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नत कर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज में तैनात किया गया है। उन्होंने 16 जून की पूर्वान्ह में संस्थान में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

शिक्षक संगठनों ने किया स्कूल मर्ज करने का विरोध, दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 50 बच्चों से कम संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को मर्ज करने का आदेश आते ही विभिन्न शिक्षक संगठनों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने विरोध करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विद्यालयों की पेयरिंग के नाम पर जो परिषदीय विद्यालय बंद किए जा रहे हैं। वह न केवल शिक्षा के अधिकार अधिनियम की मूल

▸▸ **स्कूल मर्ज करने का आदेश वापस नहीं हुआ तो होगा आंदोलन**

भावना का अतिक्रमण है, बल्कि ग्रामीण बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय है। शासन से आग्रह है कि स्कूल मर्ज करने वाले आदेश को तत्काल वापस लेना चाहिए। हम स्पष्ट शब्दों में कहना चाहते हैं। यदि प्रशासन इस निर्णय को तत्काल वापस नहीं लेता, तो उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ न केवल जन आंदोलन का आह्वान करेगा। बल्कि यदि आवश्यकता पड़ी तो न्यायालय का दरवाज़ा भी खटखटाया जाएगा क्योंकि यह केवल शिक्षकों की नहीं, बल्कि हर बच्चे के शिक्षा के अधिकार की लड़ाई है, जिसे पूरे प्रदेश में पूरे दमखम और संवैधानिक तरीके से लड़ा जाएगा।

नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने विद्यालयों के विलय का कठोर शब्दों में विरोध किया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ लखनऊ के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रशासन से आग्रह है कि जनपद लखनऊ के 445 विद्यालयों के प्रस्तावित पेयरिंग आदेश को तत्काल स्थगित किया जाए।

शिक्षकों का वेतन जारी करने में आ सकती है समस्या

अमृत विचार, लखनऊ : बेसिक शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के तबादले तो कर दिए, लेकिन उनकी मानव संपदा आइडी और अंतिम वेतन प्रमाणपत्र (एलपीसी) को अपडेट नहीं हो पाया है ऐसे में शिक्षकों का वेतन जारी करने में समस्या आ सकती है। इसको लेकर शिक्षक संगठनों ने अधिकारियों से शिकायत की है। शिक्षक नेताओं का कहना है कि शिक्षकों को अपने जिलों से कार्यमुक्त हुए दो सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन नए जिलों में अभी तक उनकी आइडी और एलपीसी अपडेट नहीं हुई है। 16 जून से स्कूल खुलने जा रहे हैं और 21 जून को शिक्षकों का वेतन बन जाएगा। प्रमाणपत्र अपडेट न होने से संबंधित शिक्षकों के सामने ऑनलाइन हाजिरी, छुट्टी और वेतन को लेकर समस्याएं होंगी। शिक्षकों को इस माह वेतन तो मिल ही नहीं पाएगा। शिक्षक महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद दूबे ने निदेशक को पत्र लिखकर कहा है कि आइडी और एलपीसी से जुड़ी कार्रवाई जल्द पूरी कराने के लिए सभी बीएसए को निर्देश जारी किए जाएं। इस संबंध में बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि परिषद सचिव को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

डीएवी कॉलेज में 300 आर्य वीरों का होगा प्रशिक्षण शिविर

अमृत विचार , लखनऊ : दयानंद एग्रो वैदिक कॉलेज लखनऊ में 20 जून से 29 जून तक 300 आर्य वीरों का प्रांतीय आर्यवीर दल आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जनपदों से नवयुवक सहभागी होंगे मध्य प्रदेश के संचालक डॉक्टर विवेक आर्य और जनपद वीर दल लखनऊ के प्रभारी अतुल सिंह के अनुसार आर्य वीरों को अनुभवी और सुयोग्य प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण कराया जाएगा। आर्य वीर दल की स्थापना 26 जनवरी 1929 को हुई थी।

गर्मी चरम पर, फिर भी खत्म नहीं हो रहा मच्छरों का आतंक

अमृत विचार, लखनऊ : गर्मी अपने चरम पर है लेकिन मच्छरों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। पहले कहा जाता था कि जब लू चलती है तो मच्छर मर जाते हैं, यहां तक कि उनके लार्वा भी गर्मियों में पानी में नहीं दिखते लेकिन अब तो उल्टा हो रहा है। तमाम तरह के मच्छर रोधी उपायों के बावजूद शहरवासी मच्छरों के आतंक का शिकार हैं।

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चानुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है जिसकी कोई सार्थकता न हों।

संपादकीय

भू-राजनीतिक तनावों के बीच

कनाडा में जी-7 की बैठक ऐसे वक्त में हो रही है, जब पूरी दुनिया में युद्ध की हलचल मची है। चाहे वो रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध हो या ईरान और इजरायल की लड़ाई। जी-7 दुनिया की सात उन्नत अर्थव्यवस्थाओं- फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली और कनाडा तथा यूरोपीय संघ का एक अनौपचारिक समूह है। इसके सदस्य वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए हर साल जी-7 शिखर सम्मेलन में मिलते हैं। भारत जी-7 का सदस्य नहीं है। भारत लगातार छठी बार एक अतिथि देश के रूप में जी-7 में भाग ले रहा है, जो मौजूदा समय में विश्व मंच पर भारत के महत्व को रेखांकित करता है। कनाडा पहुंचने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्राथमिकताएं भी तय कर दी। उन्होंने कहा वे ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर देंगे। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। पीएम मोदी ने इससे पहले साइप्रस में कहा था कि ये युग युद्ध का नहीं है। विशेषज्ञों के मुताबिक ग्लोबल साउथ में भारत व अन्य देशों की बढ़ती भूमिका व कई धुरियों में बंटी वैश्विक परिस्थितियों ने जी-7 की अहमियत को कम कर दिया है। जी-7 का प्रभाव घट रहा है। भारत को ग्लोबल साउथ की प्रमुख आवाज माना जाता है। विकसित देशों को लग गया है कि भारत के बिना चलने वाला नहीं है।

भारत दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा देश है और अब तो चौथी बड़ी इकोनॉमी हो चुकी है। ऐसे में भारत को साथ लाना बहुत जरूरी है। भारत जैसे देशों को जी-7 में शामिल करना इसे फिर से प्रासंगिक बनाने का एक तरीका हो सकता है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भारत को आउटरीच अतिथि देश के रूप में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। कार्नी द्वारा दिया गया आमंत्रण नई सरकार की भारत के साथ संबंधों को सुधारने की मंशा का संकेत है जो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए थे। सम्मेलन भारत के लिए अपनी प्राथमिकताओं को वैश्विक मंच पर पेश करने का अवसर भी है। भू-राजनीतिक तनावों के बीच प्रधानमंत्री मोदी की कई अन्य वैश्विक नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बैठकों से कूटनीतिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। भारत की जी-20 अध्यक्षता के बाद, जी-7 में उसकी सक्रिय भागीदारी वैश्विक नेतृत्व में भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है।

जनगणना 1951 से 2025 तक, पहले कौन देगा जानकारी

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे 'स्वतंत्रता जनगणना' भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं।

देश में जनगणना शुरू होने वाली है। केन्द्र सरकार ने भारत की जनगणना कराने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। इस बार जनगणना की प्रक्रिया दो चरण में होगी, जिसका पहला चरण एक अक्टूबर 2026 तक पूरा किया जाएगा, जबकि दूसरा और अंतिम चरण एक मार्च 2027 तक पूरा होगा। परंपरा रही है कि जनगणना का काम देश के राष्ट्रपति से शुरू होता है। सबसे पहले जनगणना के कार्य में लगे कर्मी राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति से उनके बारे में जानकारियां एकत्र करते हैं। आजाद भारत की पहली जनगणना का श्रीगणेश 20 फरवरी 1951 से शुरू हुआ। उस दिन भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से सारी जानकारियां भारत के जनगणना उपायुक्त रामेश्वर दयाल ने राष्ट्रपति भवन में जाकर हासिल की। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपनी उम्र 66 वर्ष, पेशा "राष्ट्रपति" बताया और बताया था कि कि उन्हें हिंदी के अलावा अंग्रेजी और बांग्ला भाषाएं आती हैं। उनके बाद उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी से जानकारी ली गई थीं।

दरअसल भारत जैसे विशाल देश में जनगणना कराना सच में बहुत बड़ी चुनौती रही है। देश के आजाद होने के बाद इंडियन सिविल सेवा (आईसीएस) के मद्रास कैडर के तेज-तर्रार अफसर आर.ए. गोपालस्वामी के नेतृत्व में पहली बार 1951 में जनगणना करवाई गई थी, जो 1872 से हर दस साल में होने वाली नौवीं जनगणना थी। यह जनगणना 1948 के जनगणना अधिनियम के तहत हुई, जिसने भारत में जनगणना की प्रक्रिया को औपचारिक और कानूनी रूप दिया। गोपालस्वामी ने डब्ल्यू. डब्ल्यू.एम. येट्स की जगह ली, जिन्हें 1951 की जनगणना के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन 1948 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकार ने गोपालस्वामी को 1949 में स्वतंत्र भारत का पहला जनगणना आयुक्त कर दिया था। वे भारतीय सिविल सेवा के 1927 बैच के अफसर थे। कुछ सालों तक मौजूदा तमिलनाडु में अहम पदों पर रहने के बाद वे 1940 में नई दिल्ली आ गए थे। यहां वे कृषि विभाग में भी रहे। गोपालस्वामी के मार्गदर्शन में 1951 की जनगणना में उम्र, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, शिक्षा और पेशे जैसे सामाजिक और आर्थिक आंकड़े जुटाए गए। जनगणना के अनुसार भारत की आबादी 36.10 करोड़ थी, जिसमें पुरुष-महिला अनुपात 1000:946 था। साक्षरता दर 18 प्रतिशत थी और औसत आयु 32 साल थी। इसके अलावा, विभाजन के कारण हुए विस्थापन का भी डेटा दर्ज किया गया, जिसमें 72.26 लाख मुस्लिम पाकिस्तान गए और 72.49 लाख हिंदू और सिख भारत आए। इस डेटा ने आजाद भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने की नींव रखी।

> यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है।

बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे 'स्वतंत्रता जनगणना' भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं, जैसे कम साक्षरता दर (केवल 18 प्रतिशत) और देश की विशालता और विविधता के कारण लॉजिस्टिक समस्याएं। गोपालस्वामी ने इन बाधाओं के बावजूद व्यवस्थित तरीके से जनगणना सुनिश्चित की। जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता के कारण वहां 1951 में जनगणना नहीं हो सकी और वहां की आबादी का अनुमान 1941 की जनगणनाओं के आधार पर लगाया गया। उनकी नेतृत्व क्षमता ने डेटा की विश्वसनीयता बनाए रखी।

आप जानते हैं कि 1951 की जनगणना का डेटा भारत के पहले पंचवर्षीय योजना (1951-1956) के लिए आधार बना। इसने आर्थिक विकास, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए नीतियां बनाने में मदद की। कम साक्षरता और आयु जैसे मुद्दों को उजागर कर यह लक्षित हस्तक्षेपों का आधार बना। गोपालस्वामी ने जनगणना को साक्ष्य-आधारित शासन का महत्वपूर्ण साधन बनाया, जो आज भी भारत की नीति निर्माण को प्रभावित करता है। 1951 की जनगणना भारत के सांख्यिकीय इतिहास में एक मील का पत्थर है, जिसने आजादी के शुरुआती दौर में देश की जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की महत्वपूर्ण जानकारी दी। गोपालस्वामी 1949-1953 तक देश के जनगणना आयुक्त रहने के बाद वापस मद्रास चले गए थे। वे केंद्र सरकार के सेवा से 1963 में रिटायर हो गए थे। यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है, और इसकी देखरेख डब्ल्यूसी प्लौडेन ने की। बता दें कि 1881 की जनगणना पूरे भारत में एक ही समय (17 फरवरी, 1881) को आयोजित की गई थी। यह पहली बार था जब भारत में एक निश्चित तिथि पर सभी क्षेत्रों में एक साथ जनगणना की गई। बहरहाल, इस बार की जनगणना में देश जानने को उत्सुक है कि पिछली 2011 जनगणना के बाद पारसी, बौद्ध, यहूदी आदि की आबादी कितनी बढ़ी। इन समूहों की संख्या और स्थिति का पता लगाना सामाजिक समावेशन, नीति निर्माण और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। ये सब भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के अभिन्न अंग हैं। पारसी, जो मूल रूप से फारस (आधुनिक ईरान) से भारत आए, की 2011 की जनगणना के अनुसार, आबादी 57,264 थी, जो उनकी घटती जनसंख्या को दर्शाता है। जनगणना के माध्यम से उनकी सटीक संख्या और जनसांख्यिकीय स्थिति का पता लगाना उनके सांस्कृतिक संरक्षण के लिए आवश्यक है।

2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में लगभग 84 लाख बौद्ध थे, जो कुल जनसंख्या का 0.7 प्रतिशत थे। हालांकि, कुछ बौद्ध विद्वानों का दावा है कि उनकी वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है, क्योंकि कई दलित बौद्धों को जनगणना में हिंदू के रूप में दर्ज किया जाता है। बौद्ध समुदाय मुख्य रूप से महाराष्ट्र, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में केंद्रित है। जनगणना के माध्यम से उनकी सटीक संख्या और भौगोलिक वितरण का पता लगाना उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को समझने और उनके लिए उपयुक्त नीतियां बनाने में मदद करता है।

भारत में यहूदी समुदाय की संख्या बहुत कम है, 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 5,000। ये मुख्य रूप से मिजोरम, मणिपुर (बेने मेनाशे) और आंध्र प्रदेश में रहते हैं। यहूदी समुदाय की उपस्थिति भारत की धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक है। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि देश में छोटे समूहों के हकों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। ये भी देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। बता दें कि दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की थी। हाल ही में इसने सोनीपत में इसने सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल भी खोला है। वे राजघाट और शांतिवन में होने वाली सर्वधर्म सभाओं में दशकों से भाग ले रहे हैं। बेशक, छोटे धार्मिक समूहों की जनसंख्या का आकलन सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने और उनके लिए विशिष्ट नीतियां बनाने में सहायक होगा। किसी भी देश के लिए जनगणना बेहद होती है। उम्मीद करनी चाहिए कि इसमें सारे देशवासी भाग लेंगे और सही जानकारी देंगे।

प्रसंगवश

ताकि घृणास्पद भाषण पर लगाया जा सके अंकुश

दिवस विशेष

हेट स्पीच या यूं कहें कि घृणास्पद भाषण किसी व्यक्ति, समुदाय और देश को नुकसान पहुंचाते हैं, क्योंकि हेट स्पीच किसी भी देश के सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे, शांति को भंग करने का काम करती है। यह बहुत ही दुखद है कि आज हमारे समाज में ऐसे कई लोग मौजूद हैं, जिनके खिलाफ नफरत फ़ैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। वास्तव में, नफरती भाषण (हेट स्पीच) समाज में हिंसा, भेदभाव की भावना पैदा करते हैं तथा असहिष्णुता को उकसाते हैं और इस प्रकार के भाषणों से समाज और देश को बहुत नुकसान पहुंचता है।

यह ठीक है कि सोशल मीडिया आज के समय में अभिव्यक्ति का एक बड़ा और शानदार माध्यम है, लेकिन यह बहुत ही अफसोसजनक है कि सोशल मीडिया आज धमकियों का प्लेटफार्म बन चुका है। वास्तव में, सोशल मीडिया पर आज किसी को भी ट्रोल करना, किसी व्यक्ति विशेष पर ऊल-जलूल और अभद्र टिप्पणियां करना, धमकियां देना, जो भी मन में आए वह कंटेंट डाल देना जैसी बातें आम हो चली हैं। सच तो यह है कि आज सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से लोगों में सहानुभूति की कमी, साइबर बुलिंग (बिना किसी डर के दूसरों को निशाना बनाना) और व्यक्तिगत जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लोग अब अपनी निजता का सम्मान नहीं करते हैं और दूसरों की भावनाओं की बिल्कुल भी परवाह नहीं करते हैं कि वे एक सार्वजनिक स्टेज (मंच) पर क्या कह रहे हैं और वास्तव में उन्हें क्या कहना चाहिए और क्या नहीं कहना चाहिए तथा इसका समाज और देश पर क्या और किस कदर प्रभाव पड़ सकता है? वास्तव में होना तो यह चाहिए कि सोशल मीडिया पर हम दूसरों के प्रति सम्मान और सहानुभूति दिखाएं, और उनके विचारों का सम्मान करें। सोशल मीडिया पर गलत सूचनाओं, जानकारी को शेयर ना करें और सोशल मीडिया पर अपने समय को सीमित करते हुए हम व्यक्तिगत जीवन को प्राथमिकता दें।

सुनील कुमार महला
स्तंभकार

हेट स्पीच दूसरों की भावनाओं को आहत करती है। वास्तव में इस दुनिया को आज नफरत की नहीं अपितु प्यार की जरूरत है। नफरती टिप्पणियां उकसातीं हैं, लेकिन आज हेट स्पीच जैसे एक फैशन सा हो चला है, यह हमारे लोकतंत्र पर एक आघात है। बहरहाल, भारत के विधि आयोग की 267वीं रिपोर्ट में घृणास्पद भाषण को मुख्य रूप से नस्ल, जातीयता, लिंग, यौन अभिविन्यास, धार्मिक विश्वास और इसी तरह के संदर्भ में परिभाषित व्यक्तियों के एक समूह के खिलाफ नफरत को उकसाने वाला बताया गया है। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि हेट स्पीच किसी भी समाज और देश पर व्यापक हानिकारक प्रभाव छोड़ती है। बहरहाल, आज हर कहीं पर घृणास्पद भाषणों (हेट स्पीच) का बोलबाला हो गया है, इसलिए जरूरत इस बात की है ऐसे घृणास्पद भाषणों पर रोक लगाई जाए। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज जरूरत इस बात की है हमारा समाज, हमारी देश, सामाजिक संगठन और सरकारें हेट स्पीच का मुकाबला करने के लिए कृत संकल्पित होकर आगे आए। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार घृणास्पद भाषण, 'किसी भी प्रकार का संचार है जो किसी व्यक्ति या समूह के खिलाफ भेदभाव, शत्रुता या हिंसा को उकसाता है, लक्षित करता है, या उसका समर्थन करता है।' यह भाषण/स्पीच नस्ल, धर्म, लिंग, यौन अभिविन्यास, राष्ट्रीयता या किसी अन्य पहचान के आधार पर हो सकता है। हमारे देश के संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार के रूप में गारंटी दी गई है, लेकिन यह अधिकार निरपेक्ष नहीं है और, यदि हम यहां पर भारत में हेट स्पीच की कानूनी स्थिति की बात करें तो भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(2) संविधान में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंध लगाने का प्रावधान करता है। डिजिटल या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रभाव लंबे समय तक रहता है, इसलिए इसका विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाना आज की महत्ती आवश्यकता है। हेट स्पीच (द्वेषपूर्ण/घृणास्पद भाषण/नफरती भाषण) के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस 18 जून को मनाया जाता है।

राज्यों में होगा परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का विस्तार

प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> केंद्र सरकार अब देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ज्यादातर राज्यों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी।

भारत की जिस तेजी से आबादी और अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, उसके प्रबंधन और सुचारू सुविधा के लिए शहरीकरण के साथ ऊर्जा की उपलब्धता आवश्यक है। इसी नजरिये से परमाणु ऊर्जा का उत्सर्जन बढ़ाने की दिशा में तेजी से प्रगति के उपाय शुरू हो गए हैं। भीषण गर्मी के चलते इस साल बिजली की मांग 2.41 लाख मेगावाट के चरम पर पहुंच चुकी है। ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल का दावा है कि वर्तमान समय में देश में बिजली की आपूर्ति और मांग के बीच महज 0.1 प्रतिशत का अंतर है। जबकि 12 साल पहले 2013 में आपूर्ति की तुलना में मांग 4.2 प्रतिशत अधिक रहती थी। किसी विशेष स्थिति में यह मांग 2.70 लाख मेगावाट भी हो जाती है। ऐसे में विद्युत की कमी पूरी हो और ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन भी न हो, इस मकसद पूर्ति के लिए परमाणु ऊर्जा उपयुक्त मानी जाती है। एक बार यदि कोई परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो जाता है तो लंबे समय तक ऊर्जा की आपूर्ति बनी रहती है।

केंद्र सरकार अब देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ज्यादातर राज्यों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी। ये संयंत्र केवल उन राज्यों में नहीं लगाए जाएंगे, जो भूकंप प्रभावित राज्य हैं। ऐसा इसलिए जरूरी है, क्योंकि भविष्य में जब कार्बन उत्सर्जन नियंत्रित करने के लिए ताप बिजली संयंत्रों पर निर्भरता खत्म की जाए तो परमाणु ऊर्जा जैसे विश्वसनीय व पर्यावरण को न्यूनतम हानि पहुंचाने वाले ऊर्जा स्रोतों को विद्युत आपूर्ति के लिए प्रयोग में लाया जा सके। सरकार ने इस साल के आम बजट में वर्ष 2047 तक परमाणु ऊर्जा क्षमता को मौजूदा 8000 मेगावाट से बढ़ाकर एक लाख मेगावाट करने का लक्ष्य रखा है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए देश में अनेक छोटे-छोटे परमाणु ऊर्जा रिएक्टर आधारित संयंत्र लगाए जाने की तैयारी में केंद्र सरकार हैं।

ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल ने कहा है कि 'वर्ष 2037 के बाद ताप विद्युत बिजली उत्पादन संयंत्र नहीं लगाए जाएंगे।' यह वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बड़ी पहल है। इस बदली स्थिति में जिन राज्यों में ताप बिजली संयंत्र बंद किए जाएंगे, वहां परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से बिजली का उत्पादन होगा। निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी इन संयंत्रों के लगाने का दायित्व सौंपा जाएगा। जम्मू-कश्मीर, गुजरात का कुछ भू-भाग, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार के कुछ क्षेत्रों में भूकंप की संभावना हमेशा ही बनी रहती है। इसलिए इन क्षेत्रों में ये संयंत्र नहीं लगाए जाएंगे। भारत के अभी महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान और उप्र में ही परमाणु ऊर्जा संयंत्र बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। इनकी संयुक्त बिजली उत्पादन क्षमता 8000 मेगावाट से कुछ कम हैं। जबकि सरकार द्वारा 12,000 मेगावाट क्षमता की बिजली उत्पादन की मंजूरी इन संयंत्रों को मिली हुई है। हालांकि भारत सरकार के उपक्रम परमाणु ऊर्जा निगम ने मध्यप्रदेश में चार नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की मंजूरी हाल ही में दी है। जल्दी ही ये संयंत्र नीमच, देवास, सिवनी और शिवपुरी में लगेंगे। सब कुछ सही रहा तो जल्दी ही इन परियोजनाओं पर काम शुरू हो जाएगा। इन संयंत्रों के शुरू हो जाने पर 1200 मेगावाट की अतिरिक्त बिजली पैदा होगी। भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता पिछले 10 साल में करीब दोगुनी हो चुकी है। 2031 तक इसके तीन गुना होने की उम्मीद है। बिजली मंत्री ने यह भी बताया कि फिलहाल देश में बिजली उत्पादन की कुल स्थापित क्षमता 4.72 लाख मेगावाट हैं, जिसमें 2.40 लाख मेगावाट कोयला आधारित ताप विद्युत है। वहीं 2.22 लाख मेगावाट उत्पादन क्षमता नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से है। दिसंबर 2025 तक इस नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन 2.50 लाख मेगावाट हो जाने की उम्मीद है, इस लक्ष्य की पूर्ति हो जाने पर भारत उन देशों में शामिल हो जाएगा, जिनमें ताप संयंत्रों से ज्यादा बिजली का उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों से होता है।

ताप विद्युत परियोजनाओं में कोयला जलाया जाता है। इस कारण बड़ी मात्रा में वायु प्रदूषित होती है। जो अनेक बीमारियों का कारण बनती है। जबकि परमाणु ऊर्जा से पैदा बिजली कार्बन मुक्त होने के साथ सस्ती भी होती है। भारत में कुल ऊर्जा के उत्पादन में 80 प्रतिशत बिजली केवल जीवाश्म ईंधन के रूप में कोयला को ताप विद्युत घरों में जलाने से प्राप्त होती है। पहली बार है जब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सरकार निजी कंपनियों से पूंजी निवेश की मांग कर रही है। फिलहाल भारत में परमाणु ऊर्जा कुल बिजली उत्पादन की तुलना में महज दो प्रतिशत भी नहीं है। यदि यह निवेश बढ़ता है तो 2030 तक अपनी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत गैर जीवाश्म ईंधन के उपयोग से प्राप्त लक्ष्य को हासिल करने में सहायता मिलेगी।

सोशल फोरम

घूरना व निहारना

देखना, ताकना, घूरना, निहारना। ये सब जो हैं खतरे का सबब हैं। देखना से ताकना थोड़ा ज्यादा और निहारना सबसे ज्यादा खतरनाक गतिविधि है। देखना, क्षणिक अचानक। इसमें प्रायः दूरगामी इरादे शामिल होते नहीं। इसे अन्यथा नहीं लिया जाता। ताकने को हमारे यहां छिछोरापन कहा जाता है। छिछोरापन पीटे जाने का निमंत्रण है। छिछोरे पीटे जाते है और आमतौर पर छिछोरों द्वारा ही पीटे जाते हैं। निहारने में श्रद्धा का पुट, आरती उतारने और बलिहारी जाने जैसा भाव। और जो बलिहारी जाता है उसकी बलि चढ़ती ही है।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

देखने को निहारना माना जाए या ताकने मे गिना जाए ये सामने वाले के मूड पर निर्भर करता है। मुमकिन है जिसे आपने देखा भर वो उसे वो निहारना मान ले। निहार रहे हों वो उसे ताकना गिन ले। अब ये उसके उपर कि वो उसका बुरा माने या अच्छा माने। बुरा मानने में आप के साथ बुरा हो सकता है। तत्काल मौके पर ही ठोके जा सकते हैं आप। पर अच्छा मानने में भी अच्छा हो ये बात ठोक बजा कर नहीं कही जा सकती।

अच्छा मानने में राजी हो जाने की संभावनाएं। अच्छा मानने वाले साथ हो लेते हैं। ये अच्छा हो तो अच्छी बात। पर ये इतना बुरा भी हो सकता है कि आप फिर ज़िंदगी भर इसका सोग मनाए कि ये उस निहारने को ताकना मान लेती। बुरा मान जाती तो सौदा सस्ते में निपट जाता।

सो देखें। पर ऐसे कि सामने वाले को ताकना न लगे। ताकना लग भी जाए तो निहारना हरगिज न लगे। जिसे आपका निहारना पसंद आ जाए वो चाहती है आप उसे निरंतर निहारे। समय चाहिए होता है निहारने के लिए। निहारना जिम्मेदारी है। ज़िम्मेदारी उठाने के लिए पैसा कमाना पड़ता है। पैसे कमाने के लिए नब्बे घंटे काम करना पड़ सकता है। नब्बे घंटे काम करने के बाद आप निहारने लायक़ नहीं बचते। नब्बे घंटे काम करने का माद्दा बस कोल्हू के बैल में। कोल्हू के बैल की आंखों पर पट्टी बाधीं जाती है ताकि वो किसी को निहार न सके। यदि आप बैल नहीं होना चाहते। आदमी बने रहना चाहते हैं तो देखने या ताकने से काम चलाएं। निहारने से बचे वक्त में काम करें। इसमें आपका तात्कालिक नुकसान भले हो पर आपके दीर्घकालिक हित इसी में हैं।

-फेसबुक वॉल से

अर्थशास्त्र की विखंडन-यात्रा

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण सत्ता के डर, नियंत्रण की आकांक्षा, और बौद्धिक स्वायत्तता के अभाव से उत्पन्न हुआ।

आजादी के पहले तक प्रायः भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र एक ही छत के नीचे पढ़ाए जाते थे और राजनीतिक अर्थशास्त्र की बहुत प्रतिष्ठा थी। अर्थशास्त्र के इतिहास की भी। लेकिन आजादी के बाद इसमें बहुत संरचनात्मक परिवर्तन हुए। स्वतंत्र भारत के शैक्षणिक ढांचे में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण हुआ और यह मात्र पाठ्यक्रमीय पुनर्संयोजन नहीं था, बल्कि वह एक गहरे राजनीतिक-वैचारिक चिंतन की अनुपस्थिति और नियंत्रण की आकांक्षा का प्रतीक था। विशेष रूप से राजनीतिक अर्थशास्त्र, जो राज्य, शक्ति, वर्ग, उत्पादन और सामाजिक संबंधों के अंतर्विरोधों की पड़ताल करता है, उसे योजनाबद्ध ढंग से शैक्षणिक मुख्यधारा से बाहर कर दिया गया।

लेख का उद्देश्य यह समझना है कि क्यों राजनीतिक अर्थशास्त्र को असुविधाजनक माना गया, क्यों अधिकांश भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र को कृत्रिम रूप से अलग कर दिया गया, क्यों दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों को आंशिक अपवाद स्वरूप यह परंपरा सीमित रूप में जीवित रखने दी गई, और क्यों मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स तथा इकोनोमेट्रिक्स जैसे उपविषय, समाज की आर्थिक समझ बढ़ाने में विफल होकर, मात्र अकादमिक खिलौने बनकर रह गए।

राजनीतिक अर्थशास्त्रः सत्ता और समाज का दर्पणः राजनीतिक अर्थशास्त्र वह अनुशासन था जो यह पूछता था कि नीति किसके पक्ष में बनाई जाती है, किसके संसाधनों का हस्तांतरण किसके लिए होता है और कौन-सी आर्थिक प्रक्रिया समाज के किन वर्गों को हाशिये पर डालती है। यह अनुशासन मार्क्स, स्मिथ, रिकार्डो, मिल और गांधी जैसे चिंतकों की परंपरा में सत्ता और मूल्य के बीच संबंध को केंद्र में रखता था।

किन्तु स्वतंत्र भारत में इस अनुशासन को तेजी से हाशिये पर डाल दिया गया। राजनीति और नैतिकता को अर्थशास्त्र से काटकर, उसे एक 'तथ्यात्मक और निरपेक्ष विज्ञान' के रूप में गढ़ा गया, जो 'राज्य की योजना' में सहयोगी तो हो, पर प्रश्नकर्ता नहीं। राजनीतिक अर्थशास्त्र के स्थान पर 'डाटा संचालित', 'मॉडल आधारित', 'सुधारात्मक' और 'सांख्यिकी-केंद्रित' अर्थशास्त्र का उदय हुआ- जिसमें सत्ता, वर्ग और दमन के लिए कोई स्थान नहीं बचा।

भारतीय संदर्भ में यथार्थ और सैद्धांतिक अर्थशास्त्र के बीच खाईः भारत का समाज एक असाधारण संरचना वाला समाज है-जाति, पितृसत्ता, श्रम-अवमूल्यन, कृषि-निरादर, धार्मिक असमानता और क्षेत्रीय विषमताएं यहां आर्थिक निर्णयों के गहरे कारक हैं। फिर भी भारतीय विश्वविद्यालयों में सैद्धांतिक अर्थशास्त्र, विशेष रूप से मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स और इकोनोमेट्रिक्स, ने इन जटिलताओं से आंख चुरा ली।

इन विषयों ने ऐसी भाषा और विधियों का विकास किया जो आम सामाजिक यथार्थ से संवाद नहीं कर सकती थी। वे ऐसे समीकरणों में व्यस्त रहे जिनमें न किसान था, न दलित, न महिला, न लघु व्यापारी, न ही बेरोजगार युवा। नीति-निर्माण के लिए इनका योगदान शून्य नहीं तो नगण्य रहा।

इकोनोमेट्रिक्स, जो डेटा के 'सटीक' विश्लेषण का दावा करता है, अक्सर पूर्वग्रह से ग्रस्त मॉडल और अविश्वसनीय आंकड़ों पर टिका रहा। मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स, जो 'यथार्थ को अमूर्त संख्याओं' में व्यक्त करता है, उस यथार्थ को खो बैठा जिसे वह मॉडलित करने चला था। इस प्रकार, ये विषय वैचारिक उपकरण बनने के बजाय अकादमिक 'खिलौने' बनकर रह गए, जिन्हें कुछ विद्वान 'खेलने' के लिए तो उत्साहित रहते हैं, पर नीति-निर्माण या सामाजिक बदलाव के मोर्चे पर इनका कोई प्रभाव नहीं होता।

भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण सत्ता के डर, नियंत्रण की आकांक्षा, और बौद्धिक स्वायत्तता के अभाव से उत्पन्न हुआ। राजनीतिक अर्थशास्त्र को असुविधाजनक इसलिए माना गया क्योंकि वह व्यवस्था से असुविधाजनक प्रश्न पूछता थाः विकास किसके लिए? नीति किसके विरुद्ध? योजना किनके श्रम से? इस वैचारिक निष्कासन ने न केवल सामाजिक-आर्थिक विश्लेषण को पंगु किया, बल्कि मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स और इकोनोमेट्रिक्स जैसे विषयों को मूल्य-विहीन, मानव-विमुख, और समाज-विस्मृत 'खिलौनों' में बदल दिया। आज जब भारत असमानता, बेरोजगारी, किसान संकट, पर्यावरणीय आपातकाल और लोकतांत्रिक क्षरण से जूझ रहा है- तब आवश्यक है कि राजनीतिक अर्थशास्त्र को पुनः मुख्यधारा में लाया जाए। केवल वही अनुशासन है जो यह साहस कर सकता है कि अर्थव्यवस्था को सत्ता, श्रम, समाज और संघर्ष की समग्र परिप्रेक्ष्य में देखे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

पोस्टमार्टम में देरी पर परिजनों का हंगामा, स्टॉफ ने खुद को किया बंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दूसरे डॉक्टर के न आने के चलते नहीं बना था पैनल, रुके थे 6 शवों के पोस्टमार्टम
- चौक पुलिस ने स्थिति को संभाला, समझा-बुझाकर लोगों को कराया शांत

अमृत विचारः पोस्टमॉर्टम हाउस पर पोस्टमॉर्टम देर से होने के कारण मंगलवार रात पीड़ित परिजन ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा होता देख पोस्टमॉर्टम हाउस के स्टॉफ ने खुद को अंदर बंद कर लिया। स्थिति को संभालने के लिए चौक पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत करवाया। लोगों के हंगामे के बाद शवों का पोस्टमॉर्टम शुरू हो सका।

केजीएमयू के पोस्टमार्टम हाउस में मंगलवार को 20 शवों का पोस्टमार्टम होना था। पोस्टमॉर्टम के लिए डॉ. कैलाश व डॉ. धर्मेंद्र की सीएचसी सरोजनीनगर से ड्यूटी लगाई गई थी। सुबह 9:00 बजे डॉ. कैलाश पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। जिसके बाद पोस्टमार्टम शुरू कर दिया गया। 14 शवों का पोस्टमार्टम डॉ. कैलाश ने किया। सूत्रों का कहना है कि डॉ. धर्मेंद्र पोस्टमॉर्टम के लिए नहीं पहुंचे। पोस्टमॉर्टम हाउस से इस संबंध में सीएमओ कंट्रोल रूम को जानकारी दी गई।

जिसके बाद सीएचसी सरोजनीनगर से डॉ. अजहरुद्दीन की ड्यूटी पोस्टमार्टम हाउस में लगाई गई। सूत्रों के मुताबिक देर शाम तक तक वह भी पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे नहीं। बचे हुए 6 शवों का पोस्टमॉर्टम डॉक्टरों के पैनल से होना था। जिसके चलते दो डॉक्टरों का पैनल में होना आवश्यक था। दूसरा डॉक्टर न होने के चलते शवों के पोस्टमॉर्टम रोक दिए गए।

पोस्टमार्टम हाउस के बाहर मौजूद जितेंद्र ने बताया कि सोमवार रात 8:00 बजे से पोस्टमॉर्टम के बाहर ही वह सोए। मंगलवार सुबह से पत्नी प्रीति के शव का पोस्टमॉर्टम होने का इंतजार कर रहे थे। वहीं, गुलाब चंद्र की पत्नी सुनीता ने बताया सोमवार रात को ही शव पोस्टमार्टम भेजा गया था। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम होना था। रात 8:00 बजे तक पोस्टमॉर्टम नहीं हुआ। पोस्टमार्टम में देरी के चलते पोस्टमॉर्टम हाउस पर लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। चौक पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला। जल्द ही पोस्टमॉर्टम कराने का आश्वासन दिया।

जेल के पावर लूम और कागज उद्योग उत्पाद की बढ़ेगी गुणवत्ता

संवाददाता, गोसाईंगंज

अमृत विचारः महानिदेशक पीसी मीना ने मंगलवार को गोसाईंगंज स्थित जिला कारागार का निरीक्षण किया। मॉडल जेल में डीजी ने प्रिंटिंग प्रेस, पावर लूम और कागज उद्योग की समीक्षा की।

मशीनों के आधुनिकीकरण और उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए निर्देश दिये। गौशाला के निरीक्षण के दौरान गोवंश की देखभाल की जानकारी ली। डीजी पीसी मीना मंगलवार दोपहर को गोसाईंगंज स्थित जिला कारागार पहुंचे। वहां उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद एक्स-रे बैगेज स्कैनर, वीडियो कॉल, मुलाकात कक्ष का निरीक्षण किया। अस्पताल, भंडारण, एटीएम, पीसीओ और ई-प्रिजन प्रणाली की व्यवस्था को देखा।

कार्यालय उपजिलाधिकारी फतेहपुर, बाराबंकी।

पत्रांक : 831 /र0का0/तालाब नीलामी — दिनांकः 10 जून, 2025

सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 61 व उ0प्र0रा0सं0 नियमावली 2016 के नियम 57 व 58 में दी गयी व्यवस्थानुसार निम्नांकित तालाबों के मत्स्य पालन आवंटन हेतु दस वर्षीय आवंटन/नीलामी हेतु दिनांक 27.06.2025 व 28.06.2025 को तहसील फतेहपुर सभागार में शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में इच्छुक व्यक्ति तहसील फतेहपुर के लोक सभागार में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर भाग ले सकते हैं।

क्र0	ग्राम का नाम	परगना	गाटा संख्या	क्षेत्रफल	नीलामी हेतु नियत तिथि
1	2	3	4	5	6
1	अकबरपुर	कुर्सी	147	0.331	27.06.2025
2	अगासण्ड	कुर्सी	189	0.430	27.06.2025
3	अगासण्ड	कुर्सी	430/2	0.228	27.06.2025
4	अगौली	कुर्सी	25	0.308	27.06.2025
5	अमरसण्डा	कुर्सी	402	0.304	27.06.2025
6	अमरसण्डा	कुर्सी	327	0.347	27.06.2025
7	अमरसण्डा	कुर्सी	1248	0.291	27.06.2025
8	अमेरा	मोहम्मदपुर	92	0.266	27.06.2025
9	अल्लापुर भखरौली	फतेहपुर	313	0.208	27.06.2025
10	असोहना	फतेहपुर	378	0.202	27.06.2025
11	असोहना	फतेहपुर	526	0.215	27.06.2025
12	असोहना	फतेहपुर	234	0.337	27.06.2025
13	अहमदपुर	फतेहपुर	188	0.277	27.06.2025
14	आलमपुर	फतेहपुर	269	0.296	27.06.2025
15	आलमपुर	फतेहपुर	98	0.375	27.06.2025
16	आल्हेमऊ	मोहम्मदपुर	179	0.385	27.06.2025
17	आल्हेमऊ	मोहम्मदपुर	41	0.639	27.06.2025
18	इनामीपुर	फतेहपुर	99	1.227	27.06.2025
19	इमलीपुर	मोहम्मदपुर	126	0-830	27.06.2025
20	उतरावां	फतेहपुर	14	0.481	27.06.2025
21	उतरावां	फतेहपुर	61	0.585	27.06.2025
22	उतरावां	फतेहपुर	301	0.961	27.06.2025
23	उतरावां	फतेहपुर	271	1.256	27.06.2025
24	उमरा	कुर्सी	583	0.215	27.06.2025
25	उमरी	मोहम्मदपुर	199	0.297	27.06.2025
26	उमरी	मोहम्मदपुर	399	0.231	27.06.2025
27	उमरी	मोहम्मदपुर	153	0.304	27.06.2025
28	ऊदापुर	फतेहपुर	161	0.259	27.06.2025
29	ओतिया	फतेहपुर	121	0.316	27.06.2025
30	ओतिया	फतेहपुर	306	0.335	27.06.2025
31	ओतिया	फतेहपुर	416	0.708	27.06.2025
32	ओदरिया	कुर्सी	514	0.465	27.06.2025
33	कन्दरौला	फतेहपुर	627	0.531	27.06.2025
34	कसौंजा	मोहम्मदपुर	71	1.252	27.06.2025
35	कामीपुर	कुर्सी	299	0.304	27.06.2025
36	कुर्सी	कुर्सी	188	0.223	27.06.2025
37	कुर्सी	कुर्सी	587	0.24	27.06.2025
38	कुर्सी	कुर्सी	1220	0.253	27.06.2025
39	कुर्सी	कुर्सी	195	0.367	27.06.2025
40	कोड़री गोपालपुर	फतेहपुर	1026	0.341	27.06.2025
41	कोढ़वा	कुर्सी	344	0.228	27.06.2025
42	कोढ़वा	कुर्सी	345	0.329	27.06.2025
43	क्योंटली	मोहम्मदपुर	265	0.392	27.06.2025
44	क्योंटली	मोहम्मदपुर	104	0.873	27.06.2025
45	क्योंटली	मोहम्मदपुर	117	0.425	27.06.2025
46	क्योंटली	मोहम्मदपुर	384	1.033	27.06.2025
47	क्योंटली	मोहम्मदपुर	461	0.531	27.06.2025
48	क्योंटली	मोहम्मदपुर	467	0.468	27.06.2025
49	क्योंटली	मोहम्मदपुर	437	0.354	27.06.2025
50	खण्डेहरा	मोहम्मदपुर	111	0.642	27.06.2025
51	खण्डेहरा	मोहम्मदपुर	507	0.430	27.06.2025
52	खान मोहम्मदपुर	कुर्सी	130	0.341	27.06.2025
53	खान मोहम्मदपुर	कुर्सी	225	0.221	27.06.2025
54	खिंझना	कुर्सी	1457	0.215	27.06.2025
55	खिंझना	कुर्सी	2397	0.341	27.06.2025
56	खिंझना	कुर्सी	1550	0.455	27.06.2025
57	खुज्झी	कुर्सी	401	0.234	27.06.2025
58	खुज्झी	कुर्सी	453	0.561	27.06.2025
59	खुज्झी	कुर्सी	469	0.848	27.06.2025
60	खुज्झी	कुर्सी	569	0.778	27.06.2025
61	खुज्झी	कुर्सी	1011	1.025	27.06.2025
62	गौरी बनियानी	फतेहपुर	201	0.959	27.06.2025
63	गंगचौली	फतेहपुर	459	0.357	27.06.2025
64	गंगौला	फतेहपुर	134	0.228	27.06.2025
65	गड़चप्पा	मोहम्मदपुर	233	0.515	27.06.2025
66	गड़िया	कुर्सी	31	0.278	27.06.2025
67	गड़िया	कुर्सी	216	0.202	27.06.2025
68	गड़िया	कुर्सी	98	0.259	27.06.2025
69	गड़िया	कुर्सी	135	0.259	27.06.2025
70	गड़िया	कुर्सी	125	0.360	27.06.2025
71	गड़िया	कुर्सी	18	0.727	27.06.2025
72	गड़िया	कुर्सी	205	1.037	27.06.2025
73	गांगेमऊ	फतेहपुर	304	1.353	27.06.2025
74	गुड़ौली	फतेहपुर	177	0.218	27.06.2025
75	गुड़ौली	फतेहपुर	157	0.405	27.06.2025
76	गोड़ैचा	कुर्सी	440	0.231	27.06.2025
77	गोड़ैचा	कुर्सी	430	0.397	27.06.2025
78	गौरा गजनी	फतेहपुर	291	0.234	27.06.2025
79	गंगौली	कुर्सी	408	0.354	27.06.2025
80	घघसी	फतेहपुर	124	0.266	27.06.2025
81	घुंघटेर	कुर्सी	1779	0.481	27.06.2025
82	चकिया	कुर्सी	826	0.842	27.06.2025
83	चकिया	कुर्सी	1111	0.278	27.06.2025
84	चकिया	कुर्सी	1144	1.455	27.06.2025
85	चकिया	कुर्सी	826	0.842	27.06.2025
86	छेदा	मोहम्मदपुर	1206	0.202	27.06.2025
87	जगतपुर	मोहम्मदपुर	146	0.212	27.06.2025
88	जगसेण्डा	फतेहपुर	186	0.493	27.06.2025
89	जिगनी	मोहम्मदपुर	275	0.291	27.06.2025
90	जिगनी	मोहम्मदपुर	123	0.329	27.06.2025
91	जिगनी	मोहम्मदपुर	420	0.367	27.06.2025
92	जिन्दपुर	कुर्सी	1	0.253	27.06.2025
93	जियनपुर	फतेहपुर	166	0.580	27.06.2025
94	ज्योली	मोहम्मदपुर	60	0.316	27.06.2025
95	ज्योली	मोहम्मदपुर	202	0.794	27.06.2025
96	ज्योली	मोहम्मदपुर	295	0.558	27.06.2025
97	झंझरी	मोहम्मदपुर	22	0.617	27.06.2025
98	झंझरी	मोहम्मदपुर	246	0.329	27.06.2025
99	झंझरा	मोहम्मदपुर	10	0.449	27.06.2025
100	झंझरा	मोहम्मदपुर	48	0.759	27.06.2025
101	झरसवां	फतेहपुर	130	0.392	27.06.2025
102	झरसवां	फतेहपुर	773	0.392	27.06.2025
103	टंडवा नानकारी	फतेहपुर	63	0.215	27.06.2025
104	टांडा निजामअली	फतेहपुर	1430	0.385	27.06.2025
105	टिकरा	कुर्सी	450	0.318	27.06.2025
106	टिकरा	कुर्सी	225	0.364	27.06.2025
107	टिकरा	कुर्सी	101	0.411	27.06.2025
108	टेढ़वा	फतेहपुर	72	0.375	27.06.2025
109	टेढ़वा	फतेहपुर	236	0.753	27.06.2025
110	ठकुरामऊ	कुर्सी	163	0.215	27.06.2025
111	डिंगरी	कुर्सी	529	0.278	27.06.2025
112	डिंगरी	कुर्सी	177	0.379	27.06.2025
113	डिंगरी	कुर्सी	451	0.544	27.06.2025
114	डिंगरी	कुर्सी	22	2.670	27.06.2025
115	डिंगरी	कुर्सी	813	2.839	27.06.2025
116	तरावां	फतेहपुर	615	0.291	27.06.2025
117	तालगांव	फतेहपुर	46	1.602	27.06.2025
118	तालगांव	फतेहपुर	174	1.546	27.06.2025
119	ताहिरपुर	कुर्सी	232	0.999	27.06.2025
120	ददेरा	कुर्सी	344	0.360	27.06.2025
121	ददेरा	कुर्सी	109	0.405	27.06.2025
122	दरावां	कुर्सी	1691	0.215	27.06.2025
123	दीनपनाह	कुर्सी	430	0.215	27.06.2025
124	दीनपनाह	कुर्सी	464	0.228	27.06.2025
125	दीनपनाह	कुर्सी	1000	0.240	27.06.2025
126	दुर्गापुर नौबस्ता	मोहम्मदपुर	802	0.689	27.06.2025
127	देवकलिया	फतेहपुर	131	0.278	27.06.2025
128	देवकलिया बक्शी	फतेहपुर	239	0.317	27.06.2025
129	देवकलिया बक्शी	फतेहपुर	49	0.323	27.06.2025
130	देवगवां	मोहम्मदपुर	295	0.509	27.06.2025
131	देवगवां	मोहम्मदपुर	288	1.377	27.06.2025
132	देवगांव	फतेहपुर	6	0.213	27.06.2025
133	देवरिया	फतेहपुर	18	0.227	27.06.2025
134	देवरिया	फतेहपुर	16	0.362	27.06.2025
135	देवरिया	फतेहपुर	1	0.478	27.06.2025
136	दोहई	मोहम्मदपुर	348	0.349	27.06.2025
137	दोहई	मोहम्मदपुर	154	0.250	27.06.2025
138	धधौरा	फतेहपुर	112	0.329	27.06.2025
139	धधौरा	फतेहपुर	10	0.455	27.06.2025
140	धधौरी	फतेहपुर	92	0.278	27.06.2025
141	धमसड़	फतेहपुर	653	0.304	27.06.2025
142	धमसड़	फतेहपुर	146	0.437	27.06.2025
143	धमसड़	फतेहपुर	251	0.506	27.06.2025
144	धमसड़	फतेहपुर	619	0.836	27.06.2025
145	धरौली	कुर्सी	84	0.205	27.06.2025
146	धरौली	कुर्सी	598	0.208	27.06.2025
147	धरौली	कुर्सी	585	0.278	27.06.2025
148	धरौली	कुर्सी	156	0.354	27.06.2025
149	धरौली	फतेहपुर	3	0.303	27.06.2025
150	धरौली	फतेहपुर	20	0.458	27.06.2025
151	धरौली	फतेहपुर	236	1.682	27.06.2025
152	धौरहरा	कुर्सी	1771	0.493	27.06.2025
153	नन्दरासी	फतेहपुर	283	0.215	27.06.2025
154	नन्दरासी	फतेहपुर	49	0.228	27.06.2025
155	नन्दरासी	फतेहपुर	523	0.239	27.06.2025
156	नन्दरासी	फतेहपुर	40	0.297	27.06.2025
157	नरायनपुर	कुर्सी	148	0.208	27.06.2025
158	नरायनपुर	कुर्सी	180	0.310	27.06.2025
159	निन्दूरा	कुर्सी	103	0.392	27.06.2025
160	निन्दूरा	कुर्सी	1504	0.481	27.06.2025
161	निन्दूरा	कुर्सी	625	0.211	27.06.2025
162	निन्दूरा	कुर्सी	1301	0.492	27.06.2025
163	निन्दूरा	कुर्सी	2801	0.240	27.06.2025
164	नेरी	फतेहपुर	162	0.202	27.06.2025
165	पकरियापुर	फतेहपुर	217	0.228	27.06.2025
166	पटना	फतेहपुर	438	0.848	27.06.2025
167	पटना	फतेहपुर	1030	0.342	27.06.2025
168	पटना	फतेहपुर	1314	1.021	27.06.2025
169	पटना	फतेहपुर	1429	2.349	27.06.2025
170	पटना	फतेहपुर	1658	0.225	27.06.2025
171	पटना	फतेहपुर	125	0.238	27.06.2025
172	पटना	फतेहपुर	1034	0.254	27.06.2025
173	पपेहरा	फतेहपुर	343	1.366	27.06.2025
174	परवरभारी	फतेहपुर	246	0.436	27.06.2025
175	पर्वतपुर	मोहम्मदपुर	241	0.585	27.06.2025
176	पल्हरा	मोहम्मदपुर	25	2.264	27.06.2025
177	पल्हरी	मोहम्मदपुर	89	0.392	27.06.2025
178	पहाड़ापुर	फतेहपुर	81	0.229	27.06.2025
179	पारा	मोहम्मदपुर	13	0.215	27.06.2025
180	पारा	मोहम्मदपुर	698	0.228	27.06.2025
181	पालपाटन	फतेहपुर	175	0.436	27.06.2025
182	पालपाटन	फतेहपुर	182	0.453	27.06.2025
183	पालपाटन	फतेहपुर	142	0.455	27.06.2025
184	पालपाटन	फतेहपुर	165	0.481	27.06.2025
185	पिण्डसावां	कुर्सी	762	0.269	27.06.2025
186	पिण्डसावां	कुर्सी	1056	0.453	27.06.2025
187	पिण्डसावां	कुर्सी	997	0.658	27.06.2025
188	पिण्डसावां	कुर्सी	965	0.797	27.06.2025
189	पिपरसण्ड	फतेहपुर	3	0.341	28.06.2025
190	पिपरसण्ड	फतेहपुर	335	0.489	28.06.2025
191	पिपरसण्ड	फतेहपुर	415	0.354	28.06.2025
192	पिलहटी हैदराबाद	कुर्सी	393	0.379	28.06.2025
193	पिलहटी हैदराबाद	कुर्सी	290	0.721	28.06.2025
194	पूरनपुर	मोहम्मदपुर	33	0.260	28.06.2025
195	पूरनपुर	मोहम्मदपुर	23	0.304	28.06.2025
196	पूरनपुर	मोहम्मदपुर	98	0.475	28.06.2025
197	पूरनपुर	मोहम्मदपुर	142	1.366	28.06.2025
198	पूरेगुलाम मोहम्मद	फतेहपुर	67	0.266	28.06.2025
199	प्रेमपुर	फतेहपुर	152	0.291	28.06.2025
200	प्रेमपुर	फतेहपुर	180	0.337	28.06.2025
201	फिरोजपुर	मोहम्मदपुर	31–	1.009	28.06.2025
202	बछरौली	फतेहपुर	3	0.266	28.06.2025
203	बछरौली	फतेहपुर	53	0.373	28.06.2025
204	बजगहनी	कुर्सी	188	0.284	28.06.2025
205	बजगहनी	कुर्सी	612	0.215	28.06.2025
206	बजगहनी	कुर्सी	1340	0.304	28.06.2025
207	बजगहनी	कुर्सी	928	0.733	28.06.2025
208	बजगहनी	कुर्सी	614	0.917	28.06.2025
209	बड़खेरिया	कुर्सी	193	0.312	28.06.2025
210	बडागांव	फतेहपुर	474	0.253	28.06.2025
211	बडागांव	फतेहपुर	305	0.304	28.06.2025
212	बडागांव	फतेहपुर	739	0.379	28.06.2025
213	बड्डूपुर	फतेहपुर	928	0.202	28.06.2025
214	बनार	फतेहपुर	53	0.385	28.06.2025
215	बन्नी रोशनपुर	फतेहपुर	165	0.541	28.06.2025
216	बन्नी रोशनपुर	फतेहपुर	288	0.382	28.06.2025
217	बरेठी	मोहम्मदपुर	379	0.488	28.06.2025
218	बसारा	कुर्सी	126	0.342	28.06.2025
219	बसारा	कुर्सी	164	0.218	28.06.2025
220	बसारा	कुर्सी	659	0.243	28.06.2025
221	बसारा	फतेहपुर	518	0.202	28.06.2025
222	बसारा	फतेहपुर	2139	0.202	28.06.2025
223	बसारा	फतेहपुर	424	0.215	28.06.2025
224	बसारा	फतेहपुर	1289	0.215	28.06.2025
225	बसारा	फतेहपुर	1148	0.240	28.06.2025
226	बसारा	फतेहपुर	1909	0.240	28.06.2025
227	बसारा	फतेहपुर	2111	0.240	28.06.2025
228	बसारा	फतेहपुर	1213	0.266	28.06.2025
229	बसारा	फतेहपुर	1313	0.261	28.06.2025
230	बसारा	फतेहपुर	471	0.315	28.06.2025
231	बसारा	फतेहपुर	480	0.497	28.06.2025
232	बसारी	मोहम्मदपुर	377	0.315	28.06.2025
233	बसारी	मोहम्मदपुर	1200	0.228	28.06.2025
234	बसारी	मोहम्मदपुर	1134	0.721	28.06.2025
235	बसौली	मोहम्मदपुर	430	0.278	28.06.2025
236	बसौली	मोहम्मदपुर	439	0.304	28.06.2025
237	बसौली	मोहम्मदपुर	146	0.620	28.06.2025
238	बसौली	मोहम्मदपुर	102	0.696	28.06.2025
239	बहरौली	कुर्सी	187	0.372	28.06.2025
240	बहरौली	कुर्सी	729	0.556	28.06.2025
241	बहरौली	कुर्सी	866	0.506	28.06.2025
242	बहरौली	कुर्सी	878	0.253	28.06.2025
243	बहरौली	कुर्सी	1593	0.202	28.06.2025
244	बहरौली	कुर्सी	1830	0.329	28.06.2025
245	बहरौली	कुर्सी	1810	0.230	28.06.2025
246	बहरौली	कुर्सी	129	0.364	28.06.2025
247	बिजौली	कुर्सी	188	0.229	28.06.2025
248	बिलौली महराज	फतेहपुर	650	0.246	28.06.2025
249	बेहड़ा खेमकरन	फतेहपुर	157	0.286	28.06.2025
250	बैनाटीकरहार	कुर्सी	993	0.221	28.06.2025
251	बैनाटीकरहार	कुर्सी	884	0.266	28.06.2025
252	बैनाटीकरहार	कुर्सी	416	0.360	28.06.2025
253	बैसड़ा	फतेहपुर	120	0.242	28.06.2025
254	भद्रास	कुर्सी	1054	0.291	28.06.2025
255	भद्रास	कुर्सी	566	0.405	28.06.2025
256	भवानीपुर	फतेहपुर	72	0.215	28.06.2025
257	भुण्डिया	फतेहपुर	75	0.310	28.06.2025
258	भुण्डिया	फतेहपुर	7	0.377	28.06.2025
259	भुण्डिया	फतेहपुर	66	0.493	28.06.2025
260	भुरकुण्डा	मोहम्मदपुर	273	0.215	28.06.2025
261	भुरकुण्डा	मोहम्मदपुर	283	0.487	28.06.2025
262	भुरकुण्डा	मोहम्मदपुर	37	0.519	28.06.2025
263	भुरकुण्डा	मोहम्मदपुर	101	0.620	28.06.2025
264	भैंसुरिया मुजाहिदपुर	फतेहपुर	5	0.215	28.06.2025
265	भैंसुरिया मुजाहिदपुर	फतेहपुर	795	0.228	28.06.2025
266	भैंसुरिया मुजाहिदपुर	फतेहपुर	1458	0.251	28.06.2025
267	मंझारी	मोहम्मदपुर	738	0.347	28.06.2025
268	मदनपुर	फतेहपुर	217	0.658	28.06.2025
269	मदनपुर	फतेहपुर	597	0.335	28.06.2025
270	मदनपुर	फतेहपुर	179	0.278	28.06.2025
271	मदनपुर	फतेहपुर	618	0.278	28.06.2025
272	मदनपुर	फतेहपुर	465	0.228	28.06.2025
273	मदारपुर	फतेहपुर	16	0.304	28.06.2025
274	मल्लावां	कुर्सी	1647	0.253	28.06.2025
275	मल्लावां	कुर्सी	2212	0.266	28.06.2025
276	मल्लावां	कुर्सी	1259	0.354	28.06.2025
277	मल्लावां	कुर्सी	462	0.354	28.06.2025
278	मल्लावां	कुर्सी	2088	0.363	28.06.2025
279	मल्लावां	कुर्सी	1649	0.397	28.06.2025
280	मसूदपुर	फतेहपुर	94	0.436	28.06.2025
281	महमूदपुर बनौगा	कुर्सी	77	0.367	28.06.2025
282	महुआंडांडा	फतेहपुर	4	0.441	28.06.2025
283	महुआंडांडा	फतेहपुर	62	0.506	28.06.2025
284	मिठवारा	फतेहपुर	393	0.598	28.06.2025
285	मिठवारा	फतेहपुर	473	0.797	28.06.2025
286	मिठवारा	फतेहपुर	428	0.658	28.06.2025
287	मीरनगर	फतेहपुर	394	0.481	28.06.2025
288	मुनीमपुर बरतरा	कुर्सी	413	0.752	28.06.2025
289	मूड़ाभारी	मोहम्मदपुर	467	0.253	28.06.2025
290	मोकलापुर	मोहम्मदपुर	29	0.352	28.06.2025
291	मोकलापुर	मोहम्मदपुर	23	0.367	28.06.2025
292	मोहनपुर	कुर्सी	238	0.632	28.06.2025
293	मोहम्मदपुर	मोहम्मदपुर	330	0.399	28.06.2025
294	मोहम्मदीपुर	फतेहपुर	189	0.218	28.06.2025
295	रंजीतपुर	मोहम्मदपुर	255	0.443	28.06.2025
296	ररिया	फतेहपुर	223	0.323	28.06.2025
297	ररिया	फतेहपुर	1032	0.225	28.06.2025
298	रालभारी	फतेहपुर	774	0.228	28.06.2025
299	रालभारी	फतेहपुर	441	0.253	28.06.2025
300	रीवां	फतेहपुर	401	0.266	28.06.2025
301	रैंगवा	कुर्सी	969	0.304	28.06.2025
302	रैंगवा	कुर्सी	770	0.379	28.06.2025
303	रोशनाबाद	कुर्सी	107	0.304	28.06.2025
304	रोशनाबाद	कुर्सी	124	0.379	28.06.2025
305	रोशनाबाद	कुर्सी	105	0.443	28.06.2025
306	रौजा	फतेहपुर	166	0.316	28.06.2025
307	रौजा	फतेहपुर	284	0.215	28.06.2025
308	रौजा	फतेहपुर	364	0.454	28.06.2025
309	रौजा	फतेहपुर	373	0.243	28.06.2025
310	रौजा	फतेहपुर	441	0.664	28.06.2025
311	रौजा	फतेहपुर	31	0.623	28.06.2025
312	लिलौली	फतेहपुर	744	0.316	28.06.2025
313	लिलौली	फतेहपुर	751	0.202	28.06.2025
314	वाजिदपुर	फतेहपुर	177	0.378	28.06.2025
315	वाजिदपुर	फतेहपुर	32	0.385	28.06.2025
316	विद्धीपुर कला	फतेहपुर	104	0.272	28.06.2025
317	विशुनपुर	मोहम्मदपुर	9	0.329	28.06.2025
318	विशुनपुर	मोहम्मदपुर	347	0.354	28.06.2025
319	विशुनपुर	मोहम्मदपुर	670	0.411	28.06.2025
320	विशुनपुर	मोहम्मदपुर	843	0.506	28.06.2025
321	विशुनपुर	मोहम्मदपुर	194	0.379	28.06.2025
322	शाहपुर बशखोलिया	फतेहपुर	593	0.240	28.06.2025
323	शाहपुर बशखोलिया	फतेहपुर	815	0.304	28.06.2025
324	शेखपुर मखदूम	फतेहपुर	50	0.313	28.06.2025
325	शेखूपुर	मोहम्मदपुर	26	0.433	28.06.2025
326	सदरापुर	फतेहपुर	366	0.233	28.06.2025
327	सन्दूपुर	फतेहपुर	451	1.100	28.06.2025
328	समनाडीह	फतेहपुर	155	0.329	28.06.2025
329	समनाडीह	फतेहपुर	311	0.329	28.06.2025
330	समनाडीह	फतेहपुर	529	0.535	28.06.2025
331	समनाडीह	फतेहपुर	137	0.270	28.06.2025
332	सरवन	कुर्सी	471	0.266	28.06.2025
333	सरवन	कुर्सी	477	0.304	28.06.2025
334	सरवन	कुर्सी	20	0.342	28.06.2025
335	सरवन	कुर्सी	128ख	0.607	28.06.2025
336	सरवन	कुर्सी	23	0.664	28.06.2025
337	सरवन	कुर्सी	420	0.949	28.06.2025
338	सरवन	कुर्सी	435	0.955	28.06.2025
339	सरवा	फतेहपुर	183	1.029	28.06.2025
340	सरवा	फतेहपुर	148	1.629	28.06.2025
341	सरसवां	फतेहपुर	158	0.272	28.06.2025
342	सरसवां	फतेहपुर	242	0.455	28.06.2025
343	सरसवां	फतेहपुर	267	0.228	28.06.2025
344	सरसवां	फतेहपुर	517	0.251	28.06.2025
345	सरसवां	फतेहपुर	403	0.485	28.06.2025
346	सरांय सहबाज	कुर्सी	243	0.430	28.06.2025
347	सरैया	फतेहपुर	283	0.202	28.06.2025
348	सलेमपुर	फतेहपुर	438	0.463	28.06.2025
349	सलेमपुर	फतेहपुर	714	0.826	28.06.2025
350	डडियामऊ	फतेहपुर	131	0.253	28.06.2025
351	साढ़ेमऊ	फतेहपुर	446	0.237	28.06.2025
352	साढ़ेमऊ	फतेहपुर	180	0.371	28.06.2025
353	साढ़ेमऊ	फतेहपुर	181	0.390	28.06.2025
354	सालेहपुर	फतेहपुर	712	0.562	28.06.2025
355	सालेहपुर	फतेहपुर	195	0.207	28.06.2025
356	सिरौली सुर्जनपुर	फतेहपुर	219	0.481	28.06.2025
357	सिरौली सुर्जनपुर	फतेहपुर	76	0.202	28.06.2025
358	सिहाली	फतेहपुर	1259	0.221	28.06.2025
359	सेवली	फतेहपुर	40	0.269	28.06.2025
360	सैदापुर	फतेहपुर	54	0.417	28.06.2025
361	सैनवसी	फतेहपुर	121	0.212	28.06.2025
362	सोहई	मोहम्मदपुर	58	0.417	28.06.2025
363	सौरंगा	फतेहपुर	265	0.468	28.06.2025
364	हजरतपुर	फतेहपुर	453	0.202	28.06.2025
365	हजरतपुर	फतेहपुर	45	0.240	28.06.2025
366	हसनपुर टांडा	फतेहपुर	498	0.316	28.06.2025
367	हसनपुर टांडा	फतेहपुर	850	0.541	28.06.2025
368	हसनपुर टांडा	फतेहपुर	296	0.238	28.06.2025
369	हसुवापारा	फतेहपुर	1236	0.202	28.06.2025
370	हिदायतपुर सिपाह	फतेहपुर	580	0.310	28.06.2025
371	पालपाटन	फतेहपुर	168 /281	0.468	28.06.2025
372	नरायनपुर	कुर्सी	209 /265	0.551	28.06.2025
373	सैन्दर	कुर्सी	678	0.448	28.06.2025

नियम व शर्तेः–

1. नीलामी सम्बन्धी समस्त प्रक्रिया व शर्ते उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 यथा संशोधित राजस्व नियमावली 2016 में विहित व्यवस्थाओं एवं इस सम्बन्ध में निर्गत शासनादेशों/परिषदादेशों में निहित व्यवस्था के अनुरूप होगी।
2. नीलामी की कार्यवाही उपरोक्त की में अंकित ग्रामों के सम्मुख अंकित नियत तिथि पर लोक सभागार तहसील फतेहपुर में की जायेगी।
3. नीलामी के समय आवेदक को आय, जाति, निवास, खतौनी जमा करना अनिवार्य होगा।
4. किसी भी तालाब गाटा संख्या के एक ही श्रेणी के दो या उससे अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर उन तालाबों की नीलामी करायी जायेगी।
5. नीलामी तिथि पर आयोजित शिविर में उपर्युक्त ग्रामों के आवेदन पत्र 10:00 पूर्वान्ह से 3:00 बजे अपरान्ह तक प्राप्त किये जायेंगे तत्पश्चात् उसी दिन नीलामी की कार्यवाही की जायेगी।
6. नीलामी में भाग लेने वाले आवेदको द्वारा प्रति नीलामी 1000रू0 जमानत राशि जमा करनी होगी। तथा नीलामी समाप्त होने पर नीलामी केता द्वारा नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि जमा करना होगा।
7. नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सम्बन्ध उप जिलाधिकारी फतेहपुर का निर्णय अन्तिम होगा।
8. नीलामी सम्बन्धी विस्तृत जानकारी तहसीलदार कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(कार्तिकेय सिंह)
उप जिलाधिकारी
फतेहपुर, बाराबंकी।

UP-234997 दिनांक 16.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

मोदी सरकार ने किए अभूतपूर्व कार्य

विकसित भारत संकल्प सभा में बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार : सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को गोसियामऊ गांव में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने इस मौके पर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया। सभा के दौरान उन्होंने पांच लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड तथा दो लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना की चाबियां सौंपीं। नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया और परिसर में पौधरोपण किया।

संकल्प सभा को संबोधित करते प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने बीते 11 वर्षों में गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। गरीबों को सशक्त कर देश की तस्वीर बदल दी है। 11 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि से लाभान्वित किया गया। 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त किया गया। मुद्रा योजना के तहत 52 करोड़ से अधिक ऋण देकर स्वरोजगार को बढ़ावा दिया गया। विश्वकर्मा योजना से पारंपरिक कामगारों को टूलकिट उपलब्ध कराई गई। साथ ही 60 हजार से अधिक युवाओं को पारदर्शी तरीके से पुलिस विभाग में नौकरी मिली है। भूपेंद्र चौधरी ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी सरकारों में केवल अपने समर्थकों को लाभ मिलता था, जबकि योगी सरकार में कानून व्यवस्था सख्त हुई है और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी सुधार हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया गया है, जिससे विदेशी सैलानी भी प्रभावित हैं।

अराजक तत्वों ने रेलवे की दो मुख्य केबल काटी

बाराबंकी, अमृत विचार : अराजक तत्वों ने रेलवे के सिग्नल और टेली कम्युनिकेशन केबल काट दी। आरपीएफ पुलिस ने पड़ताल करते हुए इस मामले में मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ जारी है। रेलवे सूत्रों के अनुसार, सोमवार को सफदरगंज और सैदखानपुर रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित कल्याणी नदी पुल के पास अराजक तत्वों ने रेलवे की महत्वपूर्ण केबल काट दी। इससे रेल संचालन पूरी तरह से बाधित हो गया। जानकारी मिलते ही आरपीएफ सुरक्षा नियंत्रण कक्ष लखनऊ से प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरपीएफ व रेलवे की टीम मौके पर पहुंची। 19-कोर की सिग्नलिंग केबल और 6-क्वाड टेली कम्युनिकेशन केबल पूरी तरह काट दी गई थी। विभाग की तत्परता से क्षतिग्रस्त केबल की मरम्मत कर रेल संचालन पुन: शुरू किया गया। मामले में केस दर्ज कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन रायबरेली

पत्रांक– 182/एन0आर0एल0एम / बी0आर0पी0 इम्पैनलमेन्ट / 2025–26 दिनांक :– 9.6.25

प्रेस विज्ञप्ति

मिशन निदेशक, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के पत्रांक - 3999/2955/प्रशि०/आजीविका/2024-25, लखनऊ, दिनांक : 06 दिसम्बर 2024 के निर्देश के क्रम में अवगत कराना है कि, डे - एन०आर०एल०एम० योजनान्तर्गत यू०पी०एस०आर०एल०एम० द्वारा संशोधित - रिसोर्स पर्सन पालिसी (RESOURCE PERSON POLICY) नीति शासी निकाय की 20वीं बैठक दिनांक 19.03.2024 में अनुमोदित मिशन मुख्यालय के पत्रांक -3329/4648/शा0नि0/24-25 लखनऊ दिनांक: 18.10.2024 के माध्यम से जिला मिशन प्रबंधन इकाई-रायबरेली द्वारा जनपद अंतर्गत प्रत्येक विकास खण्ड में 252 ब्लॉक रिसोर्स पर्सन को सूचीबद्ध किया जाना है। जिसका विवरण निम्नवत है -

क्र०सं०	थीम का नाम	ब्लॉक रिसोर्स पर्सन की संख्या (प्रत्येक विकास खण्ड)
1	सोशल मोबिलाइजेशन एवं क्षमतावर्धन	4
2	सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन	4
3	सामाजिक समावेशन एवं सामाजिक विकास	2
4	आजीविका – फार्म	2
5	आजीविका - नॉन फार्म	2
	योग	14

आवेदन की अर्हता निम्नवत है।

ब्लॉक रिसोर्स पर्सन हेतु आवेदन अर्हता
महिला अभ्यर्थी 12वीं पास एवं उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की सदस्य हो।
स्वयं सहायता समूह में कम से कम 02 वर्ष का कार्य अनुभव हो।
अभ्यर्थी की आयु कम से कम 21 वर्ष होनी चाहिए।
अभ्यर्थी को हिंदी एवं स्थानीय दोनों भाषा का ज्ञान होना चाहिए।
अभ्यर्थी को स्मार्ट फ़ोन / एंड्राइड फ़ोन पर कार्य करने में दक्षता होनी चाहिए।
अभ्यर्थी को गांव में यात्रा करने, समूह की बैठक एवं क्षेत्र भ्रमण में जाने की भी इच्छुक होनी चाहिए। इसके साथ ही जनपद एवं राज्य के भीतर एवं बाहर एक्सपोज़र यात्राओं एवं प्रशिक्षण के लिए जाने की भी इच्छुक होनी चाहिए।

मिशन हेतु ब्लॉक रिसोर्स पर्सन का एम्पैनलमेंट किये जाने के संदर्भ में विस्तृत टी०ओ०आर०/पारिश्रमिक एवं अन्य समस्त जानकारी सम्बन्धित ब्लॉक मिशन प्रबंन्धन इकाई, विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त कर सकतें है। बी०आर०पी० के इच्छुक अभ्यर्थी अपना विस्तृत बायोडाटा संलग्नक प्रारूप पर अपनी विशेषज्ञता/विशेषज्ञताओं के साथ दिनांक 20.06.2025 तक ब्लॉक मिशन प्रबंधक इकाई, विकास खण्ड कार्यालय पर जमा करेगें।

संलग्नक : BRP BASIC INFORMATION FORMAT

उपायुक्त स्वतः रोजगार
उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन
रायबरेली

गोंडा–लखनऊ मार्ग पर पड़ने लाले घाघरा नदी पर बने संजय सेतु में खराबी आने से मंगलवार को लगा रहा भीषण जाम। पुल के क्षतिग्रस्त एक्सपेंशन जॉइंट की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया। मरम्मत के चलते यह रास्ता तीन दिन तक बंद रहेगा। लखनऊ आने जाने वाले वाहनों से लिए रूट डायवर्ट किया गया है।

मां की गोद से छिटकी को ट्रक ने रौंदा, मौत

इटावा, अमृत विचार। मंगलवार को नेशनल हाईवे-2 के फूफई ओवरब्रिज पर एक बाइक को बेकाबू ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर बैठी महिला के गोद से 9 महीने की बच्ची छिटककर सड़क पर गिर गई। तभी उसके ऊपर से ट्रक का पहिया निकल गया। उसकी मां भी सड़क पर गिर गई और घायल हो गई। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने बेटी को मृत घोषित कर दिया। थाना बसरेहर क्षेत्र के सरैया ताल में परवेज खान (35) पत्नी परवीन (30) और 9 महीने की बेटी जीनत के साथ बाइक से जा रहे थे।

कार ने 5 बच्चों को मारी टक्कर, दो की मौत

कमलापुर/ सीतापुर, अमृत विचार : कमलापुर इलाके में देबीपुर गांव के नजदीक तेज रफ्तार कार ने पांच बच्चों को रौंद दिया। हादसे में घायल दो किशोरों ने दम तोड़ दिया। तीन की हालत गंभीर है। ग्रामीणों ने कार चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। कमलापुर थानाक्षेत्र के देबीपुर गांव में मिश्रापुर निवासी रीशू अपने ननिहाल गुड्डू के घर आई थी। मंगलवार शाम रीशू (12) ऑटो से उतरकर सड़क किनारे ननिहाल जाने के लिए खड़ी थी। लखनऊ–सीतापुर हाइवे स्थित सड़क के डिवाइडर पर देबीपुर निवासी गुड्डू का बड़ा पुत्र अमित (16) और छोटा पुत्र 12 वर्षीय भाई शैलेश खड़ा था। इनके साथ गांव की ही लक्ष्मी (12) पुत्री सुरेश, सचिन (17) पुत्र राजू थे। बताते हैं कि रीशू पुत्री अजय सड़क पार करने के लिए आगे बढ़ी। इसी दौरान लखनऊ की ओर से आ रही तेज कार अनियंत्रित हो गई। कार की टक्कर से पांच बच्चे घायल हो गए। जिनमें से रीशू व सचिन की मौत हो गई।

रायबरेली : नशेड़ी पुत्र ने बुजुर्ग मां को लाठी से पीटकर मार डाला, गिरफ्तार

सेमरी/खीरों, रायबरेली

अमृत विचार। थाना क्षेत्र में नशेड़ी पुत्र ने मामूली विवाद के बाद 85 वर्षीय मां की लाठी से पीटकर हत्या कर दी। सुबह मृतका के पोते ने पीआरबी पुलिस को घटना की सूचना दी। पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्यारोपी को हिरासत में लिया गया है।

बैरीसालखेड़ा मजरे सेमरी गांव निवासी गहिरेश्वर (50) पुत्र बैजनाथ नशे का आदी है। उसने अपनी जमीन बेच दी है और मां स्वागा देवी के नाम की बची हुई जमीन भी नशे की लत में गिरवी रख दी थी। सोमवार की रात वह घर पहुंचा और खाने को लेकर मां से झगड़ा करने लगा। इस दौरान वह क्रोध से आग बबूला हो गया और लाठी से मां को पीटकर उसके हाथ-पैर तोड़ दिए। फिर मवेशियों के लिए बने पत्थर के हौदे पर पटक दिया जिससे वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। हत्यारोपी गहिरेश्वर का बेटा अमरेंद्र व बेटी नीतू दादी को बचाने दौड़े तो आरोपी ने बेटे के पैर पर भी वारकर उसे घायल कर दिया। डर के मारे दोनों बच्चे कमरे में दुबक गए। इधर, वृद्धा तड़पती रही और रात लगभग 2 बजे उसने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों की मानें तो हत्यारोपी गहिरेश्वर की पत्नी अनीता देवी की कैंसर के चलते चार साल पूर्व मौत हो चुकी है। आरोपी का बड़ा बेटा धर्मेन्द्र चंडीगढ़ में मजदूरी करता है। दो बेटे अमरेन्द्र और सुमिरन घर पर रहते हैं। जबकि दो बेटियों की शादी हो चुकी है। घटना के समय घर में आरोपी का बेटा अमरेंद्र और तीसरी बेटी नीतू मौजूद थी। सुबह घटना की जानकारी होते ही गांव में हड़कंप मच गया। आरोपी के बेटे अमरेन्द्र ने पीआरबी पुलिस को घटना की सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

अवध विवि से टूटा 200 महाविद्यालयों का नाता

अयोध्या, अमृत विचार: डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से 50 वर्षों बाद लगभग 200 महाविद्यालयों का नाता टूट गया है।

उत्तर प्रदेश शासन के हालिया आदेश के अनुसार, देवीपाटन मंडल के इन महाविद्यालयों को नवस्थापित मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय, बलरामपुर से संबद्ध कर दिया गया है। इस निर्णय के साथ ही ये महाविद्यालय अब मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के संवैधानिक अंग बन गए हैं। अब तक अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 750 महाविद्यालयों की संख्या भी घटकर 550 हो गई है। करीब डेढ़ लाख छात्र - छात्राएं नए विश्वविद्यालय के दायरे में आयेंगे। 25 जुलाई 1975 को उत्तर प्रदेश सरकार ने अवध विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। तब से लेकर अब तक यह विश्वविद्यालय क्षेत्र के उच्च शिक्षा के केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए था। इस विश्वविद्यालय से 200 महाविद्यालय संबद्ध थे।

रेलवे बोर्ड ने 25 कर्मियों को किया सम्मानित

नई दिल्ली, अमृत विचार। रेल भवन में रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 155वीं बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सदस्य परिचालन व व्यावसायिक विकास हितेंद्र मल्होत्रा ने की। उन्होंने राजभाषा पत्रिका 'रेल राजभाषा' के 141वें अंक का विमोचन किया। साथ ही 'रेलबानी' भारतीय रेल क्षेत्रीय भाषाओं का मेल पुस्तिका का भी विमोचन किया। उन्होंने रेलवे बोर्ड के राजभाषा निदेशालय द्वारा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग के लिए किये जा रहे प्रयासों एवं कार्यक्रमों के प्रति संतुष्टि व्यक्त की। सुझाव दिया कि बैठक में हिंदी साहित्यकारों की कृतियों एवं हिंदी साहित्य में उनके योगदान संबंधी प्रस्तुतीकरण भी दिखाया जाए।

भारतीय रेलवे का ऐतिहासिक कायाकल्प हुआ : अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली अमृत विचार। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे ने पिछले 11 वर्षों में अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। 2014 से पहले दशकों तक रेलवे उपेक्षा का शिकार रहा। जहां मात्र 25-30 हजार करोड़ का वार्षिक निवेश होता था। लेकिन अब यह निवेश बढ़कर 2.5 लाख करोड़ तक पहुंच गया है, जो रेलवे के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास को रफ्तार दे रहा है। श्री वैष्णव ने कहा कि रेलवे में वर्षों से जमा हुई लेगेसी समस्याएं अब एक-एक कर समाप्त हो रही हैं। स्टेशन, ट्रेन, शौचालय, ट्रैक, सफाई, तकनीक—हर क्षेत्र में व्यापक सुधार किया गया है। यात्रियों को नई सुविधाएं दी जा रही हैं।

धूमधाम से मना सरयू का छठी महोत्सव

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: सरयू मैया के जन्मोत्सव का छठी का महोत्सव मंगलवार को नमामि सरयू सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में संत तुलसीदास कच्चा घाट पर धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव पर मां सरयू की महाआरती हुई। दिव्य व भव्य फूलबंगला झांकी सजाई गई। पूजन-अर्चन, अभिषेक, बधाई, भजन, भंडारा, प्रसाद वितरण आदि हुआ।

मुख्य अतिथि नमामि सरयू सेवा ट्रस्ट संरक्षक व मणिरामदास छावनी उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास शास्त्री ने मां सरयू का सवा क्विंटल दूध से अभिषेक कर पूजन-अर्चन कर छप्पन भोग लगाया। दीपदान कर 51 सौ बाती से मां सरयू की भव्य महाआरती उतारी। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल जी, राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी का उद्योगपति विश्वास स्वरूप अग्रवाल ने अंग वस्त्र, राम नाम पट्टिका ओढ़ाकर एवं श्रीराम दर्शन स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनन्दन किया। छठी महोत्सव पर दिव्य व भव्य महाआरती से सरयू तट रोशन रहा।

मुख्य अतिथि महंत कमल नयन दास शास्त्री को स्मृति चिह्न प्रदान करते नमामि सरयू सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी।

कार्यालय –कृषि उत्पादन मण्डी समिति, लालगंज रायबरेली

पत्रांक–कृ0उ0म0स0 /2025/70 दिनांक 16.06.2025

लाइसेंस नवीनीकरण हेतु आवश्यक सूचना

मण्डी क्षेत्र लालगंज, रायबरेली के समस्त प्रकार के (थोक व्यापारी, थोक आढ़तीया, मिल/कारखाना, कोल्ड स्टोरेज ,दलाल, ट्रांसपोर्ट, फुटकर, आटा चक्की,पल्लेदार,आरामशीन,एक्सपेलर,हलर,मसाला चक्की,अनतूषक ,वितूषक, आदि) एवं एकल लाइसेंस के निर्दिष्ट कृषि उत्पाद के लाइसेंसधारी व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि कृषि वर्ष 2024–25 हेतु प्रदत्त मण्डी लाइसेंस 30 जून 2025 को समाप्त हो रही है,जिनका कृषि उत्पादन मण्डी अधिनियम 1964 की धारा 9 नियम 70 के प्राविधानान्तर्गत अगामी कृषि वर्ष 2025–26 हेतु निम्नालिखित शर्तो के साथ नवीनीकरण किया जाना है:–

1– समस्त प्रकार का बकाया मण्डी शुल्क ,सेस शुल्क, दुकान किराया ,प्रीमियम आदि जमा करना।
2– समिति के आनलाइन लाइसेंस की छायाप्रति एवं वर्ष 2025–26 लाईसेंस शुल्क जमा रसीद की छायाप्रति।
3– आवंटित दुकानों का स्टाम्प पर अनुबन्ध का पंजीकरण कराना।
4– गत दो वर्षो से कारोबार न करने वाले व्यापारियों का बिना कारण बताये लाइसेंस नवीनीकरण न किया जाना।
5– सम्प्रेक्षण आपत्तियों के अनुसार बकाया देयक जमा होना।
6– जिन व्यापारियों ने अपना लाइसेंस 05 वर्ष अथवा आजीवन हेतु करा रखा है, उन्हें भी उक्त शर्त का अनुपालन करना अनिवार्य होगा, अन्यथा बिना कारण बतायें लाइसेंस स्वतः निरस्त माना जायेगा।
7– समस्त व्यापारी निर्धारित नवीनीकरण लाइसेंस शुल्क आनलाइन मण्डी परिषद की वेबसाइट पर दिनांक 30.06.2025 के पूर्व जमा कर अपना लाइसेंस नवीनीकरण करावा ले ।

अतः समस्त व्यापारी उपरोक्त औपचारिकतायें समय के अन्दर पूर्ण कर प्रत्येक दशा में 2025–26 हेतु अपना लाइसेंस 30.06.2025 के पूर्व नवीनीकरण करा ले, अन्यथा निर्धारित रू0–500.00 प्रतिमाह विलम्ब शुल्क जमा करने के पश्चात लाइसेंस नवीनीकरण किया जा सकेगा। विशेष जानकारी समिति के कार्यालय से की जा सकती है।

(अतुल प्रकाश मिश्र)
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
लालगंज, रायबरेली

(मिथिलेश त्रिपाठी)
उपजिलाधिकारी/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
लालगंज, रायबरेली

एक नजर

ट्रेनों में चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

बरेली : जीआरपी बरेली जंक्शन की टीम ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। दोनों ट्रेन में पान मसाला बेचने के बहाने चढ़ते थे और यात्रियों का सामान चोरी करते थे। दोनों पर आधा दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक से मंगलवार को कमलेश और छोटेलाल नाम के दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। दोनों गांव पिपरिया थाना गजरौला कलां जिला पीलीभीत के रहने वाले हैं। इनके पास से 26 हजार से ज्यादा की नकदी, एक सोने की अंगूठी, एक लॉकेट, दो कान की बाली बरामद की गईं।

सछास ने शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

बरेली : रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में महिला छात्रावास में 10 जून को असिस्टेंट प्रोफेसर के जबरन घुसने की कोशिश के मामले में समाजवादी छात्रसभा (सछास) के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। सछास के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कुलपति और कुलसचिव को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

सिपाहियों की भर्ती में कोई नहीं उठा सकता अंगुली

बरेली : केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि 60 हजार से ज्यादा सिपाहियों की भर्ती पूरी पारदर्शी तरीके से हुई है, इसपर कोई भी माई का लाल अंगुली नहीं उठा सकता है। उन्होंने यह बात जीआईसी ऑडिटोरियम में सहायक उपकरण वितरण शिविर के बाद मीडिया से बातचीत में कही। विपक्ष के सवाल पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले सूची सैफई में बैठकर बनती थी। मगर अब न खर्ची, पर्ची की जरूरत है और न ही सिफारिश की। यह लोग परिवार वाद से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से अंकुश लगाने का काम किया गया है।

दवा कारोबारी अखिल जय सिंह के फ्लैट पर ईडी का छापा

नशीली दवा आपूर्ति मामले में जांच करने पहुंची थी जालंधर की टीम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पंजाब में नशीली दवाओं की आपूर्ति के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जालंधर जोन की टीम ने कंपनी दवा एमजेएस के मालिक अखिल जय सिंह के सूर्या स्क्वायर अपार्टमेंट स्थित फ्लैट में पांच घंटे तक तलाशी अभियान चला। एक टीम ने ट्रांसपोर्टनगर स्थित कंपनी के कार्यालय में भी जांच की। दो टीमों ने अखिल के करीबी कर्मचारियों के गोंडा और मुजफ्फरनगर स्थित आवास पर छापा मारा। टीम के हाथ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज लगे हैं।

ईडी जालंधर जोन की टीम मंगलवार को लखनऊ पहुंची। लखनऊ जोनल कार्यालय की टीम को साथ लेकर करीब 11 बजे गोखले मार्ग स्थित सूर्या स्क्वायर अपार्टमेंट पहुंची। दो गाड़ियों से पहुंची टीम को गेट पर सुरक्षाकर्मियों ने रोककर पूछताछ की। बताया गया कि ईडी की टीम कार्रवाई के लिए आई है। यहां अखिल नहीं मिला। वहां मौजूद एक युवक ने बताया कि वह दुबई में है। ईडी अधिकारियों ने युवक से पूछताछ की, फिर वहां आलमारी में रखी कई फाइलें व लैपटाप खंगाले।

ईडी सूत्रों के मुताबिक पंजाब पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने अमृतसर में तत्कालीन डीएसपी ववविंदर महाजन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। सितंबर माह में पंजाब पुलिस की एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने डिप्टी एसपी ववविंदर महाजन और लखनऊ के साथी अखिल जय सिंह को गिरफ्तार किया था। उन पर दवा कंपनी की आड़ में ड्रग्स तस्करी को संरक्षण देने के लिए एक फार्मा कंपनी से 45 लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है।

गोखले मार्ग स्थित सूर्या स्क्वायर अपार्टमेंट के तीसरे मंजिल पर अखिल जय सिंह के आवास पर हुई इडी की छापेमारी।

▸▸ दो करीबी कर्मचारियों के घर गोंडा और मुजफ्फरनगर में भी छापा

छह राज्यों में 15 से अधिक ठिकानों पर छापे

ईडी अधिकारियों के मुताबिक जालंधर जोन की टीम ने मंगलवार को छह राज्यों के 15 ठिकानों पर छापेमारी की। इसमें पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान और महाराष्ट्रा शामिल हैं। 2024 में पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मामले को ईडी जालंधर ने कार्रवाई शुरू की है।

कार में लिफ्ट देकर युवक को लूटा, हाईवे पर फेंका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ सेटेलाइट बस अड्डे के बाहर से युवक को कार में दी लिफ्ट

अमृत विचार : गुरुग्राम से लौट रहे शाहजहांपुर के एक युवक को कार में लिफ्ट देकर चार बदमाशों ने मारपीट की और 14 हजार रुपये, सोने की चेन, मोबाइल फोन लूट लिया। विरोध करने पर चलती कार से उसे हाईवे पर फेंक दिया। बिथरी चैनपुर पुलिस ने अज्ञात कार सवारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शाहजहांपुर के निगोही थाना क्षेत्र के गांव हसौआ निवासी रामवीर ने बताया कि वह रविवार देर रात गुरुग्राम से घर लौट रहे थे। सोमवार सुबह करीब चार बजे वह सेटेलाइट बस अड्डे पर पहुंचा। जहां पर एक ठेले से मिठाई लेकर घर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी बीच एक युवक आया और कहा कि वह कार लेकर जा रहा है। वह चाहे तो उसके साथ चल सकता है। उसने बीसलपुर तक जाने को कहा और उसके बाद वह उसकी कार में बैठ गया। जैसे ही कार सेटेलाइट से निकली तो उसका रूट बदल गया। रामवीर ने गलत दिशा में जाने का विरोध किया तो कार सवार लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे लात-घूंसे मारा पीटा और लूट लिया। उसके बाद चलती कार से बिथरी चैनपुर के नवदिया झादा क्षेत्र में हाईवे किनारे सुनसान जगह पर फेंक कर फरार हो गए।

पत्नी की हत्या कर युवक ने लगाया फंदा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

▸▸ घरेलू विवाद व संतान न होना माने जा रहे प्रारंभिक कारण

अमृत विचार : हरिद्वार में पत्नी को सरिये और डंडे से निर्ममता से पीटने के बाद उसकी गला रेतकर हत्या करने और फिर खुद फंदा लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दिल दहला देने वाली इस घटना की प्रारंभिक वजह दंपती में घरेलू क्लेश और संतान न होने को लेकर विवाद माना जा रहा है।

सीओ शिशुपाल सिंह नेगी ने बताया कि कनखल थाना क्षेत्र की वसंत कुंज कॉलोनी में ई-रिक्शा चालक ऋषि कुमार पत्नी वर्षा के साथ रहता था। मंगलवार सुबह पड़ोसियों ने घर की छत पर ऋषि के शव को कपड़े सुखाने की एंगल से फंदे पर लटके देखा तो शोर मचा दिया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो ऋषि कुमार का घर अंदर से बंद मिला। पुलिस एक पड़ोसी की छत के रास्ते ऋषि की छत पर पहुंची और शव को उतरवाया। पुलिस जांच करने के लिए घर के प्रथम तल पर पहुंची तो बिस्तर पर पत्नी वर्षा का खून से लथपथ शव मिला। सीओ के अनुसार, आसपास के लोगों से पूछताछ में दंपती में अक्सर घरेलू क्लेश होने की बात सामने आयी है। पुलिस घटना के पीछे के सटीक कारणों का पता लगा रही है।

बिजली का तार टूटकर गिरने से युवक की मौत

भुता (बरेली) : शंकरपुर गांव में बिजली का हाईटेंशन लाइन का तार युवक के ऊपर टूटकर गिर गया और उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि हरिओम मौर्य (22) अपने घर से दूसरे घर में पशुओं के लिए चारा डालने के लिए सोमवार शाम 7 बजे जा रहा था, तभी रास्ते में नीचे लटक रहा हाईटेंशन लाइन का जर्जर तार टूटकर उसके ऊपर गिर पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना जैसे ही कुआंडांडा सब स्टेशन पर पहुंची तो लाइनमैन को भेजकर तार कटवा दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार कर्मचारियों पर तत्काल प्रभाव से आपराधिक कार्रवाई की जाए।

मौसम

नई दिल्ली में मंगलवार को हुई बारिश ने भीषण गर्मी से राजधानीवासियों को काफी राहत दिलाई। जिसके बाद लोग कर्तव्य पथ पर शाम को टहलते हुए देखे गए। ● एजेंसी

बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट, इलाज के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि

अमृत विचार : इज्जतनगर थाना क्षेत्र के तुलाशेरपुर में बुजुर्ग महिला के साथ सोते समय पड़ोसियों ने मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हालांकि पोस्टमार्टम में हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि हुई है। तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

तुलाशेरपुर निवासी सतेन्द्र ने बताया कि 14 जून को दोपहर 2 बजे उनकी माता निछोत्रा कली (60) घर पर सो रही थीं। आरोप है कि इसी बीच पड़ोसी गजेन्द्र, उसकी पत्नी सुषमा और बेटे अंकुल ने मिलकर हंगामा किया। गजेन्द्र और सुषमा ने अभद्रता करते हुए मारपीट की। अंकुल ने एक बड़ा पत्थर उठाकर उनकी मां के ऊपर फेंक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें एक निजी अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इज्जतनगर थाना प्रभारी बिजेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर रही है।

कागज वाली नहीं, 1 जुलाई से मिलेगी स्मार्ट आरसी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ एआरटीओ बोले-सिम कार्ड की तरह माइक्रो चिप से लैस होगी नई आरसी

अमृत विचार : 1 जुलाई से बरेली में नए वाहन खरीदने पर स्मार्ट रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (स्मार्ट आरसी कार्ड) मिलेंगे। ये कार्ड एक सिम कार्ड की तरह माइक्रो चिप से लैस होंगे, जिसमें वाहन से जुड़ी पूरी जानकारी सुरक्षित रहेगी। विभाग को स्मार्ट आरसी कार्ड को मशीन में लगाने से एक बार में वाहन से जुड़ी पूरी जानकारी मिल जाएगी। अभी तक वाहन स्वामियों को कागजी वाली आरसी मिलती थी।

परिवहन विभाग के अधिकारी बताते हैं स्मार्ट आरसी कार्ड को साथ रखने में जहां वाहन स्वामियों को आसानी होगी। वहीं, फर्जी आरसी बनाने वालों पर नकेल सकेगी। स्मार्ट आरसी कार्ड बनाने को आरटीओ में एक अलग कक्ष की व्यवस्था रहेगी।

एआरटीओ प्रशासन मनोज कुमार के अनुसार अभी वाहन पंजीकरण कराने पर निर्धारित प्रारूप 23 का कागज वाला प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। जब स्मार्ट आरसी कार्ड बनना शुरू होंगे तो नए प्रावधान के तहत प्रारूप 23 ए के तहत माइक्रो चिप वाला स्मार्ट कार्ड जारी किया जाएगा। इसमें रजिस्ट्रेशन और वाहन मालिक की पूरी जानकारी।

पुलिस अभिरक्षा से भागा आरोपी मुठभेड़ में घायल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ शादी के एक दिन पहले प्रेमी व प्रेमिका द्वारा युवक की हत्या का मामला

▸▸ साक्ष्य जुटाने के दौरान हेड कांस्टेबल की पिस्टल निकाल कर भाग रहा था आरोपी

अमृत विचार: युवती द्वारा प्रेमी संग मिलकर मंगेतर की हत्या करने के मामले में पुलिस की छानबीन जारी है। सोमवार रात पुलिस अभिरक्षा में मुख्यारोपी प्रेमी सद्दाम को साक्ष्य जुटाने के लिए ले जाया जा रहा था, इसी दौरान आरोपी सद्दाम एक हेड कांस्टेबल की पिस्टल निकाल कर भाग गया। कांबिंग के दौरान गंज थाना पुलिस से हुई मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे पुनः गिरफ्तार कर लिया है।

गंज प्रभारी पवन कुमार शर्मा ने बताया कि गंज थाना क्षेत्र के घेर रहमत खां निवासी निहाल की हत्या के मामले में 16 जून को मुकदमा दर्ज हुआ था। हिरासत में लेकर पुलिस वांछित आरोपी सद्दाम पुत्र साद हुसैन निवासी धनुपुरा थाना भोट जनपद रामपुर को अभियोग से संबंधित बरामदगी के लिए प्रभारी निरीक्षक थाना गंज मय हमराह पुलिस बल द्वारा ले जाया गया। केसरपुर पुलिया से अजयपुर जाने वाले रास्ते पर पहुंचकर आरोपी सद्दाम की निशानदेही पर एक मोबाईल फोन, मृतक निहाल का सिम व सद्दाम द्वारा घटना के समय पहने कपड़े बरामद किए गए। बरामदगी के दौरान आरोपी सद्दाम हेड कांस्टेबल गजेंद्र की पिस्टल छीनकर भाग गया। पुलिस बल द्वारा आस पास कॉम्बिंग की गयी तो आरोपी सद्दाम ने छीनी गई पिस्टल से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्रवाई में आरोपी सद्दाम के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। आरोपी सद्दाम को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

एसपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि मामले में कार्रवाई जारी है, युवती सहित 4 लोगों पर मुकदमा पंजीकृत हुआ है। इसमें एक आरोपी फरमान को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अभिरक्षा के भागने के बाद मुठभेड़ में घायल आरोपी सद्दाम। अमृत विचार

गुलफशां के बारे में सख्ती से कर रही पूछताछ

शादी से एक दिन पहले 14 जून को निहाल का अपहरण करने के बाद 15 जून को हत्या कर दी गई थी। उसका शव रतनपुरा में मिला था। पुलिस ने हत्या में मुख्य आरोपी सद्दाम को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था उसके पैर में गोली लगने से घायल हो गया था।

पति से तलाक करा प्रेमिका से किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता स्वार

अमृत विचार: प्रेम प्रसंग के चलते पति से तलाक करा कर प्रेमी ने शादी का झांसा देकर प्रेमिका से दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली के एक गांव निवासी युवती का थाना मिलकखानम के गांव मुस्तफा खुर्द उर्फ़ खण्जी की मडय्या निवासी अरशद के साथ कई वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक सबंध बनाता रहा। जब युवती शादी के लिए कहती तो युवक टाल मटोल करने लगता। युवक के झूठे वादों से तंग आकर युवती ने उत्तराखंड के थाना बाजपुर के गांव निवासी युवक से शादी कर ली। युवती का आरोप है कि अरशद ने उसको अश्लील फोटो व वीडियो भेजकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। लगभग एक वर्ष पूर्व अरशद ने उसके पति से तलाक करा दिया। 5 फरवरी को अरशद उसे स्वार रामपुर मार्ग स्थित एक होटल ले गया और होटल में ही शारीरिक संबंध बनाये। जब उसने शादी करने के लिए कहा तो अरशद ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। पीड़ित ने आरोपी को नामजद कर पुलिस को तहरीर दी है।

राष्ट्रपति 20 को दून में रखेंगी सार्वजनिक पार्क की आधारशिला

मुख्य संवाददाता, देहरादून

▸▸ आम जनता के लिए 24 से खुलेगा राष्ट्रपति निकेतन और राष्ट्रपति तपोवन

अमृत विचार : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का देहरादून में 19 से 21 जून तक का भ्रमण प्रस्तावित है। 20 जून को राष्ट्रपति अत्याधुनिक

सार्वजनिक पार्क की आधारशिला रखेंगी जबकि आम जनता के लिए राष्ट्रपति निकेतन और राष्ट्रपति तपोवन 24 जून से खोल दिया जाएगा। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने इसके दृष्टिगत मंगलवार को राजपुर रोड़ स्थित राष्ट्रपति निकेतन में चल रहे सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

गौरतलब है कि 132 एकड़ भूमि में विकसित किए जा रहे इस अत्याधुनिक सार्वजनिक पार्क की आधारशिला राष्ट्रपति द्वारा रखी जाएगी। यह पार्क एक वर्ष की अवधि में पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाएगा। राष्ट्रपति निकेतन को 24 जून से आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। 21 एकड़ में फैले राष्ट्रपति निकेतन, पहले जिसे राष्ट्रपति आशियाना के नाम से जाना जाता था, इस विरासत भवन में कलाकृतियों के संग्रह के साथ ही आगंतुकों को लिलि तालाब, रॉकरी तालाब, रोज गार्डन आदि देखने को मिलेंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति तपोवन को भी आम लोगों के लिए समर्पित किया जाएगा। 19 एकड़ में फैले तपोवन में देसी वृक्षों की कैनोपी, घुमावदार पगडंडियां, लकड़ी के पुल और चिंतन व ध्यान के लिए शांत स्थान मौजूद हैं।

राज्यपाल ने निर्माण एजेंसियों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी की जाएं, ताकि राष्ट्रपति के आगमन पर समस्त व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से प्रस्तुत की जा सकें। कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि राष्ट्रपति उत्तराखंड को बड़ी सौगात देने वाली हैं।

राष्ट्रपति निकेतन के सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण करते राज्यपाल। अमृत विचार

वर्ग पहेली-5

बाएं से दाएं

1. सितार जैसा एक वाद्ययंत्र जिसके दोनों सिरों पर तूंबे लगे रहते हैं।
5. 1. (पुराण) परलोक की एक नदी जिसे मरने के बाद प्रत्येक जीवात्मा को पार करना पड़ता है 2. ओडिशा की एक नदी जो पवित्र मानी गई है।
6. एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करने की क्रिया या भाव, अनुवाद।
9. 1. जो बकवास से भरा हुआ हो 2. ऐसी पद्यमय रचना जिसकी तुकें न मिलती हों, अंत्यानुप्रासहीन 3. जो अवसर के हिसाब से अनुपयुक्त हो।
10. सांसारिक, दुनिया का, लौकिक।

ऊपर से नीचे

2. जलमार्ग से आवागमन, जलयात्रा।
3. तुन का वृक्ष।
4. 1. बार-बार इधर से उधर आना-जाना 2. किसी कार्य हेतु पूर्ण प्रयत्न।
7. 1. सिख धर्मानुसार धर्मविरोधी कार्य करने वाला, धर्मापराधी 2. धर्मच्युत।
8. 1. फेंके जाने की क्रिया 2. प्रक्षेपण।



वर्ग पहेली -4 का हल

1 जं	घि	ल	■	2 शै	■	
■	■	■	3 कु	शे	श	य
■	4 उ	■	रे	■	वी	■
■	ल	■	द	■	■	5 नि
6 भ	ट	क	ना	■	■	कुं
■	फे	■	■	■	■	च
7 वा	र	ना	■	8 नै	ति	क

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी- 13.34 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-भाद्रपद 19 जून 12.23 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

मेष — आज विद्यार्थी रचनात्मक लेखन और प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। परिवार के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। घर में अस्त-व्यस्त सा वातावरण हो सकता है। मार्केटिंग संबंधी कार्यों से धन लाभ हो सकता है। दांपत्य जीवन में प्रेम और रोमांस बढ़ेगा।

वृष — आज आपकी प्रतिभा लोगों के सामने उभर के आयेगी। घर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। धर्म-कर्म और अध्यात्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। कारोबार को लेकर दूरदर्शी निर्णय ले सकते हैं। समाज में छवि अच्छी बनेगी।

मिथुन — आज घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। घर में सुकून और शांति का वातावरण रहेगा। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। छात्रों को नया अनुभव और ज्ञान प्राप्त होगा। व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय से पहले प्राप्त कर पायेंगे।

कर्क — आज मित्र की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है। इससे आपको आत्मिक प्रसन्नता मिलेगी। आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभालकर रखें। आज आप गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह — आज आपके विनम्र स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। पति-पत्नी के मध्य के आपसी संबंध और मधुर होंगे। बड़े बुजुर्ग लोगों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज युवा प्रेमी डेट पर जा सकते हैं। श्वास रोगियों को समस्या हो सकती है।

कन्या — आज रियल एस्टेट में आप निवेश कर सकते हैं। आयात-निर्यात से आपको अच्छा धन लाभ मिलेगा। नई ऊर्जा के साथ अपने काम में लगे रहें। अध्यात्मिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ समय बिताने का प्रयास करें। किसी बात को लेकर आप उलझन में रहेंगे।

तुला — आज शेयर मार्केट में निवेश करने वाले लोगों के लिए दिन उत्तम है। संतान को लेकर शुभ समाचार मिल सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। मित्र के साथ मनमुटाव हो सकता है। मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी।

वृश्चिक — आज आप जो भी काम करेंगे उसे अच्छी तरह से करेंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों में आपकी रुचि जागृत होगी। नयी डील करने में जल्दबाजी न करें। आपको जीवनसाथी की उत्तम सलाह प्राप्त होगी। लेकिन उनसे वैचारिक मतभेद उभर सकते हैं।

धनु — आज का दिन उत्साह से पूर्ण रहेगा। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। रिश्तों में मिठास की भावना बढ़ेगी। दोस्तों और भाई-बहनों के साथ संबंध मजबूत होंगे। नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।

मकर — आज वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा। घर में अनुशासन का वातावरण रहेगा। विवाहेतर संबंधों में रुचि न लें। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से सावधानी रखनी चाहिए। घर के सदस्यों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

कुंभ — आज संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा। रुके हुए कार्यों में गति आयेगी। कठोर परिश्रम के माध्यम से परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे। जीवनसाथी का उचित सहयोग प्राप्त होगा।

मीन — आज दोस्तों के साथ व्यर्थ कार्यों में समय बर्बाद न करें। वकीलों को कठिन केस मिलने के योग बन रहे हैं। गलत खानपान के कारण पेट में अपच हो सकता है। मित्र व सहकर्मी आपसे नाराज हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में कोई वादा करने से बचें।

सुडोकू-12

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			3					2
1	5	7			2			9
		2	6			8	4	7
	8				6			1
		9				6		
4			2				3	
2	3	5			9	1		
9			8			7	5	6
8					1			

सुडोकू - 11 का हल

2	1	5	6	8	3	9	4	7
3	4	6	7	9	2	1	5	8
7	9	8	5	1	4	3	2	6
8	2	1	4	6	7	5	3	9
9	7	4	3	5	8	6	1	2
6	5	3	9	2	1	8	7	4
1	3	9	2	7	6	4	8	5
5	8	7	1	4	9	2	6	3
4	6	2	8	3	5	7	9	1

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	81,583 .30	24,853 .40
गिरावट	212 .85	93 .10
प्रतिशत में	0 .26	0 .37

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, बुधवार, 18 जून 2025

निर्यात में 2010 से 23 तक मजबूत वृद्धि

तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारत, वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के निर्यात में 2010 से 2023 तक लगातार वृद्धि का रुख रहा जो इसके व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही।

अंकटाड (संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया कि 2010 से 2023 की अवधि में वैश्विक निर्यात में अपनी हिस्सेदारी के मामले में भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहा और इस मामले में वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही। अधिकारी ने कहा कि अंकटाड के प्रमुख सांख्यिकी एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार 2024 के रुझान के अनुसार वृद्धि की यह दर सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले सबसे अधिक रही। यह प्रदर्शन अन्य

प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं जैसे यूरोपीय संघ, चीन और अमेरिका की तुलना में और भी अधिक उल्लेखनीय है जिनकी इस अवधि में निर्यात हिस्सेदारी बढ़ोतरी में वृद्धि दर क्रमशः 3.9 प्रतिशत, 6.1 प्रतिशत और 3.9 प्रतिशत रही।

अधिकारी ने कहा, जहां जापान और रूस जैसी कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं ने अपने निर्यात हिस्से में मामूली वृद्धि या स्थिरता दर्ज की वहीं भारत के निर्यात में लगातार वृद्धि का रुझान रहा है जो इसके व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है। यह भारत की व्यापार नीतियों, विनिर्माण एवं क्षेत्रों की प्रभावशीलता और निर्यात संवर्धन पहल के प्रभाव को दर्शाता है, जिसने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में देश के एकीकरण को बढ़ाने में योगदान दिया है। देश का कुल निर्यात 2009-10 में 274.8 अरब डॉलर था। यह 2022-23 में 776.3 अरब डॉलर और 2024-25 में 825 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

रत्न और आभूषण निर्यात मई में 15.81 प्रतिशत घटकर 226.3 करोड़ डॉलर रहा

नई दिल्ली। जीजेईपीसी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका के शुल्क घोषणा के बाद मई में कुल रत्न और आभूषण निर्यात सालाना आधार पर 15 .81% घटकर 226 .34 करोड़ अमेरिकी डॉलर (19,260 .81 करोड़ रुपये) रहा। रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के अनुसार 2024 की इसी अवधि के दौरान उद्योग का निर्यात 2,68 .83 करोड़ डॉलर (22,414 .02 करोड़ रुपये) था। मई में तराशे गए हीरों का निर्यात 35 .49% घटकर 94 .97 करोड़ डॉलर (8,089 .81 करोड़) रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 1,47 .20 करोड़ डॉलर (12,272 .03 करोड़) था। मई में पॉलिश किए प्रयोगशाला में बने हीरों का निर्यात सालाना आधार पर 12 .03 करोड़ डॉलर (1,003 .06 करोड़) से 32 .76% घटकर 8 .09 करोड़ डॉलर (689 .71 करोड़) रह गया। समीक्षाधीन अवधि में सोने के आभूषणों का निर्यात सालाना आधार पर 17 .24% बढ़कर 99 .75 करोड़ डॉलर (8,482 .61 करोड़ रुपये) हो गया।

भारत की तेल मांग में 2030 तक 10 लाख बैरल रोजाना की वृद्धि

नई दिल्ली। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत अपनी शानदार आर्थिक वृद्धि के चलते 2030 तक वैश्विक तेल मांग वृद्धि का नेतृत्व करेगा व 10 लाख बैरल तेल रोजाना की मांग बढ़ेगी।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने मंगलवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक तेल मांग में इस दशक के अंत तक 25 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) की वृद्धि होने की उम्मीद है। इस तरह तेल की कुल मांग 2030 तक बढ़कर 10.55 करोड़ बीपीडी हो जाएगी। कच्चे तेल के बाजार में किसी भी बड़े व्यवधान को छोड़ दिया जाए तो इस दशक के अंत तक अच्छी आपूर्ति रहने की उम्मीद है। वैश्विक ऊर्जा निगरानी संस्था आईईए का अनुमान है कि भारत में कच्चे तेल की मांग बढ़कर 2030 में 66.6 लाख बीपीडी हो जाएगी जो 2024 में 56.4 लाख बीपीडी थी।

सरकारी कंपनियां एक सुरक्षित विकल्प

पीएसयू यानी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, वे कंपनियां होती हैं जिनमें भारत सरकार की 51% या अधिक हिस्सेदारी होती है। ये कंपनियां ऊर्जा, बैंकिंग, रक्षा, इस्पात, पेट्रोलियम, कोयला, बीमा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काम करती हैं। जैसे- ओएनजीसी, भेल, एसबीआई, एनटीपीसी और आईओसी आदि। पीएसयू में निवेश करना अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्प माना जाता है, क्योंकि इनमें सरकारी भागीदारी होती है। हाल के वर्षों में कुछ पीएसयू कंपनियों ने अच्छा रिटर्न दिया है, खासकर डिविडेंड और वैल्यू में बढ़ोतरी के रूप में।

कैसे करें निवेश

- **स्टॉक मार्केट के जरिए :** एनएसई/बीएसई पर सूचीबद्ध पीएसयू कंपनियों के शेयर खरीदे जा सकते हैं।
- **ईटीएफ :** भारत सरकार द्वारा पीएसयू आधारित ईटीएफ लॉन्च किए गए हैं, जैसे– सीपीएसई ईटीएफ।
- **बॉण्ड्स और एनसीडीएस :** पीएसयू कंपनियां समय-समय पर सुरक्षित बॉण्ड्स जारी करती हैं।

लाभ के कारण

- **सरकारी सुरक्षा :** सरकार की हिस्सेदारी के चलते इन कंपनियों में स्थिरता होती है।
- **डिविडेंड यील्ड :** अधिकतर पीएसयू कंपनियां नियमित और उच्च लाभांश देती हैं।
- **दीर्घकालिक मूल्यवृद्धि :** कई कंपनियों में समय के साथ अच्छे रिटर्न मिलते हैं।
- **डाइवर्सिफिकेशन :** पोर्टफोलियो में विविधता के लिए उपयोगी हैं।

जोखिम पर भी दें ध्यान

- **सरकारी हस्तक्षेप :** निर्णयों में राजनीति की भूमिका निवेशकों के हितों पर असर डाल सकती है।
- **कम ग्रोथ रेट :** निजी क्षेत्र की तुलना में नवाचार और विकास की गति धीमी। विनिवेश की योजनाएं बाजार प्रभावित हो सकती हैं।

निवेश रणनीति

- मजबूत बैलेंस शीट और लाभांश रिकॉर्ड वाली कंपनियों को प्राथमिकता दें। लॉन्ग टर्म निवेश पर ध्यान दें। ईटीएफ के माध्यम से जोखिम को संतुलित किया जा सकता है।

प. एशिया संकट से शेयर बाजार सतर्क

मुंबई, एजेंसी

ईरान-इजराइल संघर्ष तेज होने से निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और धातु एवं तेल-गैस शेयरों में मुनाफावसूली होने से मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजार गिर गए। सेंसेक्स 213 अंक जबकि निफ्टी 93 अंक नुकसान में रहा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर आने वाले फैसले को लेकर भी निवेशकों ने इंतजार की रणनीति अपनाई है।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा को सर्वाधिक

- **सेंसेक्स 213 अंक और निफ्टी 93 अंक फिसला**

2.18% का नुकसान उठाना पड़ा। वहीं, इटर्नल, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स और मारुति सुजुकी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई स्मालकैप 0.67 जबकि मिडकैप 0.56% नीचे आया। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड 1.29% के नुकसान में रहा जबकि सेवा खंड में 1.09 और तेल एवं गैस खंड में 0.92% की गिरावट रही।

बीएसई पर सूचीबद्ध 2,483 कंपनियां नकारात्मक दायरे में बंद हुईं जबकि 1,496 शेयरों में तेजी रही और 139 अन्य अपरिवर्तित रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की सूचकांक बढ़त पर रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरकर बंद हुए। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

सोना 1,200 रुपये टूटा चांदी में आई मजबूती

नई दिल्ली, एजेंसी

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की बिकवाली से मंगलवार को सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,200 रुपये टूटकर 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।

पिछले कारोबारी सत्र में 99.9% शुद्धता वाला सोना 1,01,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5% शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये घटकर 99,450 रुपये प्रति

10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। हालांकि, मंगलवार को चांदी की कीमतें 100 रुपये बढ़कर 1,07,200 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) हो गईं। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना गिरावट के साथ 3,380.65 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

संदेह को रास्ते की बाधा न बनने दें : लोबाना

नई दिल्ली, एजेंसी

यदि आप तकनीकी उद्योग में महिला पेशेवर हैं और नेतृत्व की भूमिका की तलाश कर रही हैं, तो अपने लक्ष्यों पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रित करें, जरूरी कौशल विकसित करें, सलाहकारों और सहयोगियों की तलाश करें और संदेह को अपने रास्ते में बाधा न बनने दें। यह सलाह गूगल इंडिया की नवनियुक्त क्षेत्रीय प्रबंधक और उपाध्यक्ष प्रीति लोबाना ने दी।

नैसकॉम के अनुसार, भारत में 58 लाख तकनीकी कर्मचारियों में 36% महिलाएं हैं, जिनका प्रवेश स्तर पर 40% प्रतिनिधित्व है। उच्चतम नेतृत्व

- **महिला तकनीकी विशेषज्ञों को गूगल भारत प्रमुख ने किया संबोधित**

पदों पर यह आंकड़ा घटकर 5% रह जाता है। लोबाना ने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने और जरूरी कौशल हासिल करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को आत्म-संदेह से दूर रहने और निडरता से अपनी क्षमता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

लोबाना ने कहा कि दृढ़ संकल्प और सही समर्थन के साथ कोई भी बाधा बहुत बड़ी नहीं है। स्त्री हो या पुरुष दोनों में किसी के लिए, नेतृत्व की ओर बढ़ने के साथ ही आगे का रास्ता संकरा हो जाता है और महिलाओं के लिए यह कठिन चुनौती है। इस बारे में स्पष्टता होनी चाहिए कि आप कहां जाना चाहते हैं और अपने कौशल का निर्माण करना, सही सहयोगी, प्रायोजक, सलाहकार, व्यक्तिगत 'निदेशक मंडल' होना जरूरी है। लोबाना ने कहा कि सहयोगियों और सलाहकारों ने उनके करियर की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एक नजर

कंचन की हत्या को अकाल तख्त के ग्रंथी ने ठहराया सही

अमृतसर। अकाल तख्त के मुख्य ग्रंथी ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी की हत्या को उचित ठहराते हुए कहा कि कुछ भी गलत नहीं हुआ है और किसी को भी अश्लील गाने नहीं सुनने चाहिए। कमल कौर भाभी के नाम से मशहूर कंचन को कथित तौर पर उसके वीडियो में अश्लीलता को बढ़ावा देने के लिए निशाना बनाया गया था। नौ जून को उसकी हत्या कर दी गई और शव बठिंडा में लावारिस कार में मिला। सिख धर्म की सर्वोच्च पीठ अकाल तख्त के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी मलकीत सिंह ने कहा, सिख धर्म के अनुसार, किसी को भी अश्लील गाने नहीं सुनने चाहिए, खासकर युवा सिख पीढ़ी को।

दुष्कर्म के आरोपी एम्स के डॉक्टर को मिली जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने शादी का वादा कर महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉक्टर को जमानत दे दी और कहा कि प्रथमदृष्टया पता चलता है कि आरोपी और महिला सहमति से सहजीवन साथी थे। न्यायमूर्ति शैलेंद्र कौर ने कहा कि महिला ने अन्य लोगों के खिलाफ भी इसी तरह के अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज कराई थी तथा जबरन वसूली सहित कुछ मामले भी उसके खिलाफ दर्ज किए गए।

रॉबर्ट वाड्रा फिर ईडी के सामने नहीं हुए पेश

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन निवासी हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष अपनी तय गवाही के लिए पेश नहीं हुए। वाड्रा के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल बेटी के स्नातक समारोह के लिए विदेश यात्रा पर हैं।

राष्ट्रीय

हताशा में कांग्रेस कर रही झूठा प्रचार : भाजपा

जातिगत जनगणना : लोगों को गुमराह करने के लिए सुधांशु त्रिवेदी ने की कांग्रेस की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस 2027 की जनगणना पर झूठा और भ्रामक प्रचार कर रही है क्योंकि समाज में विभाजन पैदा करके सत्ता हासिल करने की उसकी उम्मीद नरेंद्र मोदी सरकार की राष्ट्रव्यापी कवायद में जातिगत गणना को शामिल करने के फैसले से टूट रही है।

कांग्रेस ने 16वीं जनगणना पर सरकार की अधिसूचना को निरर्थक करार देते हुए कहा था कि वह इस प्रक्रिया में जाति को शामिल करने पर कुछ नहीं कहती है। यह देखते हुए कि कुछ भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं कि राजपत्र अधिसूचना में जातिगत

गणना का कोई उल्लेख नहीं है, गृह मंत्रालय ने बाद में कहा कि 2027 की जनगणना में जाति गणना शामिल है।

झूठे दावों से लोगों को गुमराह करने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इस तरह के ओछे कृत्य का सहारा लेकर विपक्षी पार्टी का उद्देश्य समाज में भ्रम पैदा करना और सत्ता हासिल करना है। उन्होंने भाजपा मुख्यालय में कहा कि चूंकि कांग्रेस को अपना उद्देश्य पूरा होता नहीं दिख रहा है, इसलिए वह मिथ्या बातें, छल और झूठ फैलाने पर उतर आई है। त्रिवेदी ने कहा कि सरकार के विज्ञप्ति में स्पष्ट उल्लेख है कि जनगणना के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन और जाति जनगणना कराई जाएगी। कांग्रेस की दृष्टि संकीर्ण और सीमित है, बल्कि कहना चाहिए कि उनकी सोच एक दुर्भावनापूर्ण एजेंडे से प्रेरित है। इसी कारण वे मोदी सरकार द्वारा जनगणना कराने के फैसले में जो स्पष्ट रूप से बताया गया है, उसे देखने में असमर्थ हैं। वे भ्रामक प्रचार कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी उम्मीदें पूरी नहीं हो रही हैं।

जनगणना को लेकर सरकार की नीयत साफ नहीं

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने जनगणना के लिए जारी अधिसूचना में जातिगत गणना का उल्लेख नहीं होने तथा बजट आवंटन को लेकर मंगलवार को सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि जाति जनगणना पर सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को भ्रम की स्थिति पैदा करने के बजाय कांग्रेस शासित तेलंगाना में हुए हालिया जातिगत सर्वेक्षण का मॉडल अपनाते हुए जनगणना करानी चाहिए। पायलट ने कहा, कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी ने लंबे समय से मांग रखी थी कि देश में जब भी जनगणना हो, उसमें जातिगत जनगणना कराई जाए। जातिगत जनगणना का उद्देश्य सिर्फ जाति के बारे में जानना नहीं, बल्कि यह भी पता करना है कि देश और संस्थाओं में कितनी भागीदारी है तथा लोगों की शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है? उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार कहा कि जातिगत जनगणना की मांग उठाने वाले लोग अर्बन नक्सल' हैं तथा मोदी सरकार ने संसद में जवाब दिया कि वह जातिगत जनगणना कराने के पक्ष में नहीं है।

देश की एकजुटता के लिए भूल जाएं आपसी मतभेद

हमीरपुर (हिप्र), एजेंसी

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जोर दिया है कि यदि लोग आपसी मतभेद भूल जाएं तो हिंदू समाज और देश एकजुट रह सकता है। भागवत ने हमीरपुर जिले के टिपर गांव में सोमवार रात एक कार्यक्रम में कहा कि हिंदू धर्म, हिंदू समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

सरसंघचालक यहां स्वयंसेवकों के उत्तर क्षेत्र विकास शिविर में भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर हैं। स्वयंसेवकों से भागवत ने कहा, संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने वाला है। सौ साल पहले संघ के विचार को मान्यता नहीं मिली थी। इसकी उपेक्षा की गई, फिर भी यह काम करता

रहा। अब संघ के विचार को समाज ने स्वीकृति प्रदान की है, समाज सक्रियता से काम करता है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की संस्कृति को सहेजकर रखने के लिए आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने की जरूरत है। 30 मई से शुरू हुए कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम में कुल 212 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि समापन समारोह 19 जून को होगा।

श्रद्धांजलि

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गए लोगों और पीड़ितों को कार्यक्रम में शामिल हुए चिकित्सकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन भी रखा गया और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। एजेसी

पूर्व अग्निवीरों के करियर में प्रगति के लिए काम करेगा गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- **केंद्र ने नियम 1961 में किया संशोधन द्वितीय अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा**

सशस्त्र बलों में अग्निवीरों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनके करियर में आगे की प्रगति के लिए गतिविधियों का समन्वय करने का काम केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपा गया है। यह जानकारी सरकारी अधिसूचना से मिली।

केंद्र ने भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम, 1961 में संशोधन किया है तथा गृह मंत्रालय के राज्य विभाग के तहत द्वितीय अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा गया है, जिसमें कहा गया है कि गृह मंत्रालय अब पूर्व अग्निवीरों की आगे की प्रगति के लिए समन्वय करेगा। सरकार ने सेना के तीनों अंगों के लिए अग्निपथ भर्ती योजना जून 2022 में शुरू की थी। अग्निपथ योजना के तहत, चयनित होने वाले साढ़े 17 से 21 वर्ष के अभ्यर्थियों को सेना, वायुसेना और नौसेना में चार वर्ष के लिए भर्ती किया जाता है तथा इसमें 25% अभ्यर्थियों को 15 वर्षों तक बरकरार रखने का प्रावधान है। सरकार ने पहले ही सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी आदि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबलों की सभी भावी नियुक्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित कर दी हैं।

2025-26 के लिए डीयू का स्नातक प्रवेश पोर्टल शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने मंगलवार को स्नातक पाठ्यक्रमों में 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू करते हुए कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) पोर्टल शुरु किया। विवि की 'डीन' (अकादमिक) हनीत गांधी ने बताया कि अब विद्यार्थी सीएसएएस पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। विवि के 69 कॉलेजों में कुल 71,624 सीट पर 79 पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश दिया जाएगा। करियर उन्मुख शिक्षा को बढ़ाने को विवि ने इनोवेटिव स्किल-बेस्ड कोर्सेज सेंटर (सीआईएसबीसी) के तहत कौशल आधारित कई पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश शुरू किये हैं। इन पाठ्यक्रमों में 'एसी-रेफ्रिजरेटर मरम्मत,एनीमेशन और मोशन ग्राफिक्स, बेकरी तथा हलवाई का काम शामिल हैं।

उपमुख्यमंत्री के भाई सुरेश को धोखाधड़ी में समन जारी

बेंगलुरु। ईडी ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के छोटे भाई और कांग्रेस नेता डीके सुरेश को स्थानीय महिला के खिलाफ धन शोधन की जांच से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में पूछताछ के लिए समन भेजा है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पूर्व सांसद सुरेश को 19 जून को पेश होने और धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

संघीय जांच एजेंसी ने स्थानीय महिला ऐश्वर्या गौड़ा (33) और कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी के खिलाफ छापे मारने के बाद अप्रैल में महिला को गिरफ्तार किया था। ईडी ने तब कहा था कि महिला ने कई नेताओं से निकटता का दावा किया और लोगों को सोने, नकदी तथा बैंक में जमा राशि पर उच्च रिटर्न का वादा कर उनसे धोखाधड़ी की।

दिल्ली-एनसीआर में हुई भारी बारिश, रेड अलर्ट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में मंगलवार को भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी करते हुए आंधी-तूफान के साथ ओलावृष्टि, मध्यम से भारी बारिश और कुछ स्थानों पर 50-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान जताया गया था। आईएमडी ने मध्यम स्तर के आंधी-तूफान की चेतावनी देते हुए जनता के लिए सुरक्षा परामर्श भी जारी किए।

मौसम विभाग के अनुसार, आकाशीय बिजली गिरने से खुले इलाकों में जान का खतरा हो सकता है। यातायात बाधित

हो सकता है और विमान या ट्रेन सेवाओं में विलंब हो सकता है। इसमें कहा गया कि लोगों को घरों के भीतर रहने और अनावश्यक रूप से यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। करंट से बचने के लिए बिजली से चलने वाले उपकरण भी बंद रखने की सलाह दी गयी है। लोगों को पेड़ या धातु से बनी संरचनाओं के नीचे शरण लेने और बिजली गिरने के दौरान बाहर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से आगाह किया गया है।

आईएमडी ने लोगों को उसकी वेबसाइट के जरिए और पुष्ट मीडिया माध्यमों के जरिए आधिकारिक जानकारी प्राप्त करने की सलाह दी है। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहा जो मौसम के औसत तापमान से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। सापेक्षिक आर्द्रता सुबह साढ़े 8 बजे 71 फीसदी रही। आईएमडी के अनुसार, अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।

दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम से 12 उड़ानों का मार्ग बदला

नई दिल्ली। दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण मंगलवार शाम 12 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में खराब मौसम के कारण अपराह्न तीन से चार बजे के बीच 12 उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन किया गया। एअर इंडिया ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि दिल्ली में खराब मौसम के कारण उड़नों का परिचालन प्रभावित हो रहा है और कुछ उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है। 'दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड' (डीआईएएल) द्वारा संचालित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है और वर्तमान में इसके तीन रनवे चालू हैं, जबकि एक रनवे सुधार कार्य के लिए बंद है।

अमरनाथ यात्रा के मार्गों को नो फ्लाइंग जोन किया घोषित

श्रीनगर, एजेंसी

- **उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश के बाद जम्मू कश्मीर के गृह विभाग ने लिया निर्णय**

जम्मू कश्मीर सरकार ने अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा उपायों को बढ़ाते हुए मंगलवार को यात्रा मार्गों को नो फ्लाइंग जोन (उड़ान निषिद्ध क्षेत्र) घोषित किया। यात्रा के लिए तीर्थयात्री दो मार्ग - पारंपरिक पहलगाम मार्ग और बालटाल मार्ग का इस्तेमाल करते हैं।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश पर जम्मू कश्मीर के गृह विभाग से जारी घोषणा में कहा गया कि इस क्षेत्र में 1 जुलाई से 10 अगस्त तक मानवरहित हवाई यान (यूएवी), ड्रोन, गुब्बारे समेत किसी भी प्रकार के विमानन यंत्र उड़ाना प्रतिबंधित है। यह पाबंदी मरीजों को विमान से ले जाने, आपदा प्रबंधन और सुरक्षा बलों द्वारा निगरानी उड़ानों पर लागू नहीं होगी। 3 जुलाई से शुरू अमरनाथ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न सुरक्षा बंदोबस्त किए जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी सलाह दी है कि यात्रा के पूरे मार्ग को 1 जुलाई से 10 अगस्त तक 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित किया जाए।

कप्तान के रूप में रोहित और विराट का मिश्रण हैं शुभमन

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोश बटलर का मानना है गिल पूरी स्वच्छंदता से नेतृत्व करेंगे

मुंबई, एजेंसी

जोस बटलर का मानना है कि भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल कप्तान के रूप में रोहित शर्मा और विराट कोहली का मिश्रण हैं लेकिन जब वह शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में राष्ट्रीय टीम की अगुआई करेंगे तो मैदान पर वह पूरी स्वच्छंद होकर टीम का नेतृत्व करेंगे।

इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम के पूर्व कप्तान बटलर इस वर्ष इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गिल की कप्तानी में खेले थे। उन्होंने कहा कि इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को कप्तानी की भूमिका और अपनी बल्लेबाजी के बीच संतुलन बनाना होगा। बटलर ने इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ अपने पॉडकास्ट 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' पर कहा वह वास्तव में प्रभावशाली खिलाड़ी है। जब वह बोलते हैं तो काफी शांत और संतुलित रहते हैं। मुझे लगता है कि मैदान पर खुद के लिए चुनौती पेश करते हैं। उनमें काफी जुनून होता है। मुझे लगता है कि कप्तान के रूप में वह कोहली और रोहित का मिश्रण होंगे।

उन्होंने कहा कोहली वास्तव में बहुत आक्रामक थे। उन्होंने भारतीय टीम को पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने उसे मुकाबले के लिए तैयार किया। रोहित थोड़े अलग थे। थोड़े शांत और संयमित, लेकिन उनमें गजब का जुझारूपन था।बटलर ने कहा, ''गिल ने इन दोनों से काफी कुछ सीखा है लेकिन वह मैदान पर पूरी तरह से अलग नजर आएंगे। बटलर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में भारत की कप्तानी करना देश में 'तीसरे या चौथे सबसे प्रभावशाली व्यक्ति' होने जैसा है। उन्होंने कहा गिल ने बल्लेबाजी और कप्तानी को अलग-अलग करने की बात की। इसलिए जब वह बल्लेबाजी करते हैं तो वह सिर्फ बल्लेबाज बने रहना चाहते हैं। इसके बाद वह अपने कप्तानी कौशल पर काम करेंगे और दोनों भूमिकाओं को अलग-अलग तरह से निभाने का प्रयास करेंगे। बटलर ने कहा मुझे नहीं लगता कि हम इन लोगों के स्टारडम के स्तर को समझ सकते हैं। आप आईपीएल में देखते हैं। वे इस स्टारडम में जीते हैं। मुझे लगता है कि भारतीय टेस्ट कप्तान भारत में प्रधानमंत्री के बाद तीसरा या चौथा सबसे प्रभावशाली व्यक्ति है।

नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल।

भारतीय टीम ट्रेन से लीड्स पहुंची, राणा भी टीम में शामिल

लीड्स : तेज गेंदबाज हर्षित राणा को विकल्प के तौर पर भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और वह टीम के बाकी सदस्यों के साथ ट्रेन से लीड्स पहुंचे, जहां इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला का पहला मैच खेला जाएगा। राणा भारत ए टीम का हिस्सा थे और उन्होंने कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला अनौपचारिक टेस्ट खेला था। लंबे कद के इस तेज गेंदबाज ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में पदार्पण किया था, लेकिन इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों के लिए 18 सदस्यीय टीम में उन्हें शामिल नहीं किया गया था। दिल्ली के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने दो टेस्ट, पांच वनडे और एक टी20 मैच खेला है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया उन्हें विकल्प के तौर पर शामिल किया गया है और वे आज टीम के साथ लीड्स पहुंचे। राणा को टीम के बाकी सदस्यों के साथ लीड्स ट्रेन स्टेशन से बाहर निकलते देखा गया। टीम लंदन से लीड्स पहुंची थी।पहला टेस्ट 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होगा। भारत ने बेकेनहैम में भारत ए के खिलाफ इंट्रा-स्क्वाड मैच खेला, जो इस श्रृंखला के लिए उनका एकमात्र अभ्यास मैच था। इससे पहले हालांकि लोकेश राहुल, करुण नायर, यशस्वी जायसवाल, शारदुल ठाकुर, ध्रुव जुरेल और नितीश रेड्डी जैसे खिलाड़ी ए टीम के साथ इंग्लैंड पहुंचे थे।

व्यावसायिक महत्व के मामले में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज एशेज के बराबर: ईसीबी सीईओ

लंदन : इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच आगामी पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला व्यावसायिक रूप से एशेज जितनी ही महत्वपूर्ण है। गोल्ड को उम्मीद है कि 2024 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निराशाजनक प्रदर्शन के बाद यह श्रृंखला इंग्लैंड के प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करेगी। पिछले साल देश के खेल प्रशंसक पेरिस ओलंपिक और यूरोप के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट यूरो से जुड़े हुए थे। श्रीलंका पर इंग्लैंड की श्रृंखला जीत के बाद लॉर्ड्स में खाली सीटें क्रिकेट के लिहाज से अच्छी तस्वीर पेश नहीं कर रही थीं।

गिल को सम्मान पाने के लिए रन बनाने होंगे

लंदन : भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक का मानना है कि शुभमन गिल को अभी भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी का पूरा एहसास नहीं हुआ होगा और ड्रेसिंग रूम में सम्मान हासिल करने के लिए इस युवा खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। यह गिल की कप्तानी में टीम की पहली परीक्षा होगी। कार्तिक ने 'स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पोडकास्ट' पर कहा मैं पहला सुझाव जो शुभमन गिल को देना चाहता हूं वह यह है कि आप अपनी कप्तानी की भूमिका सिर्फ क्षेत्ररक्षण करते समय निभाये। अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करें। गिल को ड्रेसिंग रूम में सम्मान पाने के लिए रन बनाने ही होंगे। एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) देशों में बल्लेबाज के रूप में उनका औसत ऐसा नहीं है जिस पर उन्हें गर्व होगा। गिल ने भारत के लिए 32 टेस्ट खेले है लेकिन एसईएनए देशों में वह नियमित तौर पर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। हाल ही में गिल का इंटरव्यू लेने वाले कार्तिक ने कहा मुझे नहीं लगता कि उन्हें अभी तक भारत के लिए टेस्ट कप्तान होने के महत्व का एहसास हुआ है। वह शेर की मांद में जा रहे हैं। एक क्रिकेट राष्ट्र के तौर पर इंग्लैंड में आना आसान नहीं है। कहा गिल की किस्मत हालांकि थोड़ी अच्छी है क्योंकि इंग्लैंड की गेंदबाजी उतनी मजबूत नहीं है।

● दिनेश कार्तिक का मानना है शुभमन को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना होगा

शास्त्री ने तीसरे नंबर पर सुदर्शन से बल्लेबाजी कराने का सुझाव दिया

लीड्स : भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री युवा साई सुदर्शन के टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में महत्वपूर्ण तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का समर्थन कर रहे हैं और चाहते हैं कि प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 'शानदार' प्रदर्शन करने वाले करुण नायर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करें। शास्त्री ने मंगलवार को आईसीसी रिव्यू में कहा यशस्वी जायसवाल होंगे और उनके साथ लोकेश राहुल होंगे क्योंकि मुझे लगता है कि यह उनके लिए एक बड़ा दौरा है। जब भारत ने पिछली बार इंग्लैंड का दौरा किया था तब उन्होंने (राहुल) पारी की शुरुआत की थी, शतक बनाया था और अच्छा दौरा रहा था।

श्रेयस को इंग्लैंड दौरे में होना चाहिए था: निक नाइट

नई दिल्ली : पूर्व सलामी बल्लेबाज निक नाइट का मानना है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की टेस्ट टीम में श्रेयस अय्यर की मौजूदगी टीम को बदलाव के दौर से गुजरने में मदद करती और साथ ही उन्होंने 20 जून से शुरू होने वाली सीरीज में कुलदीप यादव को मेहमान टीम के लिए संभावित तुरुप के पत्ते के रूप में चुना। अय्यर के टीम का हिस्सा नहीं होने के कारण नाइट को कुलदीप और साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें हैं।

सुदर्शन के लीड्स में पहले टेस्ट के दौरान टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने की उम्मीद है। विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद भारत के बल्लेबाजी क्रम में अनुभव की कमी है और अब जाने-माने कमेंटेटर नाइट ने शीर्ष क्रम को स्थिरता देने के लिए लोकेश राहुल को चुना। नाइट ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर भारत को 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली श्रृंखला जीतनी है तो 20 विकेट लेना महत्वपूर्ण होगा। इंग्लैंड के लिए 17 टेस्ट और 100 एकदिवसीय मैच खेलने वाले 55 साल के नाइट नहीं चाहते कि भारत अपनी बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए गेंदबाजी से समझौता करे। नाइट इस दौरान राहुल से काफी प्रभावित नजर आए। मैं लोकेश राहुल का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।

एक नजर

हम काफी अनुभवहीन थे और फिर भी जीत हासिल की: रबाडा

लंदन : दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने कहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीतना इसलिए और भी यादगार हो गया क्योंकि उनकी टीम 'काफी अनुभवहीन' थी और फिर भी उसने दिग्गजों से भरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। कप्तान तेम्बा बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए 27 साल के सूखे को समाप्त किया। रबाडा ने इस मैच में नौ विकेट लिए। रबाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा हम काफी अनुभवहीन टीम हैं जिसने लगभग एक साल पहले साथ खेलना शुरू किया, हम लंबे समय से एक-दूसरे के साथ नहीं हैं। इसके बावजूद हमने यह हासिल किया है। मैं इसे अपने जीवन में कभी नहीं भूलूंगा, कोई भी खिलाड़ी इसे नहीं भूलेगा।

भारत के जूनियर कंपाउंड तीरंदाज एशिया कप के फाइनल में

सिंगापुर : भारत के जूनियर कंपाउंड तीरंदाजों ने एशियाई कप चरण दो में अपना दबदबा कायम रखते हुए मंगलवार को यहां पुरुष और महिला दोनों व्यक्तिगत स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त कुशल दलाल ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश के हिमू बछार पर 147-143 से जीत दर्ज करके पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में जगह पक्की की जिससे उनका कम से कम रजत पदक पक्का हो गया है। दलाल ने क्वालीफिकेशन दौर में 714 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारत के 10वें वरीय सचिन चेची सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ माचोन से हार गए और कांस्य पदक के लिए उनका सामना बछार से होगा। महिलाओं के व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में भारत के लिए स्वर्ण और रजत पदक पक्का है क्योंकि शीर्ष वरीयता प्राप्त शानमुखी नागा साई बुड्डे और दूसरी वरीयता प्राप्त तेजल साल्वे भारतीय खिलाड़ियों के बीच होने वाले फाइनल में भिड़ेंगी।

भारतीय फुटबॉल टीम के सामने ताजिकिस्तान की चुनौती

नई दिल्ली : भारतीय अंडर-23 फुटबॉल टीम बुधवार को ताजिकिस्तान के खिलाफ मैत्री मुकाबले में उतरेगी तो उसकी कोशिश आगामी एएफसी अंडर-23 एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की होगी। यह मुकाबला दुशांबे के पास हिसोर सेंट्रल स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम इस दौरे पर शनिवार को दूसरे मैच में किर्गिज गणराज्य का सामना करेगी। भारत सितंबर में होने वाले क्वालीफायर के लिए बहरीन, कतर और ब्रुनेई दारुस्सलाम के साथ ग्रुप ई में है। टीम का लक्ष्य पहली बार इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने का है। कोच नौशाद मूसा की देखरेख में भारत के 23 खिलाड़ियों का दल सोमवार शाम को दुशांबे पहुंचा और उसने मंगलवार को 90 मिनट के अभ्यास सत्र में भाग लिया। ताजिकिस्तान अंडर-23 टीम ने अपने पिछले दोनों मुकाबले संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ खेले हैं।

आईसीसी चार दिवसीय टेस्ट के लिए तैयार

लंदन, एजेंसी

● छोटे देशों के लिए तैयार की जा रही योजना

● भारत, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया पांच दिनी मैच ही खेलेंगे

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027-29 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है। हालांकि भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे पांच दिवसीय मैच खेल सकते हैं। यहां एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की सीरीज खेलने में मदद मिलेगी। 'द गार्डियन' समाचार पत्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था। इसमें कहा गया है इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी। आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए चार दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी। इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था।

रिपोर्ट के अनुसार कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से तीन टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला तीन सप्ताह से भी कम समय में खेली जा सकेगी। इसमें कहा गया है समय को बर्बाद करने से बचने के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई।

जसप्रीत बुमराह।

कप्तानी नहीं करने के बारे में बता दिया था: बुमराह

लीड्स, एजेंसी : दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि उन्होंने अपनी फिटनेस और गेंदबाजी पर अधिक ध्यान देने के लिए बीसीसीआई को पहले ही बता दिया था कि वह भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी नहीं करना चाहते।

भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के साथ 'स्काई स्पोर्ट्स' पर बातचीत के दौरान बुमराह ने कहा इसमें कोई काल्पनिक कहानी नहीं है। ऐसा कोई विवाद या कोई सनसनी फैलाने वाली बात नहीं है कि मुझे कप्तानी से दरकिनार किया गया। मैंने रोहित और विराट के संन्यास लेने से पहले ही आईपीएल के दौरान बीसीसीआई से इस सीरीज को लेकर अपने गेंदबाजी प्रबंधन के बारे में बात की थी। मैंने उन लोगों से बात की है जिन्होंने मेरी पीठ का इलाज किया है। मैंने सर्जन से भी बात की है, जिन्होंने मुझसे कहा है कि आपको अपनी गेंदबाजी और फिटनेस को लेकर समझदारी से काम करना होगा।

> मैंने बीसीसीआई को फोन किया और कहा कि मुझे टीम के कप्तान की भूमिका में नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि मैं पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के सभी मुकाबले नहीं खेल पाऊंगा।
>
> –जसप्रीत बुमराह

स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंची

दुबई, एजेंसी

भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं।

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाये जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं। उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 की शुरुआत से शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी। भारतीय सलामी बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में शतक बनाया था। इससे उन्हें अपनी रैंकिंग में सुधार करने में मदद मिली। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में भी चौथे स्थान पर हैं।

सबालेंका ने गॉफ से माफी मांगी

बर्लिन : बेलारूस की स्टार टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने पत्र लिखकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ पर की गई गैर पेशेवर टिप्पणियों के लिए मंगलवार को माफी मांग ली।

गॉफ ने विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका को इस महीने की शुरुआत में फ्रेंच ओपन के फाइनल में हराया था। मैच के बाद सबालेंका ने कहा था कि यह मेरा फाइनल मैच में सबसे खराब प्रदर्शन रहा। मेरी गलतियों के कारण गॉफ ने खिताब जीता। सबालेंका ने आज कहा कि उन्हें अपनी टिप्पणियों पर खेद है। यह मेरे लिए बिल्कुल भी पेशेवर नहीं था। मैंने अपनी भावनाओं को हावी होने दिया।

नीदरलैंड ने नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हराकर नया रिकॉर्ड बनाया

ग्लासगो, एजेंसी

नीदरलैंड ने यहां टी20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के मैच में नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हरा कर नया रिकॉर्ड बनाया। टी20 या लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास में यह पहला अवसर है, जबकि किसी मैच का परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला। माइकल लेविट ने सोमवार की रात को खेले गए इस मैच में तीसरे सुपर ओवर में छक्का लगाकर आखिर में नीदरलैंड को जीत दिलाई। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी क्योंकि नेपाल को आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे। नेपाल के निचले क्रम के बल्लेबाज नंदन यादव ने हालांकि अंतिम ओवर में दो चौके लगाए। उन्होंने आखिरी गेंद पर भी चौका लगाया, जिससे नेपाल आठ विकेट पर 152 रन बनाकर स्कोर बराबर करने में सफल रहा। कुशाल भुर्टेल ने 18 रन बनाकर नेपाल को पहले सुपर ओवर में 19 रन तक पहुंचाया लेकिन नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडॉव ने पांचवीं और छठी गेंद पर क्रमशः छक्का और चौका लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। नीदरलैंड ने दूसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी की और 17 रन बनाए। लेकिन नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने काइल क्लेन की आखिरी गेंद को छक्के के लिए भेज कर मैच को नए मोड़ पर खड़ा कर दिया। नेपाल तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर जैक लायन कैशेट ने चार गेंदों में बिना कोई रन दिए दो विकेट लेकर नेपाल का ओवर जल्दी समाप्त कर दिया। नीदरलैंड को इस तरह से मैच जीतने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी, पर लेविट ने संदीप लामिछाने के ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़कर मैच का शानदार अंत किया।

ओलंपिक 2036 की मेजबानी भारत के लिए फायदेमंद होगी

नई दिल्ली, एजेंसी

साक्षात्कार

खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे। ● एजेंसी

● खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा भारत का उद्देश्य है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करना

खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी महज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संदेश देने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और देश के युवाओं को प्रभावित करने वाले सामाजिक मुद्दों से निपटने की एक सुविचारित योजना भी है।

महाराष्ट्र के रावेर निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार लोकसभा सांसद रह चुकी 38 वर्षीय खड़से ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में इस आलोचना को खारिज कर दिया कि देश को ओलंपिक की मेजबानी जैसे खर्चीले आयोजन का लक्ष्य रखने से पहले देश को खेल महाशक्ति बनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यहां अपने कार्यालय में बातचीत में कहा खड़से ने कहा खेल अवसाद और यहां तक कि नशीली दवाओं की लत जैसी कई समस्याओं से निपटने का एक तरीका है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए जब आप ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं। खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी अगले महीने गति पकड़ लेगी, जब खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल पिछले साल अपना आशय पत्र सौंपने के बाद अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के साथ चर्चा के लिए लुसाने जाएगा। खड़से ने कहा, ''इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ओलंपिक की मेजबानी करके हम एक संदेश देंगे। यह इस बात का संकेत है कि आप एक विकसित देश हैं। लेकिन साथ ही, यह युवाओं को राष्ट्र-निर्माता के रूप में नेतृत्व करने का अवसर भी देता है। उन्होंने कहा कि खेलों की मेजबानी और भारतीय खेलों के विकास को अलग-अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए।

खेल मंत्रालय का कार्यभार संभालने वाली दूसरी महिला और सबसे कम उम्र की खड़से ने कहा हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि खर्च किया गया प्रत्येक रुपया देश को भविष्य में लाभ पहुंचाए। पेरिस ओलंपिक 2024 की लागत नौ अरब डॉलर से ज़्यादा थी, जबकि लॉस एंजिल्स में होने वाले 2028 के खेलों के लिए सात अरब अमेरिकी डॉलर से ज़्यादा खर्च होने का अनुमान है। कई बार ऐसा होता है कि अनुमानित लागत अंतिम खर्च से काफ़ी ज़्यादा होती है।

इन फायदों का है उद्देय

ओलंपिक 2036 या राष्ट्रमंडल खेल 2030 जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी की तैयारी का मतलब है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, आर्थिक निवेश और एक ऐसी प्रणाली को तैयार करना है जिसका फायदा सीधे खिलाड़ियों को मिलेगा। यदि मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं।

विश्व कप के बाद वनडे से संन्यास लेंगी सोफी डिवाइन

ऑकलैंड, एजेंसी

न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन।

न्यूजीलैंड महिला टीम की कप्तान और ऑलराउंडर सोफी डिवाइन इस साल के आखिर में भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को महिला क्रिकेट में सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है।

उन्होंने 152 वनडे में 31.66 की औसत और आठ शतकों की मदद से 3990 रन बनाए हैं। उन्होंने 146 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक शतक के साथ 3431 रन भी बनाए हैं। डिवाइन ने वनडे और टी20 में क्रमशः 107 और 119 विकेट लिए हैं। उन्होंने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा मंगलवार को जारी बयान में डिवाइन ने कहा, मुझे लगता है कि मेरे लिए फैसला करने का यह सही समय है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस फैसले पर पहुंचने में मेरी मदद की। इसका मतलब है कि मैं अब भी न्यूजीलैंड की तरफ से खेल सकती हूं।

पहला एक्स्ट्राडोज्ड ब्रिज

गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर गुवाहाटी को उत्तरी गुवाहाटी से जोड़ने वाले छह लेन के हाईटेक एक्सट्राडोज्ड पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। करीब 2,608 .68 करोड़ रुपये लागत के इस पुल का निर्माण मार्च 2026 में पूरा होने की उम्मीद है। लगभग 1.24 किलोमीटर लंबाई का यह देश का पहला एक्सट्राडोज्ड पुल होगा। एजेंसी

अमेरिका की आव्रजन नीति में बदलाव
पूरी दुनिया में हलचल

अमेरिकी सरकार की इसके पीछे धारणा यह है कि आर्थिक मंदी के कारण रोज़गार के कम अवसरों के मद्देनजर प्रवासियों को प्रवेश की अनुमति देना स्थानीय नागरिकों के अधिकारों के साथ अन्याय है। मेक्सिको की अर्थव्यवस्था के लिए यह प्रवास और भी हानिकारक है क्योंकि अमेरिका में ज्यादा मजदूरी के कारण वहां से प्रतिभा का पलायन हो रहा है। पुरुषों के ज्यादा पलायन ने मेक्सिको में पुरुषों लिंगानुपात भी असंतुलित होने लगा है। हाल ही में ट्रंप के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद से ही अमेरिका में संरक्षणवाद और अमेरिका फर्स्ट जैसी नीतियों पर काम शुरू किया गया है। नए नियम के लागू होने के बाद अमेरिकी प्रशासन उन प्रवासी परिवारों को वापस भेजने के लिए स्वतंत्र होगा जो अवैध रूप से सीमा पार करते हुए पकड़े गए हैं और आवासीय केंद्रों में रह रहे हैं।

ये बदलाव हुए हैं अमेरिका की आव्रजन नीति में

- **एच-1बी वीजा प्रणाली में संशोधन :** अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रणाली में बदलाव किए हैं, जिसके तहत केवल उच्चतम स्कोर वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे भारतीय आईटी पेशेवरों के लिए वीज़ा प्राप्ति की प्रक्रिया और कठिन हो सकती है।
- **परिवार-आधारित आव्रजन में कड़े नियम :** परिवारों के लिए आव्रजन प्रक्रिया को और कठिन बना दिया गया है, जिससे भारतीय परिवारों को स्थाई निवास प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है।
- अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई : अमेरिका ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की है, जिससे भारतीय प्रवासियों के लिए अनिश्चितता बढ़ गई है।

पूरी दुनिया पर प्रभाव

- वैश्विक श्रम बाजार में असंतुलन : अमेरिका में आव्रजन में कमी से वैश्विक श्रम बाजार में असंतुलन उत्पन्न हुआ है, जिससे अन्य देशों में श्रमिकों की मांग बढ़ी है।
- वैश्विक व्यापार पर असर : अमेरिका की नई आव्रजन नीति के कारण वैश्विक व्यापारिक संबंधों में तनाव बढ़ा है, विशेषकर उन देशों के साथ जिनके नागरिकों की संख्या अमेरिका में अधिक है।

भारत को संभावित नुकसान

- एच-1बी वीजा प्राप्त करने में कठिनाई से भारतीय आईटी कंपनियों में उच्च गुणवत्ता वाले पेशेवरों की कमी हो सकती है।
- अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर कड़ी कार्रवाई से भारतीय प्रवासियों की स्थिति असुरक्षित हो सकती है।
- अमेरिका में भारतीयों की संख्या में कमी से भारत को मिलने वाली रेमिटेंस में गिरावट आ सकती है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।

नई नीति से अमेरिका को फायदा

- आव्रजन में कमी से अमेरिका में स्थानीय नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं।
- अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा में सुधार हो सकता है।
- आव्रजन में कमी से अमेरिका के सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों पर दबाव कम होगा, वह आर्थिक संसाधनों की कमी से उबरेगा।

एच-1बी वीजा : एक गैर-आप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को कुछ विशिष्ट व्यवसायों में विदेशी श्रमिकों को नियुक्त करने की अनुमति देता है। यह वीजा विशेष ज्ञान और कौशल वाले व्यक्तियों के लिए है जो अमेरिका में काम करना चाहते हैं।

एक नजर

हैदराबाद से अदीस अबाबा तक सीधी उड़ान सेवा शुरू

हैदराबाद। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन करने वाले जीएमआर समूह ने मंगलवार को हैदराबाद से इथियोपिया के अदीस अबाबा के लिए नयी सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की। जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अनुसार मंगलवार को उद्घाटन उड़ान, एक उत्सव समारोह के बाद अदीस अबाबा के लिए सफलतापूर्वक रवाना हुई, जिसमें जीएचआईएएल के वरिष्ठ अधिकारियों, इथियोपिया की एयरलाइंस के प्रमुख अधिकारियों और हवाई अड्डे के अन्य हितधारकों ने भाग लिया।

पाक नागरिक के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट में केस

कोलकाता। ईडी ने एक पाकिस्तानी नागरिक आजाद मलिक के खिलाफ धन शोधन मामले में पीएमएलए कोर्ट में अभियोजन शिकायत दायर की है। अदालत ने आरोपी के खिलाफ नोटिस जारी कर अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित कर दी है। पाकिस्तानी नागरिक आजाद मलिक उर्फ अहमद हुसैन आजाद को ईडी ने अप्रैल मध्य में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बिरती जिले से गिरफ्तार किया। वह बंगलादेशी नागरिकों के लिए फर्जी दस्तावेज बनवाकर उन्हें पश्चिम बंगाल व अन्य हिस्सों में बसाने का काम करता था।

वियतनाम में तूफान की घटनाओं में सात लोग मरे

हनोई। वियतनाम में 'वुतिप' तूफान के कारण भारी बारिश और बाढ़ से मध्य क्षेत्र में सात लोगों की मौत हो गई है तथा कृषि एवं संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। प्राकृतिक आपदा निवारण विभाग के अनुसार क्वांग बिन्ह प्रांत में चार और क्वांग त्रि प्रांत में तीन लोगों की मौत हुई है। रिपोर्टों के अनुसार बाढ़ के कारण 33,000 हेक्टेयर से अधिक चावल के खेत और हजारों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि जलमग्न हो गई है।

ह्यूस्टन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जश्न शुरू

ह्यूस्टन। अमेरिका के ग्रेटर ह्यूस्टन इलाके में पार्क से लेकर सामुदायिक केंद्रों में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 50 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इंडिया हाउस और कई अन्य सहयोगी संगठनों के साथ मिलकर ये कार्यक्रम आयोजित किए हैं। ये कार्यक्रम 14 जून को शुरू हुए हैं और 30 जून तक आयोजित किए जाएंगे जिसमें सभी आयु और वर्गों के लिए योग सत्र, कार्यशाला और वर्चुअल कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा।

प. एशिया के हवाई क्षेत्र बंद, लाखों फंसे

ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष और तेज होने की आशंका से लोगों में दहशत का माहौल

बेरूत, एजेंसी

दो कट्टर दुश्मनों ईरान और इजराइल के बीच कई दिन से जारी वार-पलटवार ने उनके उथलपुथल भरे इतिहास में एक नया अध्याय खोल दिया है। दोनों देशों में लोगों में व्यापक संघर्ष की आशंका से दहशत का माहौल है। हर रात आसमान में आग के गोले दिखने से यह दहशत और बढ़ रही है। इस संघर्ष ने पश्चिम एशिया के अधिकतर देशों को अपने हवाई क्षेत्र बंद करने पर मजबूर कर दिया है। दर्जनों हवाई अड्डों ने सभी उड़ानें रोक दी हैं या परिचालन में भारी कटौती की है, जिससे हजारों यात्री फंसे हुए हैं।

इजराइल ने अपने मुख्य अंतरराष्ट्रीय बेन गुरियन हवाई अड्डे को अगली सूचना तक बंद कर दिया है, जिससे 50,000 से अधिक इजराइली यात्री विदेश में फंस गए हैं। देश की तीन विमानन कंपनियों के जेट विमानों को लारनाका ले जाया गया है। ईरान ने शुक्रवार को तेहरान के बाहरी इलाके में स्थित देश के मुख्य खोमेनी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानों को निलंबित कर दिया। इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने मेहराबाद हवाई अड्डे पर बमबारी की, जो तेहरान में ईरान की वायु सेना और घरेलू वाणिज्यिक उड़ानों के लिए सुविधा प्रदान करता है। कई छात्र ईरान, इराक और अन्य जगहों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

हजारों भारतीय छात्र भी ईरान में फंस गए हैं। इनमें से एक अरसलान अहमद ने बताया कि बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है। तेहरान में वे लोग अपने छात्रावासों से तक बाहर नहीं निकल रहे हैं और हमलों से बुरी तरह भयभीत हैं। उन्हें नहीं पता कि उन्हें कब सुरक्षा मिलेगी। अहमद ने कहा, हम जो टेलीविजन पर देख रहे हैं, वह बहुत डरावना है लेकिन इससे भी ज्यादा भयानक कुछ कान के पर्दे फाड़ देने वाले विस्फोट हैं। विश्वविद्यालयों ने ईरान में कई छात्रों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद की है।

इजराइल के ड्रोन हमले के बाद ईरान की नेटवर्क बिल्डिंग में लगी आग।

अमेरिकी खुफिया अधिकारियों ने कहा- ईरान नहीं बना रहा परमाणु हथियार, ट्रंप ने नकारा

वाशिंगटन। अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने इस वर्ष की शुरुआत में अमेरिकी संसद के समक्ष गवाही देते समय बताया था कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा है, उसके सर्वोच्च नेता ने स्थगित किए जा चुके कार्यक्रम को पुन: मंजूरी नहीं दी है लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को वाशिंगटन वापस आते समय उड़ान के दौरान अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के इस आकलन को खारिज कर दिया। ट्रंप ने कहा, मुझे परवाह नहीं है कि उन्होंने क्या कहा। उनका मानना है कि ईरान परमाणु बम बनाने के बहुत करीब है। ट्रंप के बयान ने उन्हें खुद के शीर्ष खुफिया सलाहकार के बजाय इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ खड़ा कर दिया है, जिन्होंने परमाणु हथियार संपन्न ईरान को एक खतरा बताया है।

ईरान का परमाणु स्थल बना इजराइली हमलों का निशाना

दुबई। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने मंगलवार को कहा कि ईरान के नतांज संवर्धन स्थल पर इजराइल के हवाई हमलों का वहां के भूमिगत सेंट्रीफ्यूज हॉल पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा है। एजेंसी ने पहली बार नतांज के भूमिगत हिस्से में हमलों से हुए नुकसान का आकलन किया है, जो ईरान के परमाणु कार्यक्रम का मुख्य संवर्धन केंद्र है। एजेंसी ने कहा, शुक्रवार के हमलों के बाद उपग्रह चित्रों के विश्लेषण से अतिरिक्त तत्वों की पहचान हुई है।

नेतन्याहू ने जताई ईरान में तख्तापलट की मंशा

तेल अवीव/तेहरान। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के साथ जारी युद्ध को वहां के दुष्ट शासकों से मुक्त करने का अभियान बताते हुए साफ किया है कि उनके दिन अब लद गए है और वहां स्वतंत्रता की मशाल जल चुकी है। नेतन्याहू ने ईरान इंटरनेशनल से कहा, ईरान के खिलाफ इजराइल का सैन्य अभियान उसके लोगों को इस्लामिक गणराज्य को उखाड़ फेंकने का मौका दे रहा है। आपकी स्वतंत्रता का समय निकट है। उन्होंने ईरान पर इजराइल को नष्ट करने को परमाणु बम बनाने का आरोप लगाया।

जी 7 में फैसला, परमाणु हथियारों से दूर रहे ईरान

कनैनिस्किस (कनाडा)। कनाडा में आयोजित जी-7 देशों के नेताओं की बैठक में एक संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें इजराइल और ईरान के बीच लड़ाई में तनाव कम करने का आह्वान किया गया। साथ ही इसमें इस बात पर भी जोर दिया गया कि है ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए। बयान में कहा गया है, हम, जी-7 के नेता, पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। इस संदर्भ में, हम पुष्टि करते हैं कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। हम इजराइल की सुरक्षा के लिए अपना समर्थन दोहराते हैं।

भारत ने 2024 में परमाणु हथियारों का बढ़ाया जखीरा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और पाकिस्तान सहित दुनिया के लगभग सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देशों ने 2024 में अपने परमाणु हथियारों को न केवल उन्नत बनाने की प्रक्रिया को जारी रखा बल्कि अपने हथियारों का जखीरा बढ़ाया भी है।

वैश्विक विचारक समूह स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। सिपरी ने एक बयान में कहा कि ऐसा अनुमान है कि भारत ने 2024 में एक बार फिर अपने परमाणु हथियारों के जखीरे का थोड़ा विस्तार किया है और नयी प्रकार की परमाणु हथियार प्रणालियों का विकास जारी रखा है। पाकिस्तान ने 2024 तक परमाणु हथियारों की नयी वितरण प्रणालियां विकसित करना और परमाणु हथियारों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री एकत्रित करना भी जारी रखा है। पाकिस्तान की योजना आगामी दशक में अपने परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने की है। विचारक समूह सिपरी ने सोमवार को अपनी वार्षिक पुस्तक-2025 में शस्त्रीकरण, निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति का अपना वार्षिक मूल्यांकन जारी किया।

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट

दुनिया भर में 12,241 परमाणु हथियार

सिपरी ने कहा, लगभग सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देश - अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजराइल ने 2024 में अपने परमाणु हथियारों को उन्नत बनाने के साथ-साथ हथियारों के जखीरे को भी बढ़ाने का काम किया। सिपरी का दावा है कि जनवरी 2025 में दुनिया भर में 12,241 परमाणु हथियारों की कुल संख्या थी। जिनमें से लगभग 9,614 हथियार संभावित इस्तेमाल के लिए सैन्य भंडार में थे।

वार्षिक पुस्तक के विमोचन पर दिए गए वक्तव्य में भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष का भी उल्लेख किया गया है। सिपरी ने अपनी वार्षिक पुस्तक में शस्त्रीकरण, निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति का देशवार मूल्यांकन प्रस्तुत किया है।

ब्रिटेन में चोकसी का भारत पर अपहरण का आरोप

लंदन, एजेंसी

- भारतीय अधिकारियों को आरोपों को गलत बताकर आपत्ति जताई

पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित व्यवसायी मेहुल चोकसी ने लंदन के हाईकोर्ट में भारत सरकार और पांच व्यक्तियों पर अपने अपहरण, यातना और प्रत्यर्पण के प्रयास के लिए षड्यंत्रकारी के रूप में मुकदमा दायर किया है। भारतीय प्राधिकारियों ने आरोपों से इनकार किया है और राज्य प्रतिरक्षा के आधार पर ब्रिटेन के क्षेत्राधिकार पर आपत्ति जताई है।

सोमवार को न्यायमूर्ति फ्रीडमैन के समक्ष मामले की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान, अदालत को बताया गया कि चोकसी का दावा है कि मई 2021 में भारत सरकार के निर्देश पर अपहरण की कोशिश के तहत उसे प्रताड़ित किया गया था। भारतीय पक्ष ने इस सप्ताह अदालत को बताया कि चोकसी ने भारत के खिलाफ बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें कहा गया है कि भारत ने उसका अपहरण करने और नुकसान पहुंचाने की एक अंतरराष्ट्रीय साजिश रची थी। वकील हरीश साल्वे ने भारतीय अधिकारियों की ओर से दलील दी, भारत का पक्ष यह है कि वर्तमान दावा इस मंशा से आगे बढ़ाया जा रहा है कि भारत को शर्मिंदा किया जाए और प्रतिवादी द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रत्यर्पण से बचने के प्रयासों के तहत दबाव बढ़ाया जा सके।

सीतारमण ने लद्दाख में एनएलएसटी परियोजना स्थल का किया दौरा

लेह। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में पैंगोंग झील के पास राष्ट्रीय वृहद सौर दूरबीन (एनएलएसटी) परियोजना स्थल का दौरा किया।

अधिकारियों ने बताया कि चार दिवसीय दौरे पर आईं सीतारमण ने चुशुल गांव में 'रेजांग ला' युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और देश की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। एनएलएसटी परियोजना का लक्ष्य लद्दाख में पैंगोंग त्सो झील के पास लगभग 4,200 मीटर की ऊंचाई पर दो मीटर श्रेणी का 'ऑप्टिकल' और इन्फ्रारेड (आईआर) दूरबीन का निर्माण करना है।

रूस के हमले से कीव में 15 की मौत

रात भर ड्रोन और मिसाइलों से हमला, घरों में सो रहे थे लोग

कीव, एजेंसी

रूस ने यूक्रेन पर रात को उस समय मिसाइल और ड्रोन से हमले किए जब ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे, जिससे कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी और 116 अन्य घायल हो गए। हमलों में मुख्य रूप से राजधानी कीव को निशाना बनाया गया।

कीव शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमुर तकाचेंको ने बताया कि रातभर हुए हमले और बमबारी से नौ मंजिला एक रिहायशी इमारत ध्वस्त हो गई तथा कई अपार्टमेंट नष्ट हो गए हैं। आपातकालीन कर्मी मलबे से लोगों को बचाने के लिए घटनास्थल पर मौजूद हैं। यह हाल के महीनों में यूक्रेन की राजधानी में हुए सबसे घातक हमलों में से एक है और हमला ऐसे वक्त में हुआ है, जब युद्ध को खत्म करने के लिए दो दौर की शांति वार्ता बेनतीजा रही है। रूस ने दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा में भी ड्रोन हमले किए, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। यह हमला करीब नौ घंटे तक चला और यह कीव को निशाना बनाकर किया गया नया ड्रोन और मिसाइल हमला है। यह हमला ऐसे वक्त में किया गया है कि जब विश्व नेता कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए जुटे हुए हैं।

रूस की मिसाइल से कीव में तहस-नहस हुई नौ मंजिला इमारत।

ऑपरेशन सिंदूरः सेना का पूर्व सेना प्रमुखों के साथ विचार मंथन

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भविष्य की चुनौतियों तथा आकस्मिक स्थितियों से और बेहतर ढंग से निपटने की तैयारियों में जुटी सेना ने मंगलवार को पूर्व सेना प्रमुखों के साथ इस ऑपरेशन के बारे में विस्तार से चर्चा की। पूर्व सेना प्रमुखों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए सिफारिशें और सलाह साझा की।

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मंगलवार को पूर्व सेना प्रमुखों के साथ दो दिन के 'चीफ्स चिंतन' सम्मेलन में गहन विचार मंथन किया। ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में आयोजित सम्मेलन का उद्देश्य पूर्व सेना प्रमुखों के संस्थागत ज्ञान और अनुभव का लाभ उठाने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

नए वीडियो में छत से कूदते दिखे लोग

विमान हादसा

- पांच दिन सामने आया विमान दुर्घटना का नया वीडियो
- लपटों में घिरी मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग से कूद रहे हैं लोग

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद का एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें 12 जून को एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 के बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में टकराने के बाद वहां के घबराए हुए निवासी पांच मंजिला इमारत की बालकनी से कूदते या कूदने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं।

इस खौफनाक वीडियो के एक हिस्से में एक महिला बालकनी से महज रेलिंग के सहारे नीचे उतरने की कोशिश करती नजर आ रही है, जबकि घटनास्थल से कुछ ही मीटर की दूरी पर आग की ऊंची लपटें उठ रही हैं। पृष्ठभूमि में, परिसर की परिधीय दीवार के ऊपर से वीडियो बनाने वाले लोग चिल्लाते हुए सुने जा सकते हैं क्योंकि उन्हें डर है कि महिला गिर सकती है और उसे चोट लग सकती है। बाद में, एक आदमी भी इसी तरह नीचे उतरने की कोशिश करता हुआ दिखायी देता है। विमान दुर्घटना में विमान में सवार 241 तथा जमीन पर मौजूद पांच एमबीबीएस छात्र सहित 29 लोग मारे गए थे।

डीएनए से 163 मृतकों की पहचान, 124 शव सौंपे गए

अहमदाबाद। अब तक डीएनए मिलान से 163 मृतकों की पहचान कर 124 शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने कहा, बाकी शव जल्द ही पहचान के बाद सौंप दिए जाएंगे। जोशी ने बताया कि दुर्घटना के बाद अस्पताल में भर्ती 71 घायलों में से नौ का उपचार जारी है, जबकि दो की इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने उन खबरों को खारिज किया, जिनमें दावा किया गया था कि सिविल अस्पताल से संबद्ध बीजे मेडिकल कॉलेज के दो और एमबीबीएस छात्र दुर्घटना में मारे गए हैं।

अब तक बोइंग 787 विमानों की 66 उड़ानें रद्द

नई दिल्ली। अहमदाबाद में विमान हादसे के बाद डीजीसीए के नए सुरक्षा दिशानिर्देशों के कारण अब तक बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों की 66 उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। डीजीसीए ने एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की, इसमें उसने बोइंग 787 बेड़े पर विशेष ध्यान देते हुए एयर इंडिया के व्यापक संचालन के लिए हाल के परिचालन आंकड़ों की समीक्षा की।

अध्ययन

सीईपीटी विश्वविद्यालय ने जलवायु प्रौद्योगिकी कंपनी के साथ अध्ययन कर जारी की रिपोर्ट

दिल्ली में साल के सिर्फ तीन दिन साफ आबोहवा में सांस लेने वाले

तापीय रूप से आरामदायक घंटे केवल 2210, जिसमें बाहरी तापमान 18 और 31 डिग्री के बीच

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में वर्ष में केवल तीन प्रतिशत घंटे ही सेहत के लिए सुरक्षित स्वच्छ वायु और सुहाने मौसम वाले होते हैं। एक नए अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। सीईपीटी विश्वविद्यालय और एक जलवायु-प्रौद्योगिकी कंपनी द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक दिल्ली में लगभग 2,210 तापीय रूप से आरामदायक घंटे दर्ज किए गए हैं, जिनमें बाहरी तापमान 18 डिग्री सेल्सियस से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच था।

अध्ययन के मुताबिक 1,951 घंटे खराब वायु गुणवत्ता (वायु गुणवत्ता सूचकांक 150 से ऊपर) के भी होते हैं। इस प्रकार वर्ष में केवल 259 घंटे ही बचते हैं, जो लगभग तीन प्रतिशत है, जब दिल्लीवासी स्वच्छ वायु और सुखद तापमान दोनों का आनंद ले सकते हैं। 'इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ इंडोर एयर क्वालिटी' के आठ जून को आयोजित 'हेल्दी बिल्डिंग 2025' सम्मेलन में प्रस्तुत अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया कि गर्मी और वायु प्रदूषण का एक साथ होना सुरक्षित प्राकृतिक आबोहवा के अवसरों को गंभीर रूप से सीमित कर देता है।

अध्ययन के मुताबिक दिल्ली की तुलना में, बेंगलुरु में 8,100 घंटे से ज्यादा समय स्वीकार्य वायु गुणवत्ता और सुखद तापमान की स्थिति रही। अहमदाबाद में गर्मी होने के बावजूद बाहरी परिस्थितियां ज्यादा अनुकूल रहीं। हालांकि, दिल्ली की तरह चेन्नई में भी 88 प्रतिशत आरामदायक घंटे खराब वायु गुणवत्ता के कारण प्रभावित हुए। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि अध्ययन से खुलासा होता है कि गर्मी और प्रदूषण का अभिसरण भारतीय महानगरों में व्यापक होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक भवन निर्माण कार्य, चाहे पूरी तरह से सीलबंद वातानुकूलित स्थानों पर आधारित हो या बिना फिल्टर वाले प्राकृतिक वेंटिलेशन पर आधारित हो, अब शहरी भारत की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाते।

आमतौर पर भीषण वायु प्रदूषण का सामना करते हैं दिल्ली के लोग।

पीईसीएस को मुख्य धारा में लाने की सिफारिश

इस चुनौती से निपटने के लिए भारतीय भवनों में वैयक्तिक पर्यावरण नियंत्रण प्रणालियों (पीईसीएस) को मुख्यधारा में लाने की सिफारिश की गई है। ये प्रणालियां हवा के संचरण को नियंत्रित करती हैं और आदर्श तापमान बनाए रखती हैं तथा विशेष रूप से मिश्रित-मोड वाली इमारतों में उपयोगी होती हैं, जो दिन के समय, मौसम या प्रदूषण के स्तर के आधार पर प्राकृतिक और यांत्रिक हवा निकासी के बीच बदलाव करती हैं। अनुसंधानकर्ताओं द्वारा तैयार 'मॉडल' में पाया गया कि पीईसीएस पारंपरिक वातानुकूलित व्यवस्थाओं की तुलना में चेन्नई में वेंटिलेशन के लिए उपयोग की जाने वाली ऊर्जा में 72 प्रतिशत, अहमदाबाद में 70 प्रतिशत और दिल्ली में 68 प्रतिशत तक की बचत कर सकती हैं।